

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,मंगलवार 21 अप्रैल 2026 ■ बैसाख शुक्ल पक्ष-4 ■ वर्ष -42 ■ अंक-023 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 22 अप्रैल 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## डिग्री नहीं, अनुभव जरूरी: सुप्रीम कोर्ट

### बिना एक्सपीरियंस सरकारी नौकरी नहीं



**नई दिल्ली,21 अप्रैल।** सुप्रीम कोर्ट ने सार्वजनिक रोजगार और भर्ती प्रक्रिया को लेकर एक अत्यंत महत्वपूर्ण और दूरगामी फैसला सुनाया। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि सरकारी नौकरियों के लिए केवल उच्च शैक्षणिक योग्यता होना ही किसी उम्मीदवार को उस पद के लिए पात्र नहीं बनाता, यदि वह भर्ती नियमों के तहत निर्धारित अनिवार्य अनुभव की शर्तों को पूरा नहीं करता हो। जस्टिस जे.के. माहेश्वरी और जस्टिस ए.एस. चंदुरकर की पीठ ने हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड में कंप्यूटर हार्डवेयर इंजीनियर के पद पर हुई एक नियुक्ति को रद करते हुए यह टिप्पणी की। कोर्ट ने माना कि भर्ती प्रक्रिया में नियमों की अनदेखी की गई थी, जो कानूनन स्वीकार्य नहीं है। अनिवार्य योग्यता बनाम अधिमान्य योग्यता का अंतर कोर्ट ने अपने फैसले में 'अनिवार्य योग्यता' और 'अधिमान्य योग्यता' के बीच के महीन अंतर को रेखांकित किया। मामले के अनुसार, चयनित उम्मीदवार के पास इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन में 'एम.टेक' की डिग्री तो थी, लेकिन पद के लिए आवश्यक 'पांच साल का कार्य अनुभव' नहीं था। पीठ ने कहा कि अनुभव की कमी को ऊंची डिग्री के आधार पर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। यदि विज्ञापन में अनुभव को अनिवार्य शर्त बनाया गया है, तो उसे पूरा करना ही होगा।

कोर्ट के शब्दों में, ''किसी उम्मीदवार के पास उच्च डिग्री होना उसे 'अन्यथा पात्र' नहीं बना देता, विशेषकर तब जब वह बुनियादी पात्रता मानदंडों को ही पूरा न करता हो।'' ऐसा करना न्यूनतम योग्यता को अधिमान्य योग्यता से बदलने जैसा होगा, जो नियमों के विरुद्ध है। नियमों की अनदेखी और न्यायिक विवेक की सीमा सुप्रीम कोर्ट ने चयन प्रक्रिया में 'विवेक के अभाव' पर भी कड़ा रुख अपनाया। कोर्ट ने पाया कि संबंधित उम्मीदवार के पास आवेदन के समय केवल एक वर्ष का अनुभव था, जबकि नियम पांच वर्ष के अनुभव की मांग करते थे। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक रोजगार के मामलों में अदालतें तब तक नियुक्ति के सीधे निर्देश नहीं दे सकतीं, जब तक कि पात्रता पूरी तरह से स्पष्ट और असंदिग्ध न हो। ''जहां चयन प्रक्रिया ही त्रुटिपूर्ण हो, वहां सबसे उचित रास्ता उस चयन को रद करना होता है, न कि किसी विशेष उम्मीदवार की नियुक्ति का आदेश देना।'' अनुभव का महत्व और कानूनी सिद्धांत कोर्ट ने जोर देकर कहा कि इस मामले में अनुभव की कमी केवल एक प्रक्रियात्मक खामी नहीं थी, बल्कि यह पात्रता की जड़ पर प्रहार करती थी। कंप्यूटर मैन्युफैक्चरिंग और मेंटेनेंस में मांगा गया अनुभव एक विशेष प्रकृति का था, जिसे डिग्री से प्रतिस्थापित नहीं किया जा सकता था। अंत में, सुप्रीम कोर्ट ने यह सिद्धांत प्रतिपादित किया कि भर्ती नियमों के उल्लंघन में की गई कोई भी नियुक्ति 'अंतर्निहित अवैधता' से ग्रस्त होती है। ऐसी अवैधता को न तो मानवीय आधार पर और न ही न्यायालय के विशेषाधिकार का उपयोग करके जायज ठहराया जा सकता है। यह फैसला भविष्य में होने वाली सभी सरकारी भर्तियों के लिए एक नजीर पेश करता है कि नियम सर्वोपरि हैं।

## आरटीई प्रवेश में देरी,हाईकोर्ट नाराज



**बिलासपुर,21 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ में शिक्षा के अधिकार के तहत गरीब बच्चों के प्रवेश में हो रही अत्यधिक देरी को लेकर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है। प्रदेश में नया शिक्षा सत्र 1 अप्रैल से शुरू हो चुका है, लेकिन आरटीई की प्रवेश प्रक्रिया कछुआ गति से चलने पर न्यायालय ने गहरी नाराजगी जाहिर की है। कोर्ट ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि यदि प्रवेश की प्रक्रिया अगस्त तक खिंचेगी, तो बच्चे पढ़ाई कब शुरू करेंगे?

हाईकोर्ट ने शिक्षा सचिव से विस्तृत जानकारी मांगी थी। सुनवाई के दौरान शासन की ओर से बताया गया कि पहले चरण की लॉटरी प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। जिसमें 15 हजार छात्रों को सीटें आवंटित की गई हैं। इन छात्रों को 1 मई से 30 मई के बीच स्कूलों में दाखिला लेना होगा। इसके बाद दूसरे चरण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इस पर कोर्ट ने सवाल उठाया कि विभाग की वर्तमान समय-सारणी के अनुसार पूरी प्रक्रिया अगस्त के अंत तक जाएगी, जो बच्चों के शैक्षणिक भविष्य के साथ खिलवाड़ है। कोर्ट ने शिक्षा विभाग को निर्देश दिया है कि 7 मई से पहले पूरी प्रवेश प्रक्रिया को जल्द समाप्त करने के लिए एक ठोस कार्य योजना पेश करें। लोक शिक्षण संचालनालय ने नोडल वेरिफिकेशन के लिए 16 फरवरी से 31 मार्च तक का समय तय किया था, लेकिन डेडलाइन बीतने के बाद भी कई जिलों में 10% से कम आवेदनों की जांच हो पाई है। प्रशासनिक सुस्ती का आलम यह है कि सत्र शुरू होने के बावजूद हजारों अभिभावक अनिश्चितता के भंवर में हैं। अगस्त के मध्य तक दाखिला होने की स्थिति में छात्रों के प्रथम त्रैमासिक पाठ्यक्रम का बड़ा हिस्सा छूटने की आशंका है, जिसे लेकर हाईकोर्ट ने चिंता जताई है। राज्य के 6,861 स्कूलों में आरटीई की कुल 21,698 सीटें हैं। आंकड़ों का विश्लेषण करें तो राज्य में सीटों और आवेदनों के बीच भारी असंतुलन नजर आता है:

### अधूरे मकान की दीवार ढही, मलबे में दबे दंपति

**कोरबा,21 अप्रैल।** शहर के कपाटमुडा रोड स्थित देर रात एक परिवार पर उस वक्त आफत आ गई, जब मौसम का रुख बदलने से पड़ोस की निर्माणधीन बिल्डिंग की दीवार उनके घर पर गिर गई. हादसे में सो रहे पति-पत्नी और बच्चा मलबे में दब गए. सभी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. वहीं घर में रखे दोपहिया और सामान बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है. बीती रात शहर में मौसम का मिजाज बदला, भीषण गर्मी के बीच लोगों को राहत तो मिली, लेकिन एक परिवार पर आफत टूट पड़ी. कुसमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रेम नगर के कपाटमुडा रोड की पूरी घटना है. निर्माणधीन तीन मंजिला बिल्डिंग अचानक भरभराकर पड़ोस के अजय धनवार के घर पर जा गिरी. जानकारी के मुताबिक, संतोष वर्मा द्वारा बनवाए जा रहे मकान की दीवार गिरने से अजय धनवार, उनकी पत्नी और उनका छोटा बच्चा घर के अंदर सो रहे थे. हादसे के दौरान ईंटों के मलबे में दब गए, जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकल और अस्पताल के लिए भेजा. घर के अंदर रखा दोपहिया स्कूटर, बर्तन, बिस्तर और अन्य सामान भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है. मकान के भीतर अभी भी ईंटों का मलबा बिखरा पड़ा है.

### राइस मिल में आग से लाखों का धान और बारदाना राख

**कांकेर,21 अप्रैल।** कांकेर जिले के कुलगांव में आज अजीबी एग्रो राइस मिल में भीषण आग लग गई. घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया. फिलहाल आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है. घटना में बड़ी मात्रा में बारदाना और धान को नुकसान पहुंचा है. पूरी घटना कोतवाली थाना इलाके की है. जानकारी के मुतबाकि, सूचना के बाद दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची है. वहीं मालिक मोहम्मद आवेश भी राइस मिल पहुंचे हैं. आग पर काबू पाने के लिए जद्दोजहद जारी है. घटना से जुड़ा वीडियो भी सामने आया है, जिसमें धान के बोरों में लगी भ्यावह आग का मंजर नजर आ रहा है. राइस मिल मालिक मोहम्मद आवेश ने बताया कि शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी है. चांवल, धान और खाली बोरे सभी कुछ जल गया है. नुकसान का अभी आकलन नहीं किया जा सकता है.

### कोलकाता के आनंदलोक अस्पताल में आग

**कोलकाता,21 अप्रैल।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के आनंदलोक अस्पताल में आग लग गई है। घटना की सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं हैं। वहीं, अस्पताल में इलाज करा रहे मरीजों को अन्य सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट कराया जा रहा है। अब तक साफ नहीं है कि घटना के समय अस्पताल में कितने मरीज भर्ती थे। साथ ही आग लगने की वजह का भी पता लगाया जा रहा है। अधिकारी के मुताबिक, सुबह करीब दस बजे उन्हें इस घटना की सूचना मिली जिसके बाद आग बुझाने के लिए तीन अग्निशमन वाहनों को मौके पर भेजा गया। अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि साल्टलेक के करुणामयी क्रॉसिंग पर स्थित एक निजी स्वास्थ्य केंद्र की पहली मंजिल पर आग लग गई। उन्होंने बताया कि शुरुआती जानकारी के अनुसार इस घटना में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। आग लगने की खबर के साथ ही मरीजों को स्ट्रेचर और व्हीलचेयर की मदद से शिफ्ट किया गया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अनुमान है कि आग लगने के बाद करीब 75 से 80 मरीजों को अस्पताल से बाहर निकाला गया है.

## मां ही निकली मासूम की हत्या की आरोपी



**रायगढ़,21 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले से एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है, जहां ढाई साल के मासूम की बेरहमी से हत्या कर दी गई। पुलिस ने मामले में चौंकाने वाला खुलासा करते हुए बताया कि इस जघन्य अपराध को अंजाम देने वाली कोई और नहीं, बल्कि बच्चे की अपनी ही मां है, जिसने गुमशुदगी और अपहरण की झूठी कहानी गढ़कर पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की। यह पूरा मामला कापू थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार, आरोपी महिला ने शुरुआत में कापू थाना पुलिस को बच्चे के लापता होने की सूचना देकर मामले को अपहरण का रूप देने की कोशिश की। लेकिन जांच के दौरान उसके बयान और घटनाक्रम में कई विरोधाभास सामने आए, जिसके बाद पुलिस ने वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर पूछताछ शुरू की। इस दौरान सख्त पूछताछ में महिला ने आखिरकार अपना जुर्म कबूल कर लिया। जांच में खुलासा हुआ कि उसने अपने ही ढाई साल के मासूम बेटे की पत्थर से हमला कर हत्या कर दी और बाद में शव को जंगल की खाई में फेंक दिया। इसके बाद पुलिस आरोपी महिला द्वारा बताए गए घटनास्थल पर पहुंची। इस दौरान पुलिस को खून के निशान और वारदात में इस्तेमाल किया गया पत्थर भी बरामद हुआ है। वहीं मौके से मासूम का शव मिलने के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मामले में पुलिस ने आरोपी मां को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की कार्रवाई कर रही है। इस मामले पर एसएसपी शशि मोहन सिंह ने कहा कि रायगढ़ पुलिस जघन्य अपराधों पर जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। उन्होंने बताया कि वैज्ञानिक जांच के चलते ही आरोपी को कानून के कटघरे में लाया गया है।

## दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ने मोदी से मांगी मदद



**नई दिल्ली,21 अप्रैल।** दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे मंग भारत आए और जैसे ही दिल्ली में उन्हें राजशाही अंदाज में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया उसी पर दिल्ली से करीब 4700 किमी दूर पोंगयांग में हलचल तेज हो गई। जहां किम जोंग उन पूरे इवेंट को टुकुर टुकुर टीवी पर देख रहा था। नजरें जमाए बैठा था। दिल्ली सिर्फ एक कूटनीतिक मुलाकात का गवाह नहीं बनी है। बल्कि एशिया की ताकत के बदलते समीकरणों की एक बड़ी कहानी भी दिल्ली में लिखी जा रही है। बता दें कि यहां पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जय म्यूंग की मुलाकात हुई है। इन्होंने हैदराबाद हाउस में एक बैठक की और यह हाई लेवल बैठक थी। बता दें कि राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में उनका भव्य स्वागत किया। लेकिन यहां पर सवाल सिर्फ इतना नहीं है कि यह मुलाकात क्यों हुई? कैसे हुई? सवाल यह है कि इस मुलाकात को सबसे ज्यादा ध्यान से कौन देख रहा है? जवाब है उत्तर कोरिया।

किम जोंग। दक्षिण कोरिया और नॉर्थ कोरिया के रिश्ते। बता दें कि किसी से भी छिपे नहीं है। दोनों के बीच दशकों से तनाव और परमाणु प्रतिस्पर्धा चलती आ रही है। यानी कि कंपटीशन चल रहा है। ऐसे में जब दक्षिण कोरिया का राष्ट्रपति भारत जैसे बड़े लोकतंत्र और उभरती शक्ति के साथ अपने रिश्तों को मजबूत करने आता है तो किम जोंग उन के लिए यह सिर्फ एक विजिट या एक दौरा नहीं बल्कि एक संभावित रणनीतिक खतरे का एक साफ-साफ संकेत है। और यह एक इशारा है यह अलर्ट है। यही वजह है कि इस वक्त किम जोंग उन कुछ ज्यादा ही एक्टिव नजर आ रहे हैं। हर मूवमेंट पर वो नजर रख रहे हैं। पिछले एक महीने में ही उत्तर कोरिया ने बता दें कि लगातार चार बैलस्टिक मिसाइलें टेस्ट की हैं। जो यह साफ दिखाता है कि प्यायोंगयांग अपनी सैन्य ताकत का प्रदर्शन कर रहा है और किसी भी संभावित खतरे के लिए खुद को तैयार रख रहा है या कहे कि एक नया फ्रंट खोलने की कोशिश कर रहा है। इस बीच दक्षिण कोरिया का भारत दौरा किम के लिए एक नया समीकरण खड़ा करता है। उन्हें किम जोंगून को ये डर है कि कहीं भारत और दक्षिण कोरिया के बीच कोई नई हथियार डील ना हो जाए। कोई डिफेंस स्ट्रेटजी ना तैयार की जाए जो उसके खिलाफ हो जाए या फिर इंडोपेसिफिक में ऐसा कोई प्लान ना बन जाए जो भविष्य में उत्तर कोरिया पर ही बैकफायर कर जाए।

## बिलासपुर में हवाई सेवा विस्तार पर सुनवाई जुलाई तक टली

**बिलासपुर,21 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की खंडपीठ में चल रही बिलासपुर में हवाई सुविधा विस्तार से संबंधित जनहित याचिकाओं की सुनवाई जुलाई के अंतिम सप्ताह तक के लिए टाल दी गई.छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट बिलासपुर हवाई सुविधा विस्तार के मामले में लगातार मॉनिटरिंग कर विभिन्न आदेश देता आया है, जिससे बिलासपुर में हवाई सुविधा विस्तार संबंधी कई कार्य समय पर हुए हैं. आज की सुनवाई में राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता प्रवीण दास ने दाखिल किए गए शपथ पत्र का ब्यौरा देते हुए बताया कि रनवे कारपेटिंग बाउंड्री वॉल आदि कार्य सैंक्शन है और शुरुआत से अभी तक लगभग 100 करोड रुपए बिलासपुर एयरपोर्ट के विकास में खर्च किए जा चुके हैं. जहां तक नई उड़ानों का प्रश्न है राज्य सरकार एलाइंस एयर को सब्सिडी दे रही है पर निजी एयरलाइंस कंपनियों को बिलासपुर से उड़ान शुरू करने के लिए कोई आमंत्रण नहीं दिया गया. अतिरिक्त महाधिवक्ता ने बताया कि, व्यावसायिक स्तर पर एयरलाइंस चाहे तो बिलासपुर से फ्लाइट संचालन कर सकती है उसमें कोई रोक नहीं है लेकिन जहां तक सब्सिडी का प्रश्न है तो यह केवल सरकारी कंपनी को दिया जा रहा है. याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता सुदीप श्रीवास्तव ने बताया कि, जब केंद्र सरकार उड़ान योजना में सब्सिडी देने के माध्यम से ओपन टेंडर कर सकती है और निजी एयरलाइंस समेत सभी एयरलाइंस को आमंत्रित कर सकती है तो यही कार्य राज्य सरकार भी कर सकती है और उसे इससे पीछे नहीं हटना चाहिए. इस प्रस्ताव को भी राज्य सरकार की ओर से स्वीकार नहीं किया गया और कहा गया कि निजी एयरलाइंस कंपनी चाहे तो कमर्शियल उड़ान संचालित करें. हाईकोर्ट की खंडपीठ ने भी याचिकाओं में मांगे गए अनुतोष की जांच की और कहा कि, याचिकाएं 4 सी एयरपोर्ट के लिए ही लगाई गई है. इस स्तर पर राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि, याचिकाओं की सुनवाई जारी रहे इस पर राज्य सरकार आपत्ति नहीं करेगी. परंतु उसे लंबा समय दिया जाए जिससे कि वह इस मामले में कुछ ठोस प्रगति कर न्यायालय को बता सके और सुनवाई को अगस्त माह तक टालने की मांग की. राज्य सरकार के आश्वासन पर विचार कर हाईकोर्ट ने जनहित याचिकाओं की सुनवाई जुलाई अंतिम सप्ताह तक के लिए टाल दी. उस समय तक हुई प्रगति के संबंध में राज्य सरकार एक नया शपथ पत्र दाखिल करेगी. आज की सुनवाई में अतिरिक्त महाधिवक्ता ने यह भी कहा कि इन जनहित याचिकाओं का उद्देश्य पूरा हो चुका है अतः और आगे किसी सुनवाई की जरूरत नहीं. राज्य सरकार के इस स्टैंड का याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता आशीष श्रीवास्तव और अधिवक्ता सुदीप श्रीवास्तव ने कड़ा विरोध किया और कहा कि याचिकाओं में 4सी एयरपोर्ट बनाने का अनुतोष मांगा गया है और अभी तो 3 सी एयरपोर्ट ही बना है 4 सी एयरपोर्ट के लिए कोई भी कार्य सैंक्शन तक नहीं हुआ है ऐसे में सुनवाई को इस स्तर पर समाप्त नहीं किया जा सकता.

## साय जी, अगर आपको तकलीफ है तो 'कौशल्या भाभी को मुख्यमंत्री बना दीजिए' : भूपेश बघेल

**रायपुर,21 अप्रैल।**देश के साथ ही साथ छत्तीसगढ़ की राजनीति में महिला आरक्षण बिल को लेकर भाजपा और कांग्रेस के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विपक्ष, विशेषकर इंडी गठबंधन पर कड़ा प्रहार करते हुए बिल रुकवाने का आरोप लगाया है, सीएम साय के अनुसार, विपक्ष के अड़ंगे की वजह से लोकसभा में महिला आरक्षण बिल (संविधान 131वां संशोधन) पास नहीं हो सका। साय सरकार इस मुद्दे पर छत्तीसगढ़ विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र बुलाने की योजना बना रही है, जिसमें विपक्ष के रवैये के खिलाफ निंदा प्रस्ताव लाया जाएगा। वहीं दूसरी ओर भाजपा इस मुद्दे को लेकर 20 अप्रैल से 27 अप्रैल तक प्रदेशव्यापी प्रदर्शन कर रही है, जिसमें पुतला दहन और महिला सम्मेलन शामिल हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा के आरोपों को खारिज करते हुए पलटवार किया, उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि यदि भाजपा को महिलाओं की इतनी ही चिंता है, तो मुख्यमंत्री की पत्नी (कौशल्या साय) को मुख्यमंत्री बना देना चाहिए। भूपेश बघेल ने दावा किया कि महिला आरक्षण की नींव राजीव गांधी ने रखी थी और भाजपा ने हमेशा इसमें बाधा डाली है।बघेल ने आरोप लगाया कि RSS और भाजपा ने कभी भी महिलाओं को शीर्ष नेतृत्व में वास्तविक मौका नहीं दिया।जिस महिला आरक्षण विधेयक की बात हो रही है वो तो सितंबर 2023 में ही लोकसभा और राज्यसभा में सर्वसम्मति से पारित हो चुका है.

### अस्पताल में भर्ती करवाए गए शरद पवार

मुंबई,21 अप्रैल। एनसीपी (S) चीफ शरद पवार को मुंबई के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। सूत्रों ने बताया कि दो दिन पहले ही उनका स्वास्थ्य बिगड़ गया था और फिर ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था।

### भारत की 70% आबादी पर मंडराया 'वेट-बल्ब' मौत का साया

## इस वर्ष 40°C वाली उमस मचाएगी तांडव

**नई दिल्ली,21 अप्रैल।** जैसे-जैसे 2026 का सूरज अपनी तपिश बढ़ा रहा है, भारत मौसम विज्ञान विभाग ने एक गंभीर चेतावनी जारी की है। अप्रैल से जून के बीच पूर्वी, मध्य और प्रायद्वीपीय भारत में लू के दिन सामान्य से अधिक होने वाले हैं। लेकिन वैज्ञानिकों का मानना है कि असली खतरा केवल बढ़ता तापमान नहीं, बल्कि हवा में घुली नमी है। अक्सर हम 45%C की सूखी गर्मी से डरते हैं, लेकिन तटीय इलाकों की 35%C की उमस भरी गर्मी असल में 'साइलेंट किलर' साबित हो सकती है। मध्य भारत में तापमान पहले ही 42-45 डिग्री सेल्सियस तक पहुँच रहा है, जो सुर्ख़ियों में है। लेकिन कुछ ऐसे कम-ज्ञात कारक भी हैं जो यह तय करते हैं कि लाखों लोग गर्मी को अलग-अलग तरह से कैसे महसूस करते हैं। विशेष रूप से, नमी (ह्यूमिडिटी) एक ऐसा कारक है जिस पर वैज्ञानिकों का कहना है कि हमें वास्तव में ध्यान देने की ज़रूरत है।

पसीनाः शरीर का इकलौता रक्षा कवच जब फेल हो जाता है। इंसानी शरीर खुद को ठंडा रखने के लिए पसीने का इस्तेमाल करता है। जब पसीना त्वचा से भाप बनकर उड़ता है, तो वह शरीर की गर्मी अपने साथ ले जाता है। यहाँ पसीना जल्दी सूखता है, जिससे शरीर का तापमान नियंत्रित रहता है। उमस भरी गर्मी (मुंबई/चेन्नई/केरल) की हवा में पहले से ही इतनी नमी होती है कि पसीना सूख ही नहीं पाता। नतीजा यह होता है कि शरीर के अंदर की गर्मी बाहर नहीं निकल पाती, जिससे दिल की धड़कन तेज हो जाती है, ब्लड प्रेशर बढ़ता है और अंग काम करना बंद कर सकते हैं।



ऐसी स्थितियों में, हवा में पहले से ही इतनी ज़्यादा नमी होती है कि पसीना भाप बनकर उड़ ही नहीं पाता। पसीना न उड़ने का मतलब है शरीर का ठंडा न होना, और शरीर ठंडा न होने पर लोगों की दिल की धड़कनें अक्सर तेज़ हो जाती हैं, ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है, और कुछ बेहद गंभीर मामलों में तो शरीर के अंग काम करना बंद कर देते हैं या मौत भी हो सकती है। वैज्ञानिक इस मिले-जुले खतरे को 'वेट-बल्ब टेम्परेचर' (WBT) से मापते हैं। यह एक ऐसी रीडिंग है जो गर्मी और नमी, दोनों को एक साथ ध्यान में रखती है; जबकि सामान्य थर्मामीटर की रीडिंग सिर्फ़ हवा के तापमान को ही बताती है। दशकों तक, यह आम तौर पर माना जाता था कि इंसान का शरीर 35 डिग्री सेल्सियस तक के WBT को झेल सकता है। यह वह सीमा है जहाँ पहुँचने पर पसीना आना पूरी तरह से बेअसर हो जाता है। हालाँकि, यह धारणा सिर्फ़ सिद्धांत पर आधारित थी, न कि असल इंसानी शरीरों से मिले वास्तविक डेटा पर।यह स्थिति 'पेन स्टेट ह्यूमन एनवायरनमेंटल एज थ्रेशोल्ड्स' प्रोजेक्ट के साथ बदल गई। यह एक ऐतिहासिक अध्ययन था जिसमें कुछ इंसानी स्वयंसेवकों को खास तौर पर बनाए गए 'एनवायरनमेंटल चैंबर्स' (वातावरण-नियंत्रित कमरों) में रखा गया। उन्हें तापमान पर नज़र रखने वाले छोटे-छोटे सेंसर निगलने के लिए दिए गए, और फिर धीरे-धीरे गर्मी और नमी का स्तर बढ़ाया गया। इस दौरान वे टहलने या साइकिल चलाने जैसी हल्की-फुल्की शारीरिक गतिविधियाँ कर रहे थे। शोधकर्ताओं ने पाया कि यहाँ तक कि युवा, चुस्त-दुरुस्त और सेहतमंद वयस्क भी, सिर्फ़ 31 डिग्री सेल्सियस के WBT पर ही अपने शरीर के मुख्य तापमान को नियंत्रित करने की क्षमता खोने लगे थे। यह सीमा, पहले से मानी गई सुरक्षा सीमा से काफ़ी नीचे थी। इस खोज को एक असली स्थिति में समझने के लिए, 38 डिग्री सेल्सियस का तापमान और 60% नमी का मेल ही इंसान के शरीर को उसकी ठंडक बनाए रखने की सीमा से आगे धकेलने के लिए काफी है।

### छत्तीसगढ़ में जारी होगा सीएम हेल्पलाइन नंबर

**रायपुर,21 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ में जल्द सीएम हेल्पलाइन नंबर शुरू होने जा रहा है. 24 घंटे सक्रिय रहने वाले इस हेल्पलाइन नंबर पर राज्य का कोई भी व्यक्ति समस्या या फिर शिकायत कर सकेगा. अफसरों को इन समस्याओं का तय सीमा में निराकरण करना होगा. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने यह जानकारी जशपुर के लिए रवाना होने से पहले मीडिया से चर्चा में दी. उन्होंने बताया की सीएम हेल्पलाइन नंबर पर आने वाली शिकायतों या फिर समस्याओं के निराकरण के लिए समय निर्धारित होगा. अगर तय समय पर शिकायत या समस्या का समाधान नहीं हुआ तो जिम्मेदार अधिकारी पर कार्रवाई होगी. छत्तीसगढ़ विधानसभा में निंदा प्रस्ताव के लिए आहुत विशेष सत्र पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे देश की महिलाओं के साथ बहुत बड़ा अन्याय हुआ है. प्रधानमंत्री मोदी महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने जा रहे थे, लेकिन कांग्रेस ने इसका विरोध किया. इसे लेकर विधानसभा में विशेष सत्र बुलाया गया है. वहीं पश्चिम बंगाल चुनाव को लेकर विष्णुदेव साय ने कहा कि टीएमसी और ममता बनर्जी को लेकर वहां के लोगों में काफी आक्रोश है.

# जल जीवन मिशन से ग्राम बंधी की बदली तस्वीर,हर घर पहुंच रहा जल




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा 21 अप्रैल ।** कबीरधाम जिले के विकासखंड सहसपुर लोहारा अंतर्गत ग्राम पंचायत बंधी में जल जीवन मिशन ने ग्रामीणों की वर्षों पुरानी पेयजल समस्या का समाधान कर गांव की तस्वीर बदल दी है। वर्षों से पेयजल संकट से जूझ रहे इस गांव में अब हर घर तक नल कनेक्शन के माध्यम से स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल पहुंच रहा है। ग्राम सभा की सहमति से ग्राम बंधी को हर घर जल ग्राम घोषित किया गया है, जो गांव के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।ग्रामवासियों का कहना है कि पहले पानी की समस्या के कारण उन्हें अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब घर-घर नल से जल पहुंचने के कारण जीवन स्तर में सुधार हुआ है। स्वच्छ पेयजल मिलने से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में भी कमी आई है और गांव में स्वच्छता का स्तर बेहतर हुआ है। यह सफलता ग्राम पंचायत, जल एवं स्वच्छता समिति तथा ग्रामीणों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। शासन की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना ने ग्राम बंधी की पेयजल समस्या का स्थायी समाधान कर दिया है। यह गांव अब अन्य ग्राम पंचायतों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गया है कि सामूहिक सहभागिता और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से ग्रामीण विकास की नई मिसाल कायम की जा सकती है। उप अभियंता बी आर सिन्हा ने जल संरक्षण का संदेश देते हुए कहा की जल ही जीवन है और जल का हमेशा सदुपयोग करे ।

### समाजसेविका अर्चना कांडे ने जल संरक्षण ओर पौधा संरक्षण का संदेश दिया



**कवर्धा 21 अप्रैल (तछसं.)।** जल संरक्षण का संदेश देते हुए समाजसेविका श्रीमती अर्चना कांडे ने कहा की जल का सदुपयोग करना चाहिए और जल को व्यर्थ नहीं बहाना क्योंकि जल ही जीवन है । पक्षियों के लिए कटोरी में पानी भरकर अपने घर के प्रांगण में रखना चाहिए । पौधे का ख्याल परिवार की तरह रखना चाहिए और पौधे में जल अवश्य डालना चाहिए । युवाओं से भी नशा जैसी कुरीतियों से दूर रहने की विनम्र अपील करते हुए समाज सेविका अर्चना कांडे ने नशा मुक्त अभियान का संदेश दिया । युवाओं को गुटखा , बीड़ी , सिगरेट , शराब से दूर रहना चाहिए । नशा से केंसर , लीवर , फेफड़ा खराब हो जाता है हमेशा याद रखे ।

## एक नजर

### महापौर अलका बाघमार ने खुद भरा गणना पत्रक और लोगों को जनगणना से जुड़ने का दिया संदेश

**दुर्ग,21 अप्रैल।** भारत की जनगणना 2027 के अंतर्गत स्व-गणना की प्रक्रिया 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक संचालित की जा रही है। इस प्रक्रिया के तहत नगर निगम दुर्ग की प्रथम नागरिक महापौर श्रीमती अलका बाघमार द्वारा आज सुबह अपने परिवार की स्व-गणना कर नागरिकों को प्रेरित किया गया।जिसमे जिला अवसंरचना समन्वयक अमित कुमार ताम्रकार ने की प्रक्रिया को बताया नागरिकों की सुविधा के लिए स्व-गणना की व्यवस्था आधिकारिक पोर्टल https://se.census.gov.in पर 16 से 30 अप्रैल तक उपलब्ध है। इस पोर्टल के माध्यम से नागरिक स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं, जिससे पूरी प्रक्रिया सरल, तेज एवं पारदर्शी बनेगी।उन्होंने बताया कि पोर्टल में आसान भाषा में प्रश्न दिए गए हैं, जिन्हें मोबाइल, कंप्यूटर या लैपटॉप के माध्यम से भरकर नागरिक स्व-गणना आईडी प्राप्त कर सकते हैं।इससे जनगणना की प्रक्रिया को गति मिलेगी और समय पर कार्य पूर्ण हो सकेगा।

आयुक्त सुमित अग्रवाल ने आगे जानकारी दी कि स्व-गणना की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात 1 मई से 31 मई तक प्रगणक घर-घर जाकर सत्यापन करेंगे तथा जनगणना के कार्य को अंतिम रूप देंगे।नगर निगम दुर्ग द्वारा सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे स्व-गणना प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाएं और देश के इस महत्वपूर्ण कार्य को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें।

### वाटर एटीएम से मिल रहा स्वच्छ पानी,बंद यूनिट भी जल्द होंगे चालू

**दुर्ग, 21 अप्रैल।** शहरवासियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में नगर निगम दुर्ग द्वारा शहर के 18 प्रमुख स्थानों पर वाटर एटीएम स्थापित किए गए हैं, जिससे आम नागरिकों को किफायती दर पर शुद्ध पानी मिल रहा है।इनमें से अधिकांश वाटर एटीएम सुचारू रूप से संचालित हो रहे हैं। शेष 4 स्थानों मालवीय नगर, महिला समृद्धि बाजार सिकोला, सिकोला मार्केट एवं नया सब्जी मंडी सिकोला पर तकनीकी ,वाटर लेवल डाउन एवं निर्माण संबंधी कारणों से अस्थायी रूप से संचालन प्रभावित हुआ है, जिनका शीघ्र निराकरण कर जन सुविधा को ध्यान रखकर वाटर एटीएम में शुद्ध पेयजल उपलब्ध किया जा रहा है।मालवीय नगर में पार्षद की अनुशंसा के अनुसार स्थल परिवर्तन के पश्चात कार्य से प्रगति पर है। वहीं महिला समृद्धि बाजार में शेड निर्माण कार्य जारी होने से पेयजल पाइप लाइन छत्तिग्रस्त हुआ, पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण जल आपूर्ति प्रभावित हुई थी।

जिसे विभाग द्वारा दुरुस्त कर शीघ्र चालू करने की प्रक्रिया जारी है।इसी प्रकार नया सब्जी मंडी सिकोला में पंप एवं केबल की चोरी तथा बोरवेल के जलस्तर में कमी के कारण एटीएम बंद हुआ था।

अब इन समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कार्यवाही करते हुए वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है, ताकि जल्द ही आम जनता को पुनः सुविधा मिल सके। नगर निगम दुर्ग द्वारा सभी बंद वाटर एटीएम को शीघ्र चालू किया जा रहा है,जिससे भीषण गर्मी में शहर के प्रत्येक नागरिक को निर्बाध रूप से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके।

# महिलाओं के तैतीस प्रतिशत आरक्षण का विरोध आधी आबादी के अधिकारों का विरोध:दीपा धुर्वे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,21 अप्रैल।** जिला पंचायत कबीरधाम की सभापति श्रीमती दीपा धुर्वे ने महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने वाले ऐतिहासिक नारी शक्ति वंदन अधिनियम से जुड़े संवैधानिक संशोधन विधेयक का विरोध करने को लेकर विपक्ष पर तीखा हमला बोला है।सभापति दीपा धुर्वे ने कहा कि महिलाओं को 33त्न आरक्षण जैसा ऐतिहासिक अवसर रोकना केवल एक विधेयक का विरोध नहीं, बल्कि देश की आधी आबादी की आकांक्षाओं और उनके हक का खुला विरोध है। उन्होंने लोकसभा में हाल ही में हुए घटनाक्रम का जिक्र करते हुए कहा कि यह दृश्य देश की नारी शक्ति के सम्मान और अधिकारों के प्रति विपक्ष की वास्तविक मानसिकता को उजागर करता है।उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस, टीएमसी, डीएमके और समाजवादी पार्टी जैसे दलों द्वारा इस महत्वपूर्ण विधेयक का विरोध करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। दीपा धुर्वे ने कहा कि एक ओर देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए संकल्पित है, वहीं दूसरी ओर विपक्ष महिलाओं के अधिकारों के मार्ग में लगातार बाधा उत्पन्न कर रहा है।

उन्होंने आगे कहा कि जो दल मंचों से महिला सशक्तिकरण की बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, वही अधिकार देने के समय अपना असली चेहरा दिखा देते हैं। उनके अनुसार, विपक्ष की यह पुरानी प्रवृत्ति रही है कि वह विकास और सशक्तिकरण के हर प्रयास को राजनीतिक स्वार्थ के चलते बाधित करता है।सभापति दीपा धुर्वे ने विश्वास जताया कि देश की मातृशक्ति इस अन्याय को भली-भांति समझती है। उन्होंने कहा कि यह आक्रोश केवल संसद तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि जन-जन की आवाज बनकर उभरेगा। आने वाले समय में, विशेषकर आगामी चुनावों में, महिलाओं द्वारा इसका करारा जवाब दिया जाएगा।उन्होंने अंत में कहा कि अब देश की महिलाएं अपने सम्मान और अधिकारों के साथ किसी भी प्रकार का समझौता करने के लिए तैयार नहीं हैं।

# निगम आयुक्त ने किया भेलवा तालाब एवं उद्यान का निरीक्षण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 21 अप्रैल । नेहरू नगर स्थित भेलवा तालाब एवं उद्यान का निरीक्षण निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय के निर्देशानुसार किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता संजय अग्रवाल एवं अन्य अधिकारियों ने स्थल पर पहुंचकर साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया तथा आवश्यक संधारण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने तालाब एवं उद्यान की वर्तमान स्थिति का अवलोकन करते हुए स्वच्छता, हरियाली एवं नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने पर विशेष जोर दिया। तालाब में बेतरतीब फैल रहे कमल, जलकुंभी एवं अवांछित घास को हटाने के निर्देश दिए गए। साथ ही गिरे हुए सूखे पेड़ों को हटाने के लिए जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित कर्मचारियों को नियमित सफाई एवं रखरखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। इस अवसर पर उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू, उप अभियंता बसंत साहू, रीमा जमुलकर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### भाजपा महिला आरक्षण संशोधन विधेयक को अपने ही स्वार्थ का साधन बना रही : लेखराम

**अंवरी,21 अप्रैल।** जिला कांग्रेस कमेटी धमतरी के तत्वाधान में राजीव भवन धमतरी में प्रेस वार्ता रखा गया था जिसमें श्रीमती तारिणी चंद्राकर अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी धमतरी श्री लेखराम साहू पूर्व विधायक कुरूद एवं राष्ट्रीय समन्वयक पिछड़ा वर्ग कांग्रेस नई दिल्ली, ओंकार साहू जी विधायक धमतरी, श्रीमती अंबिका मरकाम जी विधायक सिहावा, श्रीमती लक्ष्मी ध्रुव पूर्व विधायक सिहावा, विपिन साहू जी पूर्व अध्यक्ष दुग्ध महासंघ, शरद लोहान की पूर्व जिला अध्यक्ष, मोहन लालवानी जी पूर्व जिला अध्यक्ष, आनंद पवार जी एवं कांग्रेस के कार्यकर्तागण उपस्थित रहे

लेखराम साहू ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहां कि केंद्र में बैठी हुई भाजपा की मोदी सरकार ने 15 सितंबर 2023 को नारी शक्ति वंदन अधिनियम जो की महिला आरक्षण विधेयक के नाम से भी जाना जाता है।

# सैय्यदी मदरसा में विधायक कोर्सेवाड़ा ने की विकास कार्यों की शुरुआत



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 21 अप्रैल ।** एकता नगर स्थित सैय्यदी मदरसा में स्थानीय विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा ने विकास कार्यों की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने होनहार विद्यार्थियों का सम्मान भी किया। मदरसे में विधायक निधि से ?10 लाख की लागत से निर्माण कार्य किया जाएगा, जिसकी शुरुआत विधायक कोर्सेवाड़ा एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में हुई। इस अवसर पर विधायक ने शिक्षा को प्रोत्साहित करते हुए सैय्यदी ट्यूशन की छात्रा फरहत परवीन को सीबीएसई 10वीं परीक्षा में 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर 10 हजार रु की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की। साथ ही ट्यूशन के अन्य दो छात्रों को भी 10-10 हजार रु देने की घोषणा की। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि सतीश साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व पार्षद दिलीप पटेल, चरोदा भाजपा अध्यक्ष ए. गौरी शंकर, पार्षद चंद्र प्रकाश पांडे, रामकुमार साहू, टी. रामना, हाजी मुनीर अहमद शाह, हाजी हामिद खान अशरफी, अब्दुल सत्तार सहित मस्जिद कमेटी एवं वर्किंग कमेटी के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। संचालन हमीद अहमद शाह द्वारा किया गया।

# मौसम विभाग की चेतावनी-2 दिन बाद बढ़ेगा तापमान, रातें भी होंगी गर्म

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 21 अप्रैल ।** प्रदेश में पिछले 24 घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 2 दिनों तक तापमान में खास बदलाव नहीं होगा, जबकि इसके बाद 3 दिनों में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है।मध्य छत्तीसगढ़ के एक-दो क्षेत्रों में अगले 5 दिनों तक ग्रीष्म लहर चलने की संभावना जताई गई है। वहीं, अगले 2 दिनों तक कुछ स्थानों पर उष्ण रात की स्थिति बनी रह सकती है। मौसम विभाग ने बताया कि एक उत्तर-दक्षिण द्रोणिका पूर्वी बिहार से झारखंड और उत्तरी छत्तीसगढ़ होते हुए दक्षिण-पश्चिम मध्य प्रदेश तक 0.9 किमी की ऊंचाई पर स्थित है, जिसके प्रभाव से मौसम में यह बदलाव देखा जा रहा है। एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा की संभावना भी जताई गई है। साथ ही कुछ क्षेत्रों में गरज-चमक के साथ वज्रपात और 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की चेतावनी जारी की गई है। ग्रीष्म लहर चलने और उष्ण रात रहने की संभावना है। यहां अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है।

# पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप के विजेताओं को किया पुरस्कृत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 21 अप्रैल ।** छत्तीसगढ़ पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय 26वीं छत्तीसगढ़ राज्य पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप का समापन पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ । इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर से 250 से अधिक सब-जूनियर, जूनियर, सीनियर, मास्टर एवं दिव्यांग वर्ग के खिलाड़ियों ने भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई नए कीर्तिमान स्थापित किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जो स्वयं छत्तीसगढ़ पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष भी रह चुके हैं उन्होंने बेस्ट प्लेयर का खिताब जीतने वाले खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं टाइटल प्रदान कर सम्मानित किया। भारतीय टीम में चयनित जयदीप साहू, प्रियांक मिश्रा, अमान शुक्ला, नश्कर टंडन तथा कोच के रूप में चयनित अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं कोच कृष्णा साहू का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में अर्जुन अवॉर्डी राजेंद्र प्रसाद, संरक्षक इंद्रजीत सिंह छोटू सहित अनेक अतिथि उपस्थित रहे। एसोसिएशन के महासचिव कृष्णा साहू ने अपने संबोधन में पूर्व मुख्यमंत्री के साथ अपने पुराने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि कोविड-19 महामारी के दौरान भूपेश बघेल ने उनके परिवार की सहायता की थी। साथ ही वर्ष 1999 और 2001 में भारतीय टीम में चयनित होने पर विदेश (फिनलैंड एवं दक्षिण कोरिया) जाने हेतु उन्हें आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया गया था। मुख्य अतिथि भूपेश बघेल ने आयोजन के लिए आयोजन प्रमुख कृष्णा साहू महासचिव, कैलाश जैन बरमेचा अध्यक्ष, संतोष देवांगन कोषाध्यक्ष सहित आयोजन समिति के सभी सदस्यों को बधाई दी। कार्यक्रम में अर्जुन अवार्डी राजेंद्र प्रसाद, इंद्रजीत सिंह छोटू, जी. सुरेश बाबे, सुजीत बघेल, तुलसी सोनी, तुलसी साहू, नीरज पाल महापौर, लक्ष्मीपति राजू एवं मुकेश चंद्राकर सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

# जयंती स्टेडियम परिसर के समीप खेल आधारित वाटिका का लोकार्पण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 21 अप्रैल ।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवा विभाग द्वारा नगर क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं के साथ-साथ सौंदर्यीकरण एवं विशिष्ट पहचान स्थापित करने की दिशा में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जयंती स्टेडियम के मुख्य प्रवेश द्वार के समीप खेल आधारित वाटिका का लोकार्पण 20 अप्रैल को कार्यपालक निदेशक पवन कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर नगर सेवाएं विभाग के महाप्रबंधक प्रभारी ए. बी. श्रीनिवास विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस परियोजना को पूर्ण करने में महाप्रबंधक विष्णु पाठक, उप महाप्रबंधक राजेंद्र प्रसाद, सहायक महाप्रबंधक सरोज झा एवं विवेक गुप्ता, वास्तुकार वाई. उमाशंकर तथा वी. वी. श्रीधर का विशेष योगदान रहा। लोकार्पण अवसर पर महाप्रबंधक सौमिक डे, ऑफिसर्स एसोसिएशन के सचिव अंकुर मिश्रा, सेफी नॉमिनी अखिलेश मिश्रा, उप महाप्रबंधक राघवेंद्र गर्ग, सहायक महाप्रबंधक रेमी थॉमस एवं कमरुद्दीन सहित अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### युवाओं में ज्यादा गुटखा खाने की बढ़ती आदत चिंताजनक,कैंसर की आशंका

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा 21 अप्रैल।** कबीरधाम जिले में गांव गांव शहर शहर में युवाओं में गुटखा खाने की आदत लगातार बढ़ रही है जो की चिन्ताजक है ओर भविष्य में केंसर होने की संभावना हो सकती है । रूप जीवन हॉस्पिटल डायरेक्टट डॉक्टर संगीता जैन ने गुटखा से होने वाले दुष्प्रभाव पर चर्चा करते हुए कहा की गुटखा ज्यादा खाने से मुख और गले में केंसर होने की संभावना ज्यादा होती है । नशा जैसी कुरीतियों से दूर रहना चाहिए मेरी विनम्र अपील भी है । तरुण छत्तीसगढ़ ने गांवों और शहरों में स्वच्छता अभियान का जायजा लिया तो बस स्टैंड या बाजार में सड़को में गुटखा पाउच सड़को पर ओर गुटखा खाकर कही भी थूक फेक देते है जिससे स्वच्छता पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है । प्रदेश ओ बी सी अध्यक्ष अशोक साहू , पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राम कुमार भट्ट ,हरितिमा टीम सदस्य सुनील जैन ने भी युवाओं से विनम्र अपील की नशा जैसी कुरीतियों से दूर रहे ।

### विपक्ष महिलाओं को आगे बढ़ता हुआ नहीं देखना चाहता है : प्रदीप पुरी गोस्वामी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा 21 अप्रैल।** पांडातराई मंडल अध्यक्ष प्रदीप पूरी गोस्वामी ने कहा की महिला आरक्षण बिल को विपक्ष ने विरोध किया इससे यह सिद्ध होता है की महिला आरक्षण बिल पर विपक्षी पार्टियों ने भारत की प्रत्येक महिला के सम्मान और अधिकार के साथ अन्याय किया है । आने वाले विधानसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल चुनाव में महिलाएं विपक्ष को हराकर जवाब देगी । कांग्रेस हो या विपक्ष हमेशा महिला अधिकारों की विरोधी रही है । विपक्ष ने पारित नहीं करके यह साबित कर दिया की विपक्ष महिलाओं को आगे बढ़ता हुआ नहीं देखना चाहता है ।

### एम्प्लॉयबिलिटी स्किल्स ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन



**भिलाई, 21 अप्रैल ।** पीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग हॉस्पिटल सेक्टर में पांच दिवसीय एम्प्लॉयबिलिटी स्किल्स ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का संचालन विशेषज्ञ प्रशिक्षक हिरेश कुमार द्वारा किया गया। इस बैच में लगभग 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया। उद्घाटन सत्र में कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रोजा प्रिन्सी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को भविष्य के व्यावसायिक अवसरों के लिए तैयार करने तथा उनकी एम्प्लॉयबिलिटी स्किल्स को सशक्त बनाने में अत्यंत उपयोगी होते हैं। इस अवसर पर डॉ. जया चक्रवर्ती सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, फैकल्टी सदस्य एवं बीएससी नर्सिंग, एमएससी नर्सिंग तथा पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग की बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

### स्मृति नगर में बिना लाइसेंस और अव्यवस्था पर निगम ने लगाया जुर्माना




**भिलाई, 21 अप्रैल ।** स्मृति नगर क्षेत्र में नगर पालिक निगम भिलाई की टीम ने सख्ती दिखाते हुए विभिन्न प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की। निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय के निर्देशानुसार जोन क्रमांक 01, वार्ड क्रमांक 02 में विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान प्रतिष्ठानों में साफ-सफाई की कमी, सड़क पर बाधा उत्पन्न करने तथा अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) नहीं होने पर चालानी कार्रवाई की गई। अभियान के तहत तीन लोगों पर जुर्माना लगाया गया। विश्वनाथ डोसा सेंटर से 2 हजार रु, ओम यादव से 500 तथा सुमित बाग से 1 हजार का चालान वसूला गया।

### वर्षा पूर्व वार्डों में नालों-नालियों की सफाई की जा रही

**दुर्ग,21 अप्रैल।** नगर पालिक निगम, दुर्ग द्वारा वार्ड 51, साहू होटल के पास, धनोरा रोड, बोरसी में नाली की सफाई की गई है। इसके अलावा समस्त वार्डों में नालियों की नियमित सफाई की जा रही है। वर्षा ऋतु से पूर्व सभी बड़े नालों एवं नालियों की सफाई का कार्य प्रतिवर्ष वृहद स्तर पर किया जाता है। इसी क्रम में इस वर्ष भी कार्ययोजना बनाकर सफाई कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। साथ ही नहर सफाई का कार्य भी लगातार जारी है। इस संबंध में आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा कि शहर में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए समय रहते सभी नालों एवं नालियों की सफाई कराई जा रही है। मानसून के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि सफाई कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो और नियमित मॉनिटरिंग की जाए। साथ ही नागरिकों से अपील की गई है कि वे नालियों में कचरा न डालें और स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें।

### विशेष ग्राम सभा का आयोजन 24 अप्रैल को

**दुर्ग,21 अप्रैल।** पंचायती राज दिवस 24 अप्रैल को जिले की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री बजरंग कुमार दुबे ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।जिले की सभी ग्राम पंचायतों में 24 अप्रैल को विशेष ग्राम सभा एवं जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। वर्ष 1993 में 73वें संविधान संशोधन के माध्यम से पंचायती राज व्यवस्था को संवैधानिक दर्जा प्राप्त हुआ, जो ग्राम पंचायतों में स्थानीय स्वशासन की सशक्त नींव का प्रतीक है। इसी के तहत 24 अप्रैल 2026 को सभी ग्राम पंचायतों में विविध कार्यक्रम आयोजित करने हेतु निर्देशित किया गया है। विशेष ग्राम सभा के अंतर्गत ग्राम के सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ एवं सम्मानित नागरिकों को आमंत्रित किया जाएगा। ग्राम संवाद कार्यक्रम के तहत पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के उप मुख्यमंत्री का 20 मिनट का रिकॉर्डेड संदेश ग्राम पंचायत स्तर पर प्रसारित किया जाएगा।ग्राम संपदा ऐप में ग्राम की समस्त परिसंपत्तियों के अपलोड का संकल्प लिया जाएगा तथा आत्मनिर्भर ग्राम पंचायत (हमारा कोष-हमारा अधिकार) के तहत समर्थ पोर्टल में शत-प्रतिशत कर आरोपण एवं वसूली का संकल्प पारित किया जाएगा।कार्यक्रम में ग्राम के ऐसे प्रतिभाशाली व्यक्तियों-जैसे कलाकार, नर्तक, खिलाड़ी अथवा अन्य विधाओं में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान प्राप्त करने वाले नागरिकों का सम्मान किया जाएगा।

# बृजमोहन अग्रवाल का आह्वान भवन नहीं, जीवंत समाज बनाएं

## अंबिकापुर में 'श्री अग्रोहा पैलेस' का भूमिपूजन, सांसद ने दिया समाज को नई दिशा का संदेश

- अग्र समाज की सेवा परंपरा को आगे बढ़ाएगा 'श्री अग्रोहा पैलेस', : बृजमोहन अग्रवाल
- नई पीढ़ी को संस्कारों से जोड़ने की जरूरत, अग्रोहा पैलेस भूमिपूजन पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल बोले





**रायपुर, 21 अप्रैल।** रायपुर सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल ने रविवार को अंबिकापुर में अग्रवाल समाज के 'श्री अग्रोहा पैलेस' का भूमिपूजन किया। 150 अत्याधुनिक कमरों, विशाल हॉल और सर्वसुविधायुक्त लॉन से बनने वाला यह भव्य भवन छत्तीसगढ़ ही नहीं, बल्कि पूरे मध्य भारत में अपनी अलग पहचान स्थापित करेगा।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हम भगवान अग्रसेन महाराज के वंशज हैं और अग्र समाज का इतिहास हमेशा से सेवा और समर्पण का रहा है। हजारों वर्षों से हमारे पूर्वजों ने तीर्थ स्थलों पर भवन, बावड़ियां और अन्न क्षेत्र बनाकर समाज सेवा की अनूठी परंपरा कायम की है। आज उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए 'श्री अग्रोहा पैलेस' का निर्माण एक सराहनीय पहल है। सांसद अग्रवाल ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि हमारे समाज की परंपरा आज की नहीं, हजारों साल पुरानी है। जहां-जहां पुराने तीर्थ स्थल हैं, वहां अगर भवन बने हैं, बावड़ियां बनी हैं या अन्न क्षेत्र बने हैं, तो उसमें अग्रवाल समाज का बड़ा योगदान रहा है। लेकिन आज हमारी नई पीढ़ी इस दिशा में उतनी सक्रिय नजर नहीं आ रही है, यह चिंता का विषय है।

उन्होंने कहा कि हम आज भी अपने पूर्वजों के कार्यों का गौरव गान करते हैं, लेकिन जरूरी है कि हम स्वयं भी वैसा ही योगदान दें। समाज में संस्कारों की कमी आ रही है, और यह हमें गंभीरता से सोचने की जरूरत है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि सिर्फबिल्डिंग बनाने से कुछ नहीं होता, घर तब बनता है जब उसमें बच्चों की किलकारियां गूंजती हैं। उसी तरह यह भवन भी तभी सार्थक होगा, जब इसमें समाज के हर वर्ग की भागीदारी होगी।

सांसद अग्रवाल ने कहा कि जब तक समाज का कमजोर व्यक्ति इस भवन से नहीं जुड़ेगा, तब तक यह केवल एक बिल्डिंग बनकर रह जाएगा। जरूरी है कि हम ऐसे लोगों को भी इसमें शामिल करें, ताकि उन्हें लगे कि यह उनके लिए बना है और उनके काम आएगा।

उन्होंने सुझाव दिया कि समाज को केवल भव्य भवन निर्माण तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि जरूरतमंद परिवारों के लिए आवास की व्यवस्था जैसे कार्यों पर भी ध्यान देना चाहिए। अगर हम अपने समाज के गरीब और किराए के घर में रहने वाले परिवारों को अपना घर दे दें, तो इससे बड़ा आशीर्वाद और कोई नहीं हो सकता, उन्होंने कहा।

सांसद अग्रवाल ने आगे कहा कि भवन बनाना एक बात है, लेकिन उसे जागृत और जीवंत बनाना अलग बात है। जब यह भवन समाज के हर वर्ग के उपयोग में आएगा, तभी इसकी वास्तविक सार्थकता होगी। उन्होंने शिक्षा और स्वास्थ्य के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि मंदिर में हम भगवान की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा करते हैं, लेकिन यदि हमने एक बच्चे को शिक्षित कर दिया या किसी गरीब का इलाज करा दिया, तो उससे बड़ा भगवान कोई दूसरा नहीं है।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि 'श्री अग्रोहा पैलेस' समाज को जोड़ने, संस्कारों को सशक्त करने और सेवा की भावना को आगे बढ़ाने का केंद्र बनेगा। इस अवसर पर अग्रवाल समाज के पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंत्री राजेश अग्रवाल जी, अग्रवाल सभा अंबिकापुर अध्यक्ष संजय मित्तल, अजय अग्रवाल, बाबूलाल गोयल, योगेश अग्रवाल, संजय, विनोद, कृष्ण कुमार, मनोज जैन समेत बड़ी संख्या में समाज के गणमान्यजन की गरिमामयी उपस्थिति रही।

---

**एक नजर**

### खराब सड़क के लिए कलेक्टर को सौंपा जाएगा ज्ञापन



**राजनांदगांव, 21 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 5 अर्जुनी की लोकप्रिय जिला पंचायत सदस्य विभा साहू के नेतृत्व में ग्राम सिंगारपुर एवं मेंढा के ग्रामीणजन क्षेत्र की जर्जर एवं खस्ताहाल सड़क समस्या को लेकर 21 अप्रैल को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे।ग्रामीणों द्वारा लंबे समय से सड़क की खराब स्थिति के कारण आवागमन में हो रही भारी परेशानी, दुर्घटना की आशंका एवं जनसमस्याओं को ध्यान में रखते हुए यह ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### शहीद अरुण केशव सप्रे की जयंती पर पुष्पांजलि 23 को

**रायपुर, 21 अप्रैल।** भारतीय वायुसेना के स्क्वाड्रन लीडर टेस्टिंग पायलट रायपुर निवासी शहीद अरुण केशव सप्रे की जयन्ती 23 अप्रैल को निगम मुख्यालय में स्थित शहीद अरुण केशव सप्रे के तैल चित्र के समक्ष उनका सादर ससम्मान नमन करने पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। भारत और पाकिस्तान के मध्य वर्ष 1971 में हुए युद्ध के दौरान भारतीय वायुसेना के लिए युद्धाभ्यास की तैयारियों की ड्यूटी पर भारतीय वायुसेना के युद्धक विमान मारूत की युद्धाभ्यास तैयारी करवाने के दौरान आकस्मिक युद्धक विमान दुर्घटना में भारतीय वायुसेना के स्क्वाड्रन लीडर टेस्टिंग पायलट रायपुर निवासी शहीद अरुण केशव सप्रे का आकस्मिक देवलोकगमन हो गया. रायपुर निवासी शहीद अरुण केशव सप्रे की मधुर पुण्य स्मृतियों को चिरस्थायी बनाने रायपुर नगर पालिक निगम ने नगर निगम सामान्य सभा सभागार में उनका तैल चित्र लगाया और तैल चित्र के समक्ष शहीद अरुण केशव सप्रे की जयन्ती दिनांक 23 अप्रैल और पुण्यतिथि दिनांक 21 नवम्बर को हर वर्ष नियमित रूप से रायपुर नगर पालिक निगम के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 4 के सहयोग से पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।

**निधन**

### प्रमोदिनी ठाकुर

**राजनांदगांव, 21 अप्रैल।** प्रमोदिनी ठाकुर, पत्नी स्व रवि भूषण ठाकुर निवासी ब्राह्मण पारा /पनेका का आज दोपहर देव लोक गमन हो गया हैं वे सुधीर ठाकुर, सुबोध ठाकुर, सुदीप ठाकुर की मां एवं अनुपम ठाकुर (गोल्डी) की बड़ी माँ थी, उनकी अंतिम यात्रा पनेका निवास से, 11 बजे लाखोली मुक्ति धाम के लिए प्रस्थान करेगी।

---

#### कलेक्टर ने गठुला में टसर परिवर्तन केन्द्र का किया निरीक्षण

# रेशम उत्पादन क्षेत्र में तार फेंसिंग के लिए शीघ्र एस्टीमेट तैयार करने के दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**राजनांदगांव 21 अप्रैल।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम गठुला में लगभग 10 हेक्टेयर क्षेत्र में संचालित टसर परिवर्तन केन्द्र की गतिविधियों का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां चल रही विभिन्न गतिविधियों की जानकारी ली तथा रेशम उत्पादन से जुड़े कार्यों का जायजा लिया। कलेक्टर ने रेशम उत्पादन क्षेत्र (रेयरिंग व प्लांटेशन क्षेत्र) की सुरक्षा हेतु ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के अधिकारियों को शीघ्र तार फेंसिंग के लिए एस्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि फसलों एवं पौधों को नुकसान से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से जुड़े ग्रामीणों की आय में वृद्धि के लिए बेहतर योजना बनाकर कार्य किया जाए और उन्हें अधिक से अधिक लाभ दिलाने के प्रयास किए जाएं। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से चर्चा कर रेशम उत्पादन की प्रक्रिया, इसमें होने वाले कार्यों तथा संभावित आय के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि रेशम उत्पादन ग्रामीण आजीविका का एक अच्छा माध्यम बन सकता है, जिससे किसानों एवं समूहों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। उन्होंने संबंधित विभाग को निर्देश दिए कि ग्रामीणों को आवश्यक प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन एवं संसाधन उपलब्ध कराए जाएं, ताकि वे इस गतिविधि से अधिकतम लाभ प्राप्त कर सकें।

उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत गठला में ग्रामोद्योग संचालनालय (रेशम प्रभाग) के माध्यम से टसर परिवर्तन केन्द्र संचालित की जा रही हैं। लगभग 10 हेक्टेयर क्षेत्र में विकसित इस केंद्र में 2 भवन निर्मित हैं तथा बड़े क्षेत्र में अर्जुन पौधों का रोपण किया गया है, जो रेशम उत्पादन का मुख्य आधार है। केंद्र में गतिविधियों के संचालन हेतु स्व-सहायता समूहों को जोड़ा गया है, जहां महिलाओं द्वारा पौधों का रोपण, निराई-गुड़ाई, खाद डालना, पत्तियों की देखभाल, कीट पालन, प्रक्षेत्र की सफाई, कृमिपालन सहित विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं। माह जून-जुलाई से जनवरी तक महिलाओं द्वारा कीट पालन का कार्य किया जाता है। विभाग द्वारा स्व सहायता समूह को 2 रुपए प्रति स्वस्थ डिम्ब के दर से रेशम कीट प्रदाय किए जाते हैं, जिससे वे उत्पादन कर आय अर्जित कर रही हैं। अधिकारियों के मार्गदर्शन में महिलाएं वर्ष में 2 से 3 फसलें लेकर कोसा उत्पादन करती हैं। कोसा को ग्रेडिंग करके ग्रेड अनुसार ककून बैंक के माध्यम से क्रय किया जाता है। जिससे उन्हें उचित मूल्य प्राप्त होता है। वर्ष 2025-26 में स्व-सहायता समूहों को कुल 5 लाख 95 हजार 320 रुपए की आय प्राप्त हुई है। इसके साथ ही केंद्र में दुर्ग संभाग का एक मात्र ककून बैंक वित्तीय वर्ष 2025-26 से संचालित है। यहां जिले के कृषि महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं का शैक्षणिक भ्रमण कराया जाता है तथा उन्हें रेशम उत्पादन, टसर एवं मलबरी सेरिकल्चर की विस्तृत जानकारी दी जाती है। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर अनिकेत साहू, सहायक संचालक रेशम चारूल वर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

---

# गंदे पानी की शिकायत पर महापौर यादव पहुंचे नंदई

### इंदिरा नगर व चौखडिया पारा, पाइप लाइन की जांच कर निराकरण के दिये निर्देश



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 21 अप्रैल।** नंदई, इंदिरा नगर एवं चौखडिया पारा में गंदे पानी आने की शिकायत प्राप्त होने पर आज सुबह महापौर मधुसूदन यादव पानी सप्लाई के समय उक्त क्षेत्रों में पहुँच जल विभाग के अधिकारी को गंदे पानी आने वाले क्षेत्र के पाईप लाईन की जॉच कर अति शीघ्र निरारकरण करने कहा।

महापौर मधुसूदन यादव प्रभावित क्षेत्र में पैदल भ्रमण कर क्षेत्रवासियों से मुलाकात कर गंदे पानी आने के संबंध में चर्चा कर उप अभियंता से कहा कि जहॉ जहॉ गंदा पानी आ रहा है, उक्त क्षेत्र के पाईप लाईन की अति शीघ्र जॉच कर मरम्मत करे। उन्होंने कहा कि वालमेन को निर्देशित करे कि वाल्व खोलने के पश्चात अपने अपने क्षेत्र में जाकर पानी सप्लाई देखे तथा जहॉ इस प्रकार की शिकायत हो वहॉ की रिपोर्ट तत्काल संबंधित अधिकारी को दे, जिससे इसका त्वरित निराकरण हो सके। उन्होंने कहा कि ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए गंदा पानी आने तथा कम पानी आने संबंधी शिकायत का प्राथमिकता से निराकरण करे। निरीक्षण के दौरान पार्षद अरूण साहू, सतीश साहू, पूर्व पार्षद विजय राय सहित निगम का अमला उपस्थित था।

---

# कलेक्टर ने सरपंचों के साथ बैठक की

### ग्रामीण क्षेत्रों में शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन और मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 21 अप्रैल।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज पटवारी प्रशिक्षण केंद्र में राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत सरपंचों के साथ बैठक कर शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायते शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं और इसमें सरपंचों की भूमिका अत्यंत अहम है। कलेक्टर ने सरपंचों से ग्रामीण क्षेत्रों में शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन और मूलभूत सुविधाओं के संबंध में प्रतिक्रिया ली। उन्होंने नाली निर्माण, स्कूलों में अतिरिक्त कक्ष, पेयजल व्यवस्था जैसे मूलभूत कार्यों को प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में पूर्ण के निर्देश दिए। साथ ही पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए टैक्स कलेक्शन बढ़ाने कहा। उन्होंने पंचायतों की आय बढ़ाने के लिए सामुदायिक भवन एवं व्यावसायिक परिसरों के निर्माण जैसे आय सृजन के उपाय अपनाने कहा, जिससे किराये के माध्यम से नियमित आय प्राप्त हो सके। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक सोलर कनेक्शन लेने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित करने तथा गांवों को सोलर विलेज बनाने कहा।

कलेक्टर ने गर्मी के मौसम में धान की जगह कम पानी उपयोग वाली दलहन-तिलहन फसल अपनाने कहा। उन्होंने बताया कि पीएम आशा योजना के अंतर्गत शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर दलहन-तिलहन की खरीदी की जा रही है। जिससे किसानों को अच्छी आमदानी प्राप्त हो रही है। उन्होंने कुपोषण मुक्त पंचायत बनाने तथा लखपति दीदी योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। उन्होंने अविवादित बटवारा, नामांतरण प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत आवासों को समय-सीमा में पूर्ण करने कहा। कलेक्टर ने सरपंचों से उनकी पंचायतों में आने वाली समस्याओं पर भी विस्तार से चर्चा की। कलेक्टर ने कहा कि सभी सरपंच आपसी समन्वय के साथ कार्य कर विकास कार्यों में तेजी लाएं, ताकि शासन की योजनाओं का लाभ समय पर प्रत्येक हितग्राही तक पहुंच सके। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह सहित सभी राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम पंचायतों के सरपंच उपस्थित थे।

---

# प्रधानमंत्री आवास योजना के 140 हितग्राहियों को सौंपा आदेश पत्र

### नगर के सभी पात्र हितग्राहियों का बनेगा पक्का मकान : देवेन्द्र



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़/ लाल बहादुर नगर 21 अप्रैल।** प्रधानमंत्री आवास (शहरी) 2.0 के अंतर्गत नगर पंचायत लाल बहादुर नगर में 140 हितग्राहियों को स्वीकृति आदेश पत्र सौंपा गया, जिसमें प्रत्येक हितग्राहियों को 2.50 लाख रूपए की मदद मिलेगा और गरीबों का पक्का मकान बनाने का सपना सच होगा। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष देवेन्द्र साहु ने नगर के सभी पात्र हितग्राहियों से वादा किया कि आगामी दिनों में बारी बारी से सबका पक्का मकान बनाने का हमारा लक्ष्य है, जिसके लिए हम लगातार काम कर रहे हैं। अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव सहित भारतीय जनता पार्टी के सभी ज्येष्ठ एवं श्रेष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया। आज के कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष देवेन्द्र साहु, उपाध्यक्ष छबीधर साहु, मुख्य नगर पालिका अधिकारी शैलेश पांडेय, सभापति रमेश यादव एवं राजेश देवांगन, पार्षदगण में मृगलाल साहु, योगेश साहु, टिकेश्वर साहु, निकीता ताम्रकार एवं रानू भोमेश साहु सहित आवास हितग्राही एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

---

# परिषद की बैठक में कई अहम विषयों पर लिया गया निर्णय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 21 अप्रैल।** महापौर मधुसूदन यादव की अध्यक्षता में महापौर परिषद की बैठक निगम स्थित महापौर कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में सम्पत्तिकर की वृद्धित दर की समीक्षा कर कम करने तथा महिला सशक्तिकरण हेतु अल्पकालीन जन जागरूकता अभियान की अनुशंसा कर सामान्य सभा को भेजा गया। साथ ही नगर निगम के अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा उपरांत निर्णय लिया गया।

महापौर यादव ने बताया कि वर्षो से सम्पत्तिकर की दर में वृद्धि नही हुई थी, निगम की माली हालत को देखते हुए वित्तीय वर्ष 2026-27 के सम्पत्तिकर में प्रचलित कलेक्टर गाईड लाईन अनुसार दरो में संशोधन अनुसार सम्पत्तिकर का निर्धारण किया गया, जिससे सम्पत्तिकर की दरो मे अप्रत्याशित वृद्धि हुई। उन्होंने बताया कि कई क्षेत्रों में वृद्धित दर गत वित्तीय वर्ष की तुलना में दुगनी हो रही थी, जिसकी करदाताओ ने जानकारी दी। संज्ञान में आते ही पुर्नविचार करने महापौर परिषद की आज बैठक आहुत की गयी, बैठक में दरो में संशोधन कर वित्तीय वर्ष 2026-27 में खुली भूमि एवं आवासीय सम्पत्ति पर दर 10 प्रतिशत एवं व्यवसायिक/औद्योगिक सम्पत्ति पर सम्पत्तिकर 20 प्रतिशत की वृद्धि किये जाने का सामान्य सभा की प्रत्याशा में निर्णय लिया गया। जिससे करदाताओ को राहत मिलने के साथ साथ निगम के आय में भी थोडी वृद्धि होगी।

महापौर यादव ने बताया कि इसी प्रकार नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आदेशानुसार महिला सशक्तिकरण हेतु अल्पकालिक जागरूकता अभियान के आयोजन एवं समन्वय जिससे शासन की योजना को महिलाओ तक पहुचाने हेतु अनुशंसा कर सामान्य सभा को अग्रेषित किया गया। इसके अलावा राष्ट्रीय परिवार सहायता योजनांतर्गत पात्र हितग्राहियों को सहायता राशि भुगतान किये जाने की स्वीकृति तथा लोक सेवा केन्द्र से प्राप्त सामाजिक सुरक्षा पेंशन के पात्र आवेदनों की अनुशंसा सहित ठेका पद्धति से श्रमिक रखने एवं निगम स्वामित्व के दुकानो की लीज अवधि में वृद्धि संबंधी विषयो पर निर्णय लिया गया।

बैठक में महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सर्वश्री सुनील साहू, राजेश जैन रानू, बिना ध्रुव, सावन वर्मा, शैंकी बग्गा, केवरा विजय राय, वर्षा शरद सिन्हा, राजा माखीजा, आलोक श्रोती एवं डीलेश्वर प्रसाद साहू सहित निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, कार्यपालन अभियंता (संविदा) यू.के.रामटेके, प्र.सहायक अभियंता गरिमा वर्मा व सुश्री सुषमा साहू, प्र.स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा, प्र.कार्यालय अधीक्षक नारायण यादव सहित निगम के अधिकारी उपस्थित थे।

---

# अवैध अंग्रेजी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 21 अप्रैल।** पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन तथा नगर पुलिस अधीक्षक एलेक्ज़ेन्डर किरो के पर्यवेक्षण में असामाजिक गतिविधियों एवं अवैध शराब तस्करी के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इसी कड़ी में 19 अप्रैल को थाना प्रभारी सिटी कोतवाली के नेतृत्व में पुलिस टीम परशुराम जयंती शोभा यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था हेतु तैनात थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि मठपारा तालाब के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री कर रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर रेड कार्यवाही की। मौके पर आरोपी मुकेश ठाकुर को हिरासत में लिया गया, जिसके पास से दो बोरियों में भरी हुई कुल 200 नग पौव्वा अंग्रेजी स्पेशल गोवा व्हिस्की (प्रत्येक 180 एमएल) बरामद की गई। कुल 36.00 बल्क लीटर शराब, जिसकी अनुमानित कीमत 24, 000 रुपये है, जब्त कर पुलिस ने कब्जे में लिया है। आरोपी के पास शराब रखने या बेचने के संबंध में कोई वैध दस्तावेज नहीं पाए गए।

गिरफ्तार आरोपी का नाम मुकेश ठाकुर पिता स्व. सुग्रीव ठाकुर, (20) मठपारा वार्ड नं. 28, थाना कोतवाली, जिला राजनांदगांव है। आरोपी का कृत्य छत्तीसगढ़ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के अंतर्गत दंडनीय होने के कारण अपराध क्रमांक 220/2026 पंजीबद्ध किया गया। आरोपी को दिनांक 19.04.2026 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

राजनांदगांव पुलिस द्वारा भविष्य में भी अवैध नशा कारोबारियों एवं अपराधियों के विरुद्ध इसी प्रकार सख्त एवं वैधानिक कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक मिलन सिंह, स.उ.नि संजीव निर्मलकर, प्र.आर शंभू नाथ द्विवेदी, आर धर्मेंद्रसिंह, आर नामदेव नागवंशी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# जो अब हुआ पहले भी हो सकता था

जो काम आज की सरकार के समय हो सकता है,वह काम तो पहले की सरकारों की समय भी हो सकता था। जब तक किसी काम को संभव नहीं माना जाता है तब तक वह संभव होता भी नहीं है क्योंकि किसी काम के संभव मानने के बाद ही यह सोचा जाता है कि यह संभव है तो कैसे संभव है। जब आदमी और सरकार सोच लेती है कि इसे संभव करना है तो वह संभव हो भी जाता है और तब पता चलता है कि जिस काम को आज तक रोका नहीं जा सका था उसे रोकना, उसके खिलाफ कार्रवाई करना तो आसान था ।कोरिया जिले में स्थित देवखोल की पहाडि़यों में कोयले का अवैध खनन तो पता नहीं कितने बरसों से चल रहा है। ऐसा भी नहीं है कि इसकी खबर जिला प्रशासन के अधिकारियों को न हो। अवैध कोल माफिया ने यहां अपना राज स्थापित कर लिया था तो यह कोई एक दो दिन में हुआ नहीं था, स्वाभाविक है कि माफिया ने अपना राय यहां स्थापित किया था कि इसमें स्थानीय अधिकारियों का भी सहयोग रहा होगा। बरसों तक यहां कोल माफिया राज चलता रहा, उनके खिलाफ कार्रवाई के नाम पर छोटा मोटा मामला बना दिया जाता था और दिखा दिया जाता था कि हम तो कार्रवाई करते आ रहे हैं लेकिन माफिया का राज चलता रहा तो इसका साफ मतलब है कि स्थानीय प्रशासन के अधिकारी ही नहीं चाहते थे कि यह अवैध कोल खनन का काम हमेशा के लिए बंद हो। क्योंकि उसके चलते रहने पर ही उनको फायदा था। किसी सरकार को ऐसा लगता नहीं था कि यहां के कोल माफिया उसके कानून के राज के लिए चुनौती है। साय सरकार को ऐसा लगा कि उसके राज में किसी कोल माफिया का राज कैसे चल सकता है और चार विभाग के अधिकारियों की टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई कर उस माफिया राज को एक दिन में समाप्त करके दिखा दिया कि यह माफिया राज कोई माफिया राज नही था जिस खत्म नहीं किया जा सकता था ।खबरों से तो ऐसा लगता था कि अधिकारी पत्थरबाजी से डर जाते थे और कार्रवाई करने नहीं जाते थे, अभी चारों विभाग की संयुक्त टीम कार्रवाई करने गई तो किसी ने पत्थरबाजी क्यों नहीं की क्योंकि उनको पता चल गया था अब जो लोग कार्रवाई करने आ रहे हैं वह डरने वाले नहीं है। एक अधिकारी का कहना है कि पूर्व में 26 खदानों का मुंह ब्लास्ट कर बंद किया गया था ।जब से एसईसीएल शुरू हुआ है तब से अवैध खनन हो रहा है। इससे साफ हो जाता है कि कार्रवाई तो की जाती थी लेकिन ऐसी कार्रवाई नहीं की जाती थी कि अवैध कोल खनन हमेशा के लिए बंद हो जाए ।अवैध कोल खनन बंद करने का इरादा होता तो सोचा जाता कि इसे हमेशा के लिए कैसे बंद किया जा सकता था। यानी अब तक नाम को कार्रवाई भी होती रही और अवैध कोल खनन भी चलता रहा। साय सरकार की इस बात के लिए तारीफ तो करनी होगी कि जिस काम को अब तक कोई सरकार नहीं कर सकी उस काम को करने का हौसला दिखाया और हर तरह के माफिया को बता दिया है कि अब उनका राज नहीं चलने वाला है। सेंट्रल फ्लांइग स्क्वाड ने अवैध खनन स्थलों को स्थायी रूप से बंद करने को कहा है ।प्रशासन का अब कहना है कि अब नियमित निगरानी की जाएगी और अवैध कोल खनन पर पूरी तरह रोक लगाई जाएगी। यह काम अब हुआ तो पहले भी हो सकता था लेकिन करने वालों ने करने को नहीं सोचा। साय सरकार नक्सलियों का खात्मा कर सकती है तो वह माफिया राज का भी खात्मा कर सकती है। जनता उससे उम्मीद करती है कि वह हर तरह के माफिया के खिलाफ इसी तरह कड़ी कार्रवाई करेगी और राज्य में हर तरह के माफियाराज को समाप्त करेगी।

विशेष लेख

# बस्तर के लिए खुले वैश्विक द्वार; 4 घंटे में पूरा होगा समंदर तक का सफर

**प्रदीप कुमार लाल**

बस्तर की प्रगति को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए रायपुर-विशाखापट्टनम इकोनॉमिक कॉरिडोर (NH-130 CD) एक क्रांतिकारी कदम साबित होने जा रहा है। भारतमाला परियोजना के तहत बन रहा यह 6-लेन ग्रीनफील्ड कॉरिडोर न केवल दूरियों को कम करेगा, बल्कि बस्तर के स्थानीय उत्पादों को सीधे अंतरराष्ट्रीय बंदरगाहों तक पहुँच प्रदान कर लैंड-लॉक्ड क्षेत्र की बाधाओं को समाप्त करेगा।




### दुर्गम घाटों से मुक्ति और समय की बड़ी बचत

वर्तमान में जगदलपुर से विशाखापट्टनम की यात्रा ओडिशा के कोरापुट और जयपुर के कठिन घाटों से होकर गुजरती है, जिसमें 7 से 9 घंटे का समय लगता है। भारी वाहनों के लिए यह मार्ग न केवल थकाऊ है, बल्कि डीजल की खपत और मेंटेनेंस के लिहाज से भी खर्चीला है। नया कॉरिडोर इस यात्रा को मात्र 3.5 से 4 घंटे में समेट देगा। सीधा और घाट-मुक्त रास्ता होने के कारण वाहनों का परिचालन खर्च काफी कम हो जाएगा, जिससे परिवहन क्षेत्र को बड़ी राहत मिलेगी।

### नबरंगपुर इंटरचेंजः बस्तर का प्रवेश द्वार

रायपुर-विशाखापट्टनम इकोनॉमिक कॉरिडोर (NH-130 CD) छत्तीसगढ़ के रायपुर, धमतरी, कांकेर और कोंडागांव जिलों से गुजर रहा है। जगदलपुर मुख्यालय को इस कॉरिडोर से जोड़ने के लिए ओडिशा के नबरंगपुर का दासपुर इंटरचेंज महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगा। जगदलपुर का ट्रैफिक मात्र 50-60 किमी का सफर तय कर नबरंगपुर इंटरचेंज के माध्यम से रायपुर-विशाखापट्टनम इकोनॉमिक कॉरिडोर में शामिल हो सकेगा, जिससे बस्तर सीधे विशाखापट्टनम पोर्ट और अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक नेटवर्क से जुड़ जाएगा।

### बस्तरिया ब्रांड का अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रवेश

इस कॉरिडोर का सबसे महत्वपूर्ण प्रभाव बस्तर की स्थानीय अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। अब बस्तर की अरेबिका कॉफी, जैविक इमली, महुआ उत्पाद और प्रसिद्ध ढोकरा शिल्प को विशाखापट्टनम पोर्ट तक पहुँचाना सुगम होगा। कम लॉजिस्टिक लागत के कारण ये उत्पाद वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धी दरों पर उपलब्ध होंगे, जिससे स्थानीय किसानों, संग्रहकर्ताओं और शिल्पकारों को उनकी उपज का बेहतर अंतरराष्ट्रीय मूल्य मिल सकेगा।

### सामाजिक और आर्थिक उत्थान

बस्तर, कांकेर और कोंडागांव जैसे आकांक्षी जिलों को इस परियोजना से सीधा लाभ मिलेगा। बेहतर सड़क संपर्क से शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य बुनियादी सुविधाएं इन सुदूर क्षेत्रों तक अधिक प्रभावी ढंग से पहुंच सकेंगी। इस राजमार्ग के माध्यम से बस्तर का कृषि उत्पाद और इस्पात सीधे रायपुर, दुर्ग-भिलाई और विशाखापट्टनम जैसे औद्योगिक केंद्रों से जुड़ जाएगा। इससे स्थानीय युवाओं के लिए तकनीकी, प्रबंधन, लॉजिस्टिक्स, रियल एस्टेट और सर्विस सेक्टर में हजारों नए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। यह कॉरिडोर बस्तर में औद्योगिक विकास की एक नई लहर लाने के लिए तैयार है।

### औद्योगिक और खनिज विकास

बस्तर क्षेत्र लौह अयस्क और अन्य खनिजों से समृद्ध है। यह कॉरिडोर इन खनिजों को विशाखापत्तनम पोर्ट तक तेजी से पहुंचाने में मदद करेगा, जिससे निर्यात और व्यापार में भारी उछाल आएगा। कॉरिडोर के किनारे नए औद्योगिक क्लस्टर विकसित होने की संभावना है, जिससे स्थानीय स्तर पर विनिर्माण को बढ़ावा मिलेगा।

### पर्यटन और सांस्कृतिक पहचान का विस्तार

कनेक्टिविटी में सुधार होने से अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों की आमद बढ़ेगी। विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा, दंतेश्वरी मंदिर, ढोलकल गणेश, कुतुमसर गुफा और चित्रकोट-तीरथगढ़ जैसे जलप्रपातों तक पहुंच आसान होगी। इससे न केवल पर्यटन राजस्व बढ़ेगा, बल्कि आदिम संस्कृति और लोक कलाओं को भी वैश्विक मंच पर नई पहचान मिलेगी।

### पर्यावरण और इंजीनियरिंग का तालमेल

कांकेर जिले के बासनवाही के मंझिनगढ़ पहाड़ी (केशकाल) को चीरकर 2.79 किमी लंबी छत्तीसगढ़ की पहली ट्विन-ट्यूब टनल बनाई जा रही है। यह टनल उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के इको-सेंसिटिव जोन से गुजरती है, जिसे इस तरह डिजाइन किया गया है कि वन्यजीवों का आवागमन बाधित न हो। साथ ही पूरे राजमार्ग में मंकी कैनोपी, एनिमल अंडरपास और ओवरपास बनाए जा रहे हैं ताकि विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बना रहे।

### रायपुर-विशाखापत्तनम इकोनॉमिक कॉरिडोर

रायपुर-विशाखापत्तनम इकोनॉमिक कॉरिडोर (NH 130CD) बस्तर संभाग और पूरे छत्तीसगढ़ के आर्थिक परिदृश्य को बदलने वाली एक महत्वाकांक्षी परियोजना है। लगभग 16,491 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा यह 464 किमी लंबा ग्रीनफील्ड एक्सेस कंट्रोल कॉरिडोर न केवल दूरी कम करेगा, बल्कि बस्तर जैसे जनजातीय क्षेत्रों को मुख्यधारा की अर्थव्यवस्था से जोड़ने में सेतु का काम करेगा। यह कॉरिडोर बस्तर को विश्व व्यापार की मुख्यधारा से जोड़ने का मार्ग प्रशस्त करेगा। यह परियोजना सही मायने में बस्तर की आत्मनिर्भरता और वैश्विक पहचान का आधार बनेगी।

**क्षेत्रीय अधिकारी,भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर**

## आज का राशिफल

मेष राशिः आज आपका दिन सकारात्मक रहेगा। आज आपका काफी दिनों से रुका काम पूरा होगा आपको रिलैक्स फील होगा। इस राशि के छात्रों के लिए आज का दिन अनुकूल रहने वाला है, जल्द ही आप करियर में नया मुकाम पाने वाले हैं। खासतौर पर साइंस से जुड़े छात्रों के लिए दिन फायदेमंद रहेगा। आज माता-पिता के साथ किसी रिश्तेदार के घर जा सकते हैं। आज कार्यस्थल पर बड़ा ऑफर मिलने से धन लाभ होने का योग है। आप परिवार वालों के साथ मनोरंजन के लिए कहीं ट्रिप पर जाने का प्लान बनायेंगे।

वृष राशिः आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। जो छात्र कॉलेज में नए प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं, वो जल्द ही प्रोजेक्ट पूरा कर लेंगे शिक्षकों का पूरा सहयोग मिलेगा। आज किसी भी कार्य करने की शुरुआत बुजुर्गों के आशीर्वाद लेकर करें अवश्य सफल होंगे। दोस्तों के साथ आपका दिन अच्छा गुजरेगा। आज अपनी गलतियों से कुछ बेहतर सीखेंगे। अपने कारोबार के खर्च के साथ-साथ निजी खर्च में बैलेंस बनाये रखें।

मिथुन राशिः आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज कुछ लोग आपसे किसी काम के लिए मदद मांग सकते हैं। परिवार में आपके गुणों की तारीफ़ हो सकती है। किसी नयी तकनीक को अपनाने से आपके व्यापार में इजाफा होगा। आज जीवनसाथी के साथ डिनर करने का प्रोग्राम बनायेंगे। जो लोग संगीत या गायन के क्षेत्र से जुड़े हैं, उन्हें किसी अच्छे मंच पर परफॉर्मेंस का मौका मिल सकता है।

कर्क राशिः आज आपका दिन शुभ फलदायक रहेगा। आज आपको नये लोगों से थोड़ा संभलकर रहना चाहिए। आज आपके ऑफिस में काम को लेकर आपकी शिकायत कर सकता है। आपको हर चीज़ परफेक्ट रखनी चाहिए चाहे वो कोई भी काम हो । अगर आप नए काम की शुरुआत करने जा रहे हैं तो काम में बड़ों से विचार विमर्श जरूर कर लें। खुद को फिट रखने के लिए आपको योग करना चाहिए।

सिंह राशिः आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज किसी विशेष काम की ओर आपका झुकाव हो सकता है, आप अपना पूरा दिन पसंदीदा काम को करने में गुजारेंगे। आज करियर के मामले में स्थिति बेहतर होने के आसार हैं। आज सेहत के प्रति आपको सतर्क रहने की जरूरत है। फास्ट फूड खाने से आपको बचना चाहिए। आज दुकानदारों को मुनाफा होने का योग बन रहा है। साथ ही आपको किसी बड़े ग्रुप से जुडऩे का अवसर मिल सकता है।

कन्या राशिः आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज आपको किसी तरह के कानूनी मामले में दोस्तों की मदद मिलेगी। आज आप परिवार वालों की इच्छाएं पूरी करने की कोशिश करेंगे, जिसमें आप काफी हद तक सफल भी होंगे। दोस्तों के साथ आपके रिश्ते मजबूत होंगे। आपको काम में कुछ नये लोगों के साथ साझेदारी करने का मौका मिल सकता है। लवमेट के लिए आज का दिन बढिय़ा रहेगा। थोड़ी मेहनत से आपको किसी बड़े धन लाभ का अवसर मिल सकता है। सकारात्मक सोच आपके लिए लाभदायक साबित होगी।

तुला राशिः आज का दिन आपके लिए मिली- जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आज आपको व्यापार में उम्मीद से कुछ कम ही लाभ प्राप्त होगा। आज आप अपने जीवन को और बेहतर बनाने के लिए कोशिश करेंगे। आज आपके घर पर कुछ मेहमान आ सकते हैं, आपको ख़ुशी होगी। आज ऑफिस में काम की अधिकता थोड़ी ज्यादा रहेगी, लेकिन शाम तक सारा काम अच्छे से निपट जायेगा।

वृश्चिक राशिः आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। आज आपको अच्छी खबर मिलने के योग हैं यह ख़ुशी आपके घर में बेटे के करियर को लेकर हो सकती है। आज ऑफिस में आपको नया काम मिल सकता है, जिसे पूरा करके आपको भी ख़ुशी होगी। आज की शाम परिवार वालों के साथ बितायेंगे, जिससे पारिवारिक जीवन खुशहाल बनेगा। आज आप माता-पिता के साथ किसी समारोह में जा सकते हैं।

धनु राशिः आज का दिन आपके जीवन में नई खुशियाँ लेकर आया है। आज किसी काम के सिलसिले से की गई यात्रा फायदेमंद रहेगी। साथ ही समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। परिवार में किसी रिश्तेदार के आगमन से घर में खुशी का माहौल बनेगा, आपकी मुलाकात कुछ खास लोगों से होगी। आप अपने लक्ष्य को जल्द से जल्द पूरा करने के बारे में विचार करेंगे।

मकर राशिः आज का दिन आपके लिए बदलाव से भरा हो सकता है। आज आपके जीवन में कुछ बदलाव आ सकते हैं जो आपके नजरिये को एक सकारात्मक दिशा देंगे। आज आपको किसी काम को करने के लिये ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। जो लोग होटल या रेस्टोरेंट जैसे बिजनेस से जुड़े हैं, उनके लिये दिन पहले से बेहतर रहेगा, आज आपका दिन ज्यादा लाभ कमानें का है।

कुम्भ राशिःआज आपका दिन ताजगी से भरा रहेगा। आज जीवनसाथी के साथ आप मूवी देखने का प्लान बना सकते हैं। आज कार्यक्षेत्र में लोगों से हर तरह का सहयोग मिलेगा। कुछ दिनों से रुका हुआ काम आज पूरा हो जायेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। आपको अचानक से कुछ ऐसा हासिल हो सकता है, जिसकी आपको वर्षो से तलाश थी।

मीन राशिः आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आज किसी जरूरी काम में आपको भाई-बहनों का सपोर्ट मिलेगा। अपने परिवार वालों के साथ आप कुछ बेहतरीन पलों का आनंद उठायेंगे। करियर में तरक्की के रास्ते खुल सकते हैं। आज आपको किसी अजनबी पर भरोसा करने से बचना चाहिए और आपको अपनी योजनाओं के प्रति गोपनीयता बनाये रखने की जरुरत है। आप किसी मित्र से मिलने उसके घर जा सकते हैं.

### सू- दोकू क्र.015

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.014 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

### शब्द सामर्थ्य -015

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

**ऊपर से नीचे**

1. ह्रदर, उर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बर्बादी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अरेही 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | | ■ | | ■ | 6 | | |
| ■ | 7 | | | | ■ | | ■ | |
| 8 | | ■ | ■ | | ■ | 9 | 10 | |
| | ■ | ■ | ■ | 11 | 12 | ■ | | ■ |
| 13 | | | 14 | ■ | 15 | | | ■ |
| | ■ | ■ | 16 | 17 | | ■ | 18 | 19 |
| ■ | 20 | ■ | ■ | | ■ | 21 | ■ | |
| 22 | | | | | ■ | 23 | | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 014 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चु | स्त | ■ | मु | ■ | सं | स्था | न | ■ |
| ग | ■ | म | र्दा | न | गी | ■ | त | म |
| ली | प | ना | ■ | ■ | त | न | ■ | ■ |
| ■ | ना | ना | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | ■ |
| मा | ह | ■ | रा | ■ | सा | ज | न | ■ |
| न | ■ | स | ह | दे | व | ■ | म | द |
| व | ■ | म | ■ | व | न | ज | ■ | ल |
| ता | क | त | व | र | ■ | मी | ■ | द |
| ■ | ल | ल | क | ■ | क | र | त | ल |

समसामयिक

# डबल इंजन सरकार मणिपुर में हिंसा रोकने में नाकाम क्यों?

**मनोज कुमार अग्रवाल**



पूर्वोत्तर के अद्वितीय खूबसूरती वाले सेवन सिस्टर राज्यों में से एक राज्य मणिपुर कुछ समय की शांति के बाद एक बार फिर से सुलग उठा है। बीते सात अप्रैल को बिशनुपुर जिले के त्रोंगलाओबी गांव में हुए बम विस्फोट में एक बीएसएफ जवान के दो नाबालिग बच्चे मारे गए, जबकि उनकी मां घायल हो गई। मृतकों में एक पांच महीने का नवजात शामिल था। मैतेई नागरिक समाज समूहों ने आरोप लगाया है कि चुड़ाचांदपुर के कुकी-जो उग्रवादी समूह इस हमले के के पीछे हैं और उन्होंने केंद्रीय सुरक्षा बलों को हटाने की मांग भी की है। इस घटना के बाद मैतेई समुदाय के लोगों ने भारी प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षा बलों के कैंप पर हमला बोल दिया। अफवाहों का सहारा लेकर कुछ लोग कैंप में घुसने और हथियार लूटने की कोशिश करने लगे। स्थिति नियंत्रण से बाहर होते देख सीआरपीएफ जवानों ने फायरिंग की, जिसमें तीन स्थानीय निवासी मारे गए। इस तरह पांच मौतें पिछले 10 दिनों में हो चुकी हैं।

आपको बता दें जानकारी के अनुसार राज्य में अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है, जिससे स्थानीय लोगों में गुस्सा बढ़ता जा रहा है। मेइरा पाइबी समूहों ने घाटी क्षेत्रों में पांच दिन का बंद बुलाया है और 25 अप्रैल तक दोषियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि अगर कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन और तेज होगा।

मुख्यमंत्री कार्यालय और गृह मंत्री ने शांति की अपील की है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। स्थानीय लोग न्याय की मांग कर रहे हैं और आरोप लगा रहे हैं कि सुरक्षा बल हमलावरों की पहचान करने में नाकाम रहे हैं। फिलहाल इंटरनेट सेवाएं कई जिलों में निलंबित हैं और तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है।

गौर तलब है कि दुनिया भर में होने वाली राजनीतिक हिंसा और संघर्षों का डेटा ट्रैक करने वाला स्वतंत्र अमेरिकी संगठन 'आर्म्ड कॉन्फ्लिक्ट लोकेशन एंड इवेंट डेटा प्रोजेक्ट' ने एक साल पहले मई 2025 में एक रिपोर्ट जारी की थी, जो मणिपुर में 2023-2025 के बीच होनी वाली हिंसा पर बनाया गया महत्वपूर्ण दस्तावेज है। इसके अनुसार, लगभग शुरुआती 24 महीनों में मणिपुर में 1,000 से अधिक राजनीतिक हिंसा की घटनाएँ और 396 मौतें हुई थीं। लगभग 67000 लोग शरणार्थी शिविरों में रहने को बाध्य हुए। एनसीआरबी के एक शोध के अनुसार, इस समय राहत शिविरों में रहने वाले 65.8% लोग पोस्ट-ट्रॉमेटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर से जूझ रहे हैं।

बता दे कि उत्तर-पूर्व हमेशा ऐसा नहीं था। 1949 में तमाम कोशिशों के बाद मणिपुर और त्रिपुरा का भारत में विलय हुआ था। फिर 70 के दशक में मेघालय, मणिपुर और त्रिपुरा पूर्ण राज्य बने, 'मिज़ो शांति समझौते' से होते हुए मिज़ोरम, 1987 में राज्य बना और चीन के लाख दबाव के बावजूद अरुणाचल प्रदेश को पूर्ण राज्य का दर्जा दिया गया। पूरे उत्तर पूर्व में बहुत सारी उठा-पटक के बाद 90 के दशक के अंत में शांति की शुरुआत होने लगी थी। 2000-2014 के बीच का समय इस शांति को स्थायित्व में बदलने का समय था। शांतिपूर्ण बदलाव के समय में 2014 में मोदी सरकार आ गयी जिसे उत्तर पूर्व की शांति को मजबूती देनी थी लेकिन सरकार की अक्षमता मई 2023 में खुलकर तब सामने आ गई जब मणिपुर में मैतेई और कुकी-जो समुदाय के बीच भीषण हिंसा भड़क गई। हिंसा बढ़ती जा रही थी और मोदी सरकार लाचारों की तरह हिंसा को बढ़ते देख रही थी। गृहमंत्री अमित शाह ने 29 मई से 1 जून, 2023 के बीच मणिपुर का दौरा करके एक बेहतर काम किया लेकिन शायद उनमें वो क्षमता ही नहीं थी कि वो इस संघर्ष को रोक पाने के उपाय खोज पाते। शायद इसीलिए इसके बाद वो एक साल तक मणिपुर गए ही नहीं।

अप्रैल 2024 में वो फिर से मणिपुर गए लेकिन इस बार उनका मक़सद मणिपुर में शांति नहीं, मणिपुर में लोकसभा चुनाव प्रचार करना था। इसके बाद वो आज तक मणिपुर नहीं गए। मतलब, भारत के गृहमंत्री, जिसके ऊपर भारत की आंतरिक सुरक्षा का वैधानिक दायित्व है वो मणिपुर जैसे संवेदनशील और हिंसाग्रस्त प्रदेश में 3 मई 2023 से आज तक मात्र दो बार ही गए, यह वास्तव में दुखद है।

जो हालात दोबारा बन रहा है उसमे केंद्र सरकार और मणिपुर की बीजेपी सरकार को तमाम हालात की उच्च स्तरीय जांच कर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए नही तो यह देश के लिए बेहद दुखद होगा कि एक राज्य पिछले 3 सालों से लगातार हिंसा की आग में झुलस रहा है और सरकार की तमाम कोशिश नाकाम हो रहा है गौरतलब है कि इससे पहले मई 2023 में जो हिंसा मणिपुर में शुरु हुई थी, उसमें अब तक कम से कम 260 लोगों की जान जा चुकी है और लगभग 60,000 लोग विस्थापित हुए हैं। यह हिंसा सबसे पहले मैतेई और कुकी समुदायों के बीच शुरू हुई थी और अब लगभग सभी समूह इसमें शामिल हो गए हैं। मणिपुर में मैतेई और कुकी पहले भी मिल-जुलकर नहीं रहते थे, मैतेई समुदाय मुख्य रूप से इंफाल घाटी के मैदानी इलाकों में रहते हैं, जबकि कुकी पहाड़ी क्षेत्रों में निवास करते हैं। लेकिन तीन सालों की हिंसा के बाद अब मैतेई और कुकी न केवल अपने-अपने क्षेत्रों में सिमट गए हैं, बल्कि एक समुदाय के लोग दूसरे समुदाय के इलाके में जाने का जोखिम भी नहीं एक राज्य के भीतर ऐसा बंटवारा एक भारत-श्रेष्ठ भारत के अनुरूप तो बिल्कुल नहीं है, लेकिन सरकार सच देखकर भी आंख फेर रही है।

2023 में हिंसा इसलिए भड़की थी, क्योंकि मैतेई समदापाको अनुसूचित जनजाति दर्जा की मांग पर मणिपुर हाईकोर्ट ने फैसला लिया था कि मैतेई समुदाय को एसटी सूची में शामिल किया जाए। 2012 से ही मैतेई समुदाय यह मांग कर रहा था ताकि उन्हें आरक्षण, सरकारी नौकरियों और शिक्षा में लाभ मिले। लेकिन तब कुकी-जो समुदाय ने डर जताया कि एसटी दर्जा मिलने पर मैतेई पहाड़ी क्षेत्रों में जमीन खरीद सकेंगे, उनकी राजनीतिक शक्ति बढ़ेगी जबकि आदिवासियों की जमीन, नौकरियाँ तथा संसाधन प्रभावित होंगे। इस फैसले का विरोध शुरु हुआ और 3 मई 2023 को ऑल ट्राइबल स्टूडेंट्स यूनियन मणिपुर ने पहाड़ी जिलों में ' ट्राइबल सॉलिडैरिटी यानी आदिवासी एकता मार्च' निकाला। इस मार्च के बाद इम्फाल घाटी और पहाड़ी क्षेत्रों में हिंसा भड़क उठी। और फिर उसकी आग कितनी फैल गई, ये सबने देखा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मणिपुर चर्चा में आ गया था, क्योंकि यहां दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर उनके साथ सामूहिक बलात्कार का मामला सामने आया था। तब भी तत्कालीन मुख्यमंत्री बीरेन सिंह और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उम्मीद थी कि वे जल्द से जल्द हालात सामान्य करने के लिए कदम उठाएंगे। पिछले साल फरवरी में एन बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगा, सितंबर में प्रधानमंत्री मोदी ने मणिपुर का दौरा किया और इस साल फरवरी में भाजपा के ही युम्नाम खेमचंद सिंह के नेतृत्व में नयी सरकार बनी ।लेकिन चंद महीनों की शांति के बाद अब फिर हिंसा भड़की है तो कुछ सवाल भी नए सिरे से खड़े हो गए हैं। जैसे, क्या युम्नाम खेमचंद सिंह भी मणिपुर की नाजुक जातीय संरचना को संभाल कर काम नहीं कर पा रहे हैं। दूसरा सवाल कि क्या सुरक्षा बलों और जांच एजेंसियों में कहीं कोई बड़ी खामी है, जो वो हिंसा को भड़कने और फैलने से रोक नहीं पा रहे हैं। तीसरा और सबसे अहम सवाल, क्या जिस वक्त देश ऊर्जा के गंभीर संकट में फंसा है, क्या ऐसे में विदेशी ताकतों के ईशारे पर मणिपुर में हिंसा की आड़ में कोई बड़ा खेल हो रहा है। ध्यान रहे कि मणिपुर हो या लद्दाख, ये प्राकृतिक संपदा के धनी क्षेत्र हैं और अब तक शांतिप्रिय ही रहे हैं। मगर अब वहां अराजक ताकतें सिर उठा रही हैं ।यहां के लोग बहुत संवेदनशील है कोई साजिश जरूर है जो इनकी संवेदनशीलता से खिलवाड़ कर आपसी संघर्ष में उलझा रही है। ध्यान रखना मणिपुर में मौजूदा वक्त में चाहे जिस कारण से हिंसा भड़की हो, अब उस पर तत्काल काम करना होगा। सरकार को बिना देरी कुछ सख्त और जरूरी फैसले लेकर मणिपुर में शांति स्थापित करनी चाहिए।

# नारी सम्मान पर प्रहार करने वालों को जनता देगी करारा जवाब: ओजस्वी भीमा मंडावी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दन्तेवाड़ा, 21 अप्रैल।** नारी शक्ति के अधिकारों को रोककर जश्न मनाने वाली कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों को यह स्पष्ट रूप से समझ लेना चाहिए कि नारी सम्मान के विरुद्ध किया गया हर प्रयास अंततः उन्हीं पर भारी पड़ेगा।

आज देश में महिलाओं के सशक्तिकरण, सम्मान और अधिकारों को सुनिश्चित करने की दिशा में निरंतर सकारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। लेकिन कुछ राजनीतिक दल अपने स्वार्थ और संकीर्ण सोच के कारण महिलाओं के अधिकारों को बाधित करने का कार्य कर रहे हैं, जो अत्यंत निंदनीय हैनारी केवल परिवार की ही नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। उनके अधिकारों की उपेक्षा करना, उनके सम्मान को ठेस पहुंचाना और उनके विकास में बाधा उत्पन्न करना किसी भी सभ्य समाज के लिए स्वीकार्य नहीं हो सकता।मैं स्पष्ट करना चाहती हूं कि देश की नारी अब जागरूक है, सशक्त है और अपने अधिकारों के प्रति सजग है। जो भी शक्तियां उनके अधिकारों पर प्रहार करेंगी, उन्हें जनता के बीच इसका जवाब अवश्य मिलेगा।नारी सम्मान सर्वोपरि है और इसके संरक्षण के लिए हर स्तर पर संघर्ष जारी रहेगा।

# खदान क्षेत्र में ब्लास्टिंग से कुछ घरों की दीवारों में पड़ी दरारें, मुआवजे की मांग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कांकेर, 21 अप्रैल।** जिला के भानुप्रतापपुर विकासखंड के ग्राम कच्चे में गोदावरी पॉवर एंड इस्पात लिमिटेड (हीरा ग्रुप) द्वारा संचालित खदान क्षेत्र में बिना पूर्व सूचना के अचानक हुए तेज ब्लास्टिंग से कुछ घरों की दीवारों में दरारें आ गई, जिससे ग्रामीणों में भय और आक्रोश दोनों देखने को मिला। फिलहाल स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने आनन-फानन में प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट कराया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि खदान प्रबंधन की लापरवाही के कारण ही यह स्थिति उत्पन्न हुई है। बिना सूचना ब्लास्टिंग करना सीधे तौर पर सुरक्षा मानकों का उल्लंघन है। उन्होंने प्रशासन से और माइंस संचालक से मांग की है कि नुकसान का तत्काल सर्वे कराया जाए और प्रभावित परिवारों को उचित मुआवजा दिया जाए।

ग्रामीणों के अनुसार खदान संचालक द्वारा निर्धारित नियमों और सुरक्षा मानकों की अनदेखी करते हुए बिना किसी पूर्व सूचना के ब्लास्टिंग की गई। धमाके की तीव्रता इतनी अधिक थी कि आस-पास के कई मकानों में कंपन महसूस हुआ और दीवारों में दरारें उभर आई। घटना के बाद ग्रामीण अपने घरों से बाहर निकल आए और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले कई दिनों से बिना किसी सूचना के खदान में ब्लास्टिंग का कार्य किया जा रहा है, लेकिन जब ब्लास्टिंग के कारण दीवारों में दरारें आने लगी तो एक ही दिन के अंदर प्रभावितों को दूसरे स्थान पर स्थानांतरण कराया गया, यह खदान संचालक की बड़ी लापरवाही को दर्शाता है।

## एक नजर

### दो जगह वन्य प्राणी तेंदुए के हमले से दो ग्रामीण घायल



**बीजापुर, 21 अप्रैल।** जिले के कुटरू थाना क्षेत्र के जंगल में दो अलग-अलग जगहों पर वन्य प्राणी तेंदुए के हमले में दो ग्रामीण घायल हो गए है। घायलों का इलाज कुटरू अस्पताल में चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार पहला मामला घटना इदवाड़ा का है, जहां सुबह करीब 4 बजे लक्ष्मण वेको पर तेंदुए ने हमला कर दिया। वह किसी काम से घर से बाहर निकले थे, तभी अचानक तेंदुआ उन पर झपट पड़ा, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्राम डोडूम में तेंदुआ ने महुआ बीनने जंगल गए ग्रामीण शंकर पोयम पर भी हमला कर दिया। इस हमले में वे भी गंभीर रूप से घायल हो गए। लगातार दो घटनाओं के बाद पूरे इलाके में भय का माहौल बन गया। इधर घटना के बाद ग्रामीणों ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। वन्य प्राणी तेंदुए के हमले की जानकारी वन विभाग को दी गई है।

### महिला आरक्षण को जनगणना और परिसीमन से जोड़कर लटकाया जा रहा : राजेश तिवारी



**कांकेर, 21 अप्रैल।** जिला मुख्यालय में कांग्रेस द्वारा आयोजित प्रेसवार्ता में राजेश तिवारी ने महिला आरक्षण बिल को लेकर उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस महिला आरक्षण के खिलाफ नहीं है, बल्कि इसके लागू होने में हो रही देरी और इसे जनगणना व परिसीमन से जोड़ने का विरोध कर रही है। राजेश तिवारी ने कहा कि भाजपा इस मुद्दे को चुनावी स्टंट के रूप में इस्तेमाल कर रही है, जबकि महिलाओं को तुरंत अधिकार देने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा। कांग्रेस का आरोप है कि 2023 में बिल पारित होने के बावजूद इसे 2027 से 2034 तक टालने की बात की जा रही है, जो महिलाओं के अधिकारों के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण को जनगणना और परिसीमन से जोड़कर लटकाया जा रहा है। इसके साथ ही कांग्रेस ने ओबीसी महिलाओं के लिए अलग से आरक्षण की मांग उठाई, जिसे वर्तमान बिल में शामिल नहीं किया गया है। कांग्रेस पार्टी का कहना है कि भाजपा की सरकार महिला सशक्तिकरण के नाम पर केवल दिखावा कर रही है और देश की महिलाओं के साथ छल किया जा रहा है।

### वॉक इन इंटरव्यू 4 से 11 मई तक होगा विषयवार

**बीजापुर, 21 अप्रैल।** जिले के इच्छुक अभ्यर्थियों को छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सिविल सेवा परीक्षा, बैंकिंग परीक्षा, रेल्वे भर्ती बोर्ड, कर्मचारी चयन आयोग, छत्तीसगढ़ व्यापम के माध्यम से ली जाने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण उपलब्ध कराने एवं विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धात्मक बनाकर परिणाम मूलक सफलता सुनिश्चित कराने हेतु इच्छुक एवं पात्र उम्मीदवारों का वॉक इन इंटरव्यू 04 मई 2026 से 11 मई 2026 तक विभिन्न विषयवार आयोजित किया जाना है।

# एनएमडीसी की जमीनी कथाओं ने राष्ट्रीय संबंधों को मजबूत किया, 10 पीआरएसआई पुरस्कार जीते

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**हैदराबाद, 21 अप्रैल।** भारत की सबसे बड़ी लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी लिमिटेड को 'राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस समारोह' के अंतर्गत आयोजित 'पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया' के चौथे राष्ट्रीय सम्मेलन में 10 पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। ये मान्यताएं कॉर्पोरेट कम्यूनिकेशन्स में एनएमडीसी की बढ़ती ताकत और जमीनी प्रभाव को सार्थक, लोक-केंद्रित आख्यानों में बदलने की इसकी क्षमता को दर्शाती हैं। इस कार्यक्रम में गणमान्य अतिथियों च. प्रियंका, आईएएस, विशेष आयुक्त, आई एंड पीआर विभाग, तेलंगाना सरकार, सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी के.वी. रमण चारी, तेलंगाना प्रेस अकादमी के अध्यक्ष श्रीनिवास रेड्डी, के. नागेश्वर, उस्मानिया विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त प्रोफेसर एवं पूर्व एमएलसी सहित सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। एनएमडीसी की ओर से कॉर्पोरेट कम्यूनिकेशन्स की टीम ने सम्मान प्राप्त किए। राष्ट्रीय खनिक ने कॉर्पोरेट कम्यूनिकेशन्स एक्सीलेंस, सुस्थिरता रिपोर्ट, वार्षिक रिपोर्ट, कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर), डिजिटल जनसंपर्क, आंतरिक गृहपत्रिका 'खनिज भारती' और कर्मचारी सहभागिता में प्रथम पुरस्कार हासिल किया, जबकि अपने वॉल कैलेंडर, डायरी और डिजिटल और सोशल मीडिया अभियान के लिए द्वितीय पुरस्कार भी जीता। ये मान्यताएं न केवल खनन में एनएमडीसी की परिचालन उत्कृष्टता पर प्रकाश डालती हैं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य-सेवा, स्वच्छता और आजीविका में इसके निरंतर सीएसआर प्रयासों पर भी प्रकाश डालती हैं। साथ मिलकर, वे जिम्मेदारी के साथ विकास की एक बड़ी कथा बुनते हैं। ऐसे समय में जब सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों से तेजी के साथ प्रभाव और जवाबदेही दोनों प्रदर्शित करने की उम्मीद की जाती है, एनएमडीसी का दृष्टिकोण स्पष्ट करता है कि किस प्रकार प्रामाणिक कथा-वाचन सूचना-निर्माण विश्वसनीयता से आगे बढ़ते हुए विश्वास को प्रेरित करने और राष्ट्र के साथ अपने बंधन को मजबूत करता है।

# स्कूल के घटिया निर्माण का वीडियो हुआ वायरल, एसडीएम ने कही जांच की बात

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 21 अप्रैल।** जिले के भैरमगढ़ ब्लॉक के चिंगनेर पंचायत में बन रहे से एक निर्माणाधीन स्कूल भवन को लेकर गंभीर अनियमितता का मामला सामने आया है। इस स्कूल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, वायरल वीडियो में कथित तौर पर निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाए गए हैं, जिसमें भवन का कालम जमीन के नीचे डाला ही नही गया है। इसमें दिखाया जा रहा है कि भवन में इस्तेमाल किया गया मटेरियल इतना कमजोर है कि उसे डंडे से आसानी से उखाड़ा जा सकता है। इस घटना ने निर्माण कार्य में संभावित भ्रष्टाचार और लापरवाही की आशंका है।

इस मामले में भैरमगढ़ एसडीएम प्रकाश सार्वे ने कहा कि इस वीडियो की जांच करवा लेता हूं, यह प्राथमिक शाला भवन है, या कोई दूसरा भवन है। उसके बाद ही आगे कुछ कहा जा सकेगा।गौरतलब है कि बस्तर क्षेत्र में नक्सल प्रभाव कम होने के बाद सरकार और प्रशासन शिक्षा के विस्तार पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। दूरस्थ और अंदरूनी इलाकों में स्कूलों का निर्माण कराया जा रहा है, ताकि बच्चों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं मिल सकें। लेकिन इस तरह के आरोप इन प्रयासों पर सवाल खड़े करते हैं। स्थानीय स्तर पर यह भी आरोप लग रहे हैं कि निर्माण कार्य में ठेकेदार और संबंधित इंजीनियर मिलकर घटिया सामग्री का उपयोग कर सरकारी धन का दुरुपयोग कर रहे हैं।

### बीजापुर में योग आयोग अध्यक्ष का दो दिवसीय दौरा

**बीजापुर 21 अप्रैल।** योग आयोग के अध्यक्ष श्री रूपनारायण सिन्हा का बीजापुर जिले में दो दिवसीय दौरा संपन्न हुआ। इस दौरान उन्होंने जिले में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेकर योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया। दौरे के दौरान अध्यक्ष श्री सिन्हा ने आम नागरिकों एवं विद्यार्थियों के साथ योग अभ्यास किया और नियमित योग को स्वस्थ जीवन का आधार बताया। उन्होंने कहा कि योग न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत आवश्यक है।

अपने कार्यक्रम के तहत उन्होंने कस्तूरबा गांधी बालिका आश्रम का भी दौरा किया। जहां छात्राओं से मुलाकात कर उन्हें नियमित योग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों को बताया कि योग को दिनचर्या में शामिल कर वे स्वस्थ और आत्मविश्वासी बन सकती हैं।

# सचिन तेंदुलकर से मिलने वालों की सूची में दिव्यांग छात्र मड़डाराम शामिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा, 21 अप्रैल।** क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर के दंतेवाड़ा प्रवास को लेकर क्रिकेट प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह है। उनके चाहने वाले उनसे मिलने के लिए छिंदनार पहुंचेंगे, हालांकि सुरक्षा व्यवस्था बेहद सख्त रखी गई है। मिलने वालों की सूची पहले से तैयार कर ली गई है और केवल चयनित लोगों को ही मुलाकात का मौका मिलेगा। इसी सूची में सक्षम स्कूल जवांगा में 11वीं कक्षा में पढ़ने वाले दिव्यांग छात्र मड़डाराम का नाम भी शामिल है। उसके साथ दो अन्य दिव्यांग छात्र भी सचिन से मुलाकात करेंगे। मड़डाराम इस खास मुलाकात को लेकर बेहद उत्साहित है। उसने सचिन से पूछने के लिए सवाल भी तैयार किए हैं। वह जानना चाहता है कि सचिन क्रिकेटर कैसे बने, उन्हें प्रेरणा कहां से मिली और दिव्यांग होने के बावजूद वह क्रिकेट में आगे कैसे बढ़ सकता है।

मड़डाराम वही बच्चा है, जिसका क्रिकेट खेलते हुए वीडियो कुछ साल पहले सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। साल 2020 में सचिन तेंदुलकर ने इस वीडियो को शेयर करते हुए लिखा था कि यह उनके दिल को छू गया। उन्होंने लोगों से भी इस प्रेरणादायक वीडियो को देखने की अपील की थी। वीडियो को हजारों लोगों ने पसंद किया और देशभर में मड़डाराम की चर्चा हुई। विकासखंड के बेंगलुर पंचायत निवासी मड़डाराम पोलियो से ग्रस्त है। पैरों का विकास ठीक से नहीं हो पाया, लेकिन उसने अपनी कमजोरी को कभी बाधा नहीं बनने दिया। वह स्कूल ग्राउंड में दोस्तों के साथ नियमित रूप से क्रिकेट खेलता है। उसके पिता डोमा राम किसान हैं और परिवार साधारण परिस्थितियों में जीवन यापन करता है।

### छत्तीसगढ़ में जनगणना 2027 के तहत स्व-गणना की शुरुआत

**बीजापुर 21 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ में जनगणना 2027 के पहले चरण के तहत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के तारतम्य में 16 से 30 अप्रैल 2026 तक स्व-गणना की प्रक्रिया की शुरूआत हुई है। कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने स्व-गणना के तहत स्वयं अपनी जानकारी दर्ज की।

कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने जिले वासियों से अपील की है कि इस सुविधा का अधिक से अधिक उपयोग करें और अपनी जानकारी स्वयं भरकर जनगणना में सक्रिय भागीदारी निभाएं। राज्य में 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक नागरिकों को स्व-गणना के माध्यम से अपनी जानकारी दर्ज करने का अवसर दिया गया है।

## समाचार संक्षेप

### संसद में विधेयक गिरने के बाद भाजपा का विपक्ष पर हमला

**अंवरी, 21 अप्रैल।** हाल ही में संसद के विशेष सत्र में पारित होने हेतु प्रस्तुत नारी शक्ति वंदन (संशोधन) अधिनियम को लेकर देशभर में राजनीतिक माहौल गर्म हो गया है। महिलाओं को 33त्र आरक्षण देने से जुड़े इस विधेयक को लोकसभा में आवश्यक दो-तिहाई बहुमत नहीं मिल पाया, जिसके बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस सहित विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस घटनाक्रम पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि विपक्ष का रवैया नारी शक्ति का अपमान है। वहीं गृह मंत्री अमित शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल महिलाओं के अधिकारों के खिलाफ खड़े नजर आए हैं।भाजपा ने इसे ÷नारी विरोधी मानसिकता÷ करार देते हुए देशभर में विरोध और जनजागरण अभियान शुरू किया है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ के रायपुर में महिला मोर्चा द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसमें शामिल होने के लिए क्षेत्रीय महिला जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता रवाना हुए।इस कार्यक्रम में शामिल होने हेतु नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति हरख जैन, जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू सहित, भखारा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष चंद्रिका साहू, पार्षद भूपेश्वरी चंदेल,गौतमी पटेल,सुशीला निर्मलकर आदि मण्डल की महिला जनप्रतिनिधि और महिला मोर्चा के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में रायपुर के लिए प्रस्थान किए। सभी ने इस अधिनियम के समर्थन में अपनी एकजुटता दिखाते हुए महिलाओं के अधिकारों को मजबूत करने का संकल्प दोहराया।महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह आंदोलन केवल एक कानून के समर्थन तक सीमित नहीं है, बल्कि देश की आधी आबादी को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

### जनगणना 2027 की तैयारियां तेजः कलेक्टर संबित मिश्रा ने प्रशिक्षण का किया निरीक्षण

**बीजापुर 21 अप्रैल।** जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर जिले में प्रशासनिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने प्रगणकों एवं सुपरवाइजर्स के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया और उपस्थित अधिकारियों-कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन प्रदान किया।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री मिश्रा ने प्रशिक्षण की गुणवत्ता, उपस्थिति एवं प्रशिक्षण सामग्री का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य हैए जो देश की नीतियों और योजनाओं की आधारशिला तय करता है। इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।उन्होंने प्रगणकों को निर्देशित करते हुए कहा कि घर-घर जाकर सटीक एवं निष्पक्ष जानकारी संकलित करें तथा प्रत्येक परिवार से संवाद स्थापित कर सही डेटा संग्रह सुनिश्चित करें। सुपरवाइजर्स को उन्होंने अपने अधीन कार्यरत प्रगणकों की नियमित मॉनिटरिंग करने और कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने विशेष रूप से डिजिटल माध्यमों के उपयोग, समय-सीमा के पालन तथा गोपनीयता बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जनगणना के दौरान प्राप्त सभी जानकारियां पूर्णतः गोपनीय होती हैं, इसलिए इसका विशेष ध्यान रखा जाए।प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान संबंधित विभाग के अधिकारियों ने जनगणना प्रक्रिया, प्रपत्र भरने की विधि, मोबाइल एप के उपयोग एवं संभावित चुनौतियों के समाधान पर विस्तार से जानकारी दी।अंत में कलेक्टर श्री मिश्रा ने सभी प्रगणकों एवं सुपरवाइजर्स से पूरी जिम्मेदारी एवं ईमानदारी के साथ कार्य करने की अपेक्षा जताई, ताकि जनगणना 2027 को सफलतापूर्वक संपन्न किया जा सके। इस अवसर पर एसडीएम बीजापुर श्री जागेश्वर कौशल, तहसीलदार श्री पंचराम सलामे मास्टर ट्रेनर्स सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित थे।

### चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की सतर्कता से टला बाल विवाह

**बीजापुर 21 अप्रैल।** चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के बढ़ते प्रचार-प्रसार का सकारात्मक असर अब जमीनी स्तर पर दिखाई देने लगा है। इसी कड़ी में जिला बीजापुर के भैरमगढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम पिनकोंडा में संभावित बाल विवाह की सूचना मिलने पर प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई कर एक नाबालिग बालिका का विवाह रुकवाया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पिनकोंडा, थाना मिरतुर क्षेत्र की 17 वर्ष 4 माह 28 दिन की एक बालिका के विवाह की तैयारियां चल रही थीं। जैसे ही इसकी सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 को मिली, महिला एवं बाल विकास विभाग, भैरमगढ़ के सेक्टर पर्यवेक्षक, पुलिस थाना मिरतुर और चाइल्ड हेल्पलाइन की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। जांच के दौरान पंचनामा तैयार किया गया तथा बालिका और उसके परिजनों को बाल विवाह के गंभीर दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से समझाया गया। बालिका की काउंसलिंग की गई और माता सहित अन्य परिजनों के बयान लिए गए। परिवार ने भविष्य में बाल विवाह न करने की शपथ भी ली। इसके साथ ही ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम सभा का आयोजन कर बाल विवाह रोकथाम पर व्यापक चर्चा की गई। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने मिलकर बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत बनाने का संकल्प लिया। इस महत्वपूर्ण कार्यवाही में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कुन्ती पुनेम एवं इमला नायक, ग्राम सरपंच शांति मण्डावी, सचिव लक्षण कडती तथा पंचगण रामा ओयाम और बीजादूतीर की सक्रिय भूमिका सराहनीय रही।

### भीषण गर्मी में शीतल जल सेवा से रेल यात्रियों को दी राहत

**भिलाई,21 अप्रैल।** भीषण गर्मी के इस दौर में जहां आमजन विशेषकर रेल यात्रियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं श्री साईं नाथ जन सेवा समिति द्वारा चलाए जा रहे जनसेवा कार्य समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत बन रहे हैं। इसी प्रेरणा से प्रभावित होकर वाडबलिजा जातीय महिला समाज की ओर से रविवार को भिलाई रेलवे स्टेशन में एक सराहनीय सेवा कार्य का आयोजन किया गया।संस्था के अध्यक्ष जी माधव राव ने बताया कि वाडबलिजा महिला समाज की ओर से रेलवे स्टेशन के सामान्य डिब्बों में यात्रा कर रहे यात्रियों को लगभग 300 बोतल ठंडा पानी वितरित किया गया। तपती गर्मी में सफर कर रहे यात्रियों को ठंडा पानी मिलने से काफी राहत मिली और उन्होंने इस नेक कार्य के लिए वाडबलिजा महिला समाज के सभी सम्मानित सदस्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा की।इस अवसर पर महिला समाज की अध्यक्ष के. कामेश्वरी एवं डी नागमणि ने कहा कि श्री साईं नाथ जन सेवा समिति द्वारा निरंतर सेवा कार्य करते हुए गर्मी में यात्रियों को ठंडा पानी उपलब्ध कराया जा रहा है, जो वास्तव में मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण है।

# कांग्रेस महिला आरक्षण के समर्थन में थी और हैः सुशील मौर्य

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 21 अप्रैल।** बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा द्वारा महिला आरक्षण को लेकर लगातार भ्रम फैलाया जा रहा है, कि कांग्रेस और विपक्षी दलों ने महिला आरक्षण बिल का समर्थन नहीं किया, इसलिए संसद में बिल पास नहीं हो सका। भारतीय जनता पार्टी झूठ बोल रही है, महिला आरक्षण बिल (नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023) 106वां संविधान संशोधन 2023 में संसद के दोनों सदनों में पारित हो चुका है तथा राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू इस पर हस्ताक्षर कर चुकी है, यह कानून भी बन चुकी है। भाजपा ने 16 अप्रैल 2026 को जो विधेयक संसद में प्रस्तुत किया 131वां संविधान संशोधन अधिनियम इसमें महिला आरक्षण के संदर्भ में नहीं भाजपा महिला आरक्षण को मुखौटा बनाकर परिसीमन संशोधन बिल तथा केंद्र शासित प्रदेश कानून संशोधन बिल को पास करवाना चाहती थी।

सुशील मौर्य ने कहा सरकार ने 131वां संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा में प्रस्तुत किया-संसद में जो विधेयक गिरा उसमें इस विधेयक में लोकसभा परिसीमन की सीटें 850 करने का प्रस्ताव था, राज्यों में 815 सीटें तथा केंद्र शासित प्रदेशों में 35 सीटें थी÷परिसीमन विधेयक जिसमें परिसीमन के लिये 2011 की जनगणना को आधार बनाने की बात की गयी थी।÷विधेयक में पांडुचेरी, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर के कानूनों में संशोधन की बात की गई थी ताकि परिसीमन और महिला आरक्षण विधेयक लागू किया जा सके।उन्होने कहा कि भाजपा सरकार का परिसीमन बिल पर देश के अन्य राज्यों को आपत्ति थी, भाजपा आरक्षण सामने रख कर परिसीमन बिल पास करना चाहती है। भाजपा 2011 के जनगणना को आधार मान कर परिसीमन करना चाहती है। जब 2026-27 की जनगणना शुरू है तथा सरकार जाति जनगणना की भी बात कर चुकी है तो जनगणना के बाद आये नये आंकड़ों के आधार पर परिसीमन क्यों नहीं कराया जा रहा? महिला आरक्षण बिल को यदि तुरंत लागू करना है, तो परिसीमन का इंतजार किये बिना वर्तमान सदस्य संख्या में ही 33 प्रतिशत का आरक्षण क्यों नहीं देना चाहती सरकार? कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दल इसके लिए तैयार है।सरकार 2023 के महिला आरक्षण बिल नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन कर महिला आरक्षण को तुरंत लागू कर सकती थी उसने ऐसा क्यों नहीं किया? जबकि नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 जो कानून बन चुका है, 2036 से मूर्त रूप लेगा, संशोधन से तुरंत लागू हो जाता। भाजपा की मंशा महिला आरक्षण की नहीं अपने मनमुताबिक सीटों के परिसीमन की थी जो विपक्षी दलों की एक जुटता से पूरा नहीं हो चुका।सुशील मौर्य ने कहा कि पंचायतों एवं स्थानीय निकायों में महिलाओं को आरक्षण मिल रहा तो यह भी कांग्रेस की नीतियों से संभव हो पाया। सबसे पहले राजीव गांधी ने 1989 के मई महीने में पंचायतों और नगर पालिकाओं में महिलाओं के एक तिहाई आरक्षण के लिए संविधान संशोधन विधेयक पेश किया। वह विधेयक लोकसभा में पारित हो गया था, लेकिन सितंबर 1989 में राज्यसभा में पास नहीं हो सका। अप्रैल 1993 में तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव ने पंचायतों और नगर पालिकाओं में महिलाओं के एक तिहाई आरक्षण के लिए संविधान संशोधन विधेयक को फिर से पेश किया। दोनों विधेयक पारित हुए और कानून बन गए। महिलाओं के लिए संसद और राज्यों की विधानसभाओं में एक तिहाई आरक्षण के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह संविधान संशोधन विधेयक लाए। विधेयक 9 मार्च 2010 को राज्यसभा में पारित हुआ। कांग्रेस की सरकारों के प्रयास से ही आज देशभर में पंचायतों और नगर पालिकाओं में 15 लाख से अधिक निर्वाचित महिला प्रतिनिधि हैं।सीटों के परिसीमन का भाजपा का षड़यंत्र विफल हो गया है, अतः वह महिला आरक्षण के नाम पर पूरे देश में भ्रम फैला रही है।इस दौरान महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद,उपनेता प्रतिपक्ष कोमल सेना, उपाध्यक्ष वीरेंद्र परिहार,संकल्प दुबे, कोषाध्यक्ष रविशंकर तिवारी,महामंत्री अभिषेक नायडू,नीतीश शर्मा, अनुराग महतो,विधि प्रकोष्ठ अवधेश अन्य मौजूद रहे।

# रायगढ़ जिले की आद्यशा ने सीबीएसई 10वीं में 99.8 प्रतिशत अंक के साथ प्रदेश में अव्वल,कलेक्टर ने किया सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 21 अप्रैल।** जिले की होनहार छात्रा आद्यशा परिडा ने सीबीएसई कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में 99.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर न केवल छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान हासिल किया है, बल्कि अपनी इस अभूतपूर्व उपलब्धि से राष्ट्रीय स्तर पर भी रायगढ़ का मान बढ़ाया है। उनकी इस शानदार सफलता पर जिला प्रशासन ने उन्हें सम्मानित करते हुए उ'वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

आज जिला कलेक्ट्रेट में कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने आद्यशा परिडा को अपने चेम्बर में आमंत्रित कर सम्मानित किया और उनकी इस उपलब्धि की सराहना की। इस अवसर पर कलेक्टर ने छात्रा के माता-पिता से भी मुलाकात कर उन्हें बधाई दी तथा उनके सहयोग और मार्गदर्शन की प्रशंसा की।

डीएवी पब्लिक स्कूल, एसईसीएल छाल की छात्रा आद्यशा ने बताया कि वह कक्षा 11वीं में बायो-मैथ्स विषय लेकर आगे की पढ़ाई करना चाहती हैं और उनका लक्ष्य जेईई एडवांस परीक्षा उत्तीर्ण कर देश के प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग संस्थान में प्रवेश लेना है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन और माता-पिता के निरंतर प्रोत्साहन को दिया। उन्होंने कहा कि पढ़ाई में अनुशासन और एकाग्रता सफलता की कुंजी है, साथ ही समय-समय पर अपने संदेहों का समाधान करना भी बेहद जरूरी होता है।कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने इस अवसर पर कहा कि शिक्षा जीवन का सबसे महत्वपूर्ण आधार है और मेहनत, निष्ठा एवं समर्पण से किया गया प्रयास निश्चित ही सफलता दिलाता है। उन्होंने आद्यशा की उपलब्धि को जिले के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बताते हुए कहा कि यह सफलता अन्य विद्यार्थियों को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेगी।

इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिजीत बबन पठारे, आद्यशा के माता-पिता तथा विद्यालय के प्राचार्य भी उपस्थित रहे।

# जनदर्शन में जिले भर से पहुंचे आवेदकों ने बताईं अपनी समस्याएं



**रायगढ़, 21 अप्रैल।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने कलेक्ट्रेट में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आवेदकों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। इस दौरान सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। जनदर्शन में पहुंचे नागरिकों ने अपनी विभिन्न समस्याओं, मांगों और शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए, जिन पर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

जनदर्शन कार्यक्रम में आज शहर के खिलाड़ियों ने नटवर स्कूल मैदान में लगे स्वदेशी मेले को हटाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। खिलाड़ियों का कहना है कि यह मैदान शहर का एकमात्र प्रमुख खेल मैदान है, जहां नियमित रूप से ब'चों के विभिन्न खेल आयोजित होते हैं। 45 दिनों तक मेले के आयोजन से ब'चों को खेलने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसी दौरान रायगढ़ निवासी मंगतुराम चौहान ने पेंशन दिलाए जाने के लिए आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि वे केंद्रीय विद्यालय में वर्ष 1977 से 2008 तक कार्यरत रहे, लेकिन सेवानिवृत्ति के बाद आज तक उनका पेंशन प्रकरण तैयार नहीं किया गया है, जिससे उन्हें जीवनयापन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम एकताल की निवासी जशोदा बाई झारा ने पिछले 7 से 8 महीनों से राशन नहीं मिलने की शिकायत की। उन्होंने बताया कि नया राशन कार्ड बनवाने के लिए उनका पुराना कार्ड जमा कर लिया गया है, लेकिन अब तक उन्हें राशन नहीं मिल पाया है, जिससे उनके परिवार को भारी परेशानी हो रही है। जामगांव के आशाराम रावत ने नोनी सुरक्षा योजना के अंतर्गत लाभ दिलाने की मांग की। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपनी 2 वर्षीय पुत्री के लिए दो-तीन महीने पहले आवेदन किया था, लेकिन अब तक योजना का लाभ नहीं मिला है। इसके अलावा जनदर्शन में पहुंचे अन्य लोगों ने भी राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन, आर्थिक सहायता सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने सभी मामलों पर संबंधित विभागीय अधिकारियों को शीघ्र और उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## एक नजर

### लाईवलीहुड कॉलेज में संचालित कोर्स में नि:शुल्क गैर अवासीय प्रशिक्षण के लिए प्रवेश प्रारंभ

**रायगढ़, 21 अप्रैल।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत रायगढ़ जिले के लाईवलीहुड कॉलेज में संचालित प्रशिक्षण में इलेक्ट्रिशियन (10वीं), इलेक्ट्रिशियन डोमेस्टिक सॉल्यूशन (10वीं), जल वितरण संचालक (नल जल मित्र) (12वीं), सोलर पी.व्ही. इन्टालर (सूर्यमित्र) (आई.टी.आईडिप्लोमा) एवं फ्रंटलाईन हेल्थ केयरगिविंग एसोसिएट (नर्सिंग) (12वीं) कोर्स में नि:शुल्क गैर अवासीय प्रशिक्षण हेतु प्रवेश प्रारंभ हो चुके हैं। जिसमें वर्ष 2026-27 के प्रशिक्षण हेतु प्रवेश लिया जा रहा है। प्रक्षिक्षण हेतु न्यूनतम आयु 18 से 40 वर्ष होनी चाहिए। स्थानीय प्रशिक्षणार्थियों के आवागमन हेतु नि:शुल्क बस सुविधा उपलब्ध है। प्रशिक्षण उपरांत सफल प्रशिणार्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। निर्धारित योग्यताधारी इ'छुक युवक-युवतियां लाईवलीहुड कॉलेज, केआईटी कॉलेज के पास, अग्रसेन आईटीआई के बगल में, उड़ीसा रोड, गढ़उमरिया रायगढ़ में उपस्थित होकर अथवा लाईवलीहुड कॉलेज रायगढ़ के संपर्क नं 9420166×69, 799975×179, 7067109×4×पर संपर्क कर अपना पंजीयन करा सकते हैं। साथ ही घर बैठे क्यू.आर. कोड के माध्यम से स्व-पंजीयन कर सकते हैं। लिंक अथवा क्यू.आर. प्राप्त के लिए 8959719188 पर व्हाटसअप के माध्यम से संपर्क कर सकते हैं ।

### जनगणना 2027 के लिए, अवकाश व मुख्यालय छोड़ने पर रोक

**धमतरी, 21 अप्रैल ।** भारत की जनगणना 2027 के अंतर्गत जिले में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 01 मई 2026 से 30 मई 2026 तक किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण कार्य को सुचारू, व्यवस्थित एवं समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराने के लिए कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी श्री अबिनाश मिश्रा ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। जारी आदेश के अनुसार जनगणना कार्य में नियोजित सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया है कि वे अधोहस्ताक्षरकर्ता की पूर्व अनुमति के बिना न तो अवकाश पर जाएंगे और न ही मुख्यालय छोड़ेंगे। विशेष परिस्थितियों में ही जिला जनगणना शाखा के माध्यम से अवकाश आवेदन प्रस्तुत करने पर विचार किया जाएगा। इसके साथ ही, पूर्व में कार्यालय प्रमुख द्वारा स्वीकृत अवकाश के मामलों में भी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुनः जिला जनगणना शाखा के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी से अनिवार्य रूप से अनुमोदन प्राप्त करना होगा। अन्यथा ऐसी अवकाश स्वीकृति मान्य नहीं होगी। जारी आदेश में स्पष्ट किया है कि जारी निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। आदेश का उल्लंघन करने वाले संबंधित अधिकारी या कर्मचारी के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्यवाही की जाएगी।

### महासमुंद जिले में 5450 मोतियाबिंद मरीजों का सफल ऑपरेशन

**महासमुंद 21 अप्रैल।** कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार राष्ट्रीय अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम के तहत् महासमुंद जिले के समस्त विकासखण्डों को ÷मोतियाबिंद दृष्टिहीनता मुक्त विकासखण्ड 25 अप्रैल 2026 तक घोषित किया जाएगा। डॉ. अनिल कुमार गोरियार, जिला नोडल अधिकारी राष्ट्रीय अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम ने बताया कि मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के द्वारा महासमुंद जिले को वर्ष 2025-26 में 5000 मोतियाबिंद ऑपरेशन का लक्ष्य दिया गया था। जिसके विरूद्ध महासमुंद जिले में 5450 मोतियाबिंद मरीजों का सफल ऑपरेशन किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव के मार्गदर्शन में जिले के शासकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल, खरोरा, महासमुंद में पदस्थ नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉ. राजेश कुमार साहू 470, डॉ. मंजूषा चन्द्रसेन 536, डॉ. अनिल कुमार गोरियार 255, डॉ. रितु बजाज 275, डॉ. नेहा सिंह 44 मोतियाबिंद ऑपरेशन किया गया है। जिले में शासकीय अस्पताल, अनुबंधित अस्पताल एवं निजी अस्पताल मिलाकर कुल 5450 मोतियाबिंद ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया गया है। यह जिले की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, इसके तहत् जिले के समस्त विकासखण्डों को ÷मोतियाबिंद दृष्टिहीनता मुक्त विकासखण्ड' 25 अप्रैल 2026 तक घोषित किया जाएगा। श्री अवधेश कुमार यादव, सहायक नोडल अधिकारी, अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम द्वारा महासमुंद जिले के समस्त प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में पदस्थ नेत्र सहायक अधिकारियों से समन्वय करेंगे।उन्होने बताया कि जिले के समस्त नेत्र सहायक अधिकारी ग्रामवार अपने क्षेत्र के चिन्हांकित मोतियाबिंद रोगियों एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन की सूची संधारित कर रखेंगे जिसे अंतिम सूची माना जाएगा। जिसके आधार पर ग्राम वार 'मोतियाबिंद दृष्टिहीनता रहित ग्राम' घोषित किया जाएगा।

# गर्मी में कई जगह की गई पानी की व्यवस्था



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कुरुद, 21 अप्रैल।** कुरूद में जगह-जगह शीतल पेय शुद्ध पानी प्याऊ, का 14 अप्रैल को भारत रत्न संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर नगर पालिका कुरूद द्वारा नगर के प्रमुख 14 जगहों पर जल सेवा लोकार्पण कार्यक्रम रखा गया। कुरूद नगर के आराध्य देवी मां चंडी मंदिर परिसर में भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा स्थल में नगर के प्रथम नागरिक ज्योति भानू चंद्राकर एवं नगर वासियों के द्वारा सामूहिक रूप से माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किए । इसके बाद बड़ी-बड़ी पानी टंकियों का ज्योतिभानू चंद्राकर के द्वारा हुआ शुभारंभ

आसमान से बरस रही आग और लगातार बढ़ते तापमान के बीच कुरूद नगर में राहत की ठंडी बयार देखने को मिली, जब नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति भानू चंद्राकर की पहल पर नगर के प्रमुख स्थानों पर प्याऊ (शीतल पेयजल) की व्यवस्था बड़ी-बड़ी पानी टंकी लगाकर की गई। इस जनहितकारी पहल का विधिवत शुभारंभ 14 अप्रैल को किया गया। मुख्य बाजार, चौक-चौराहों सहित नगर के भीड़भाड़ वाले जगहों में राहगीरों को ठंडा और स्वच्छ पानी आसानी से उपलब्ध हो इस उद्देश्य से ज्योति भानू

चंद्राकर ने एक साराहणीय पहल करते हुए शुद्ध तेजल व्यवस्था हेतु पानी टंकी लगाएं है। भीषण गर्मी में जहां लोग एक-एक बूंद पानी के लिए परेशान होते हैं, वहीं इस पहल ने नगरवासियों , एवं आसपास के गांवों से खरीदारी के लिए आने वाले लोगों के चेहरे पर राहत की मुस्कान ला दी है। खासकर मजदूर, रिक्शा चालक, किसान और दूर से आने वाले यात्रियों को इसका सीधा लाभ मिल रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति भानू चंद्राकर का कहना है गर्मी के इस प्रचंड दौर में आमजन को राहत देना हमारी प्राथमिकता है। प्याऊ की यह व्यवस्था जनसेवा का छोटा सा प्रयास है, जिसे आगे और व्यापक रूप दिया जाएगा। नगर में छोटे बड़े मिलाकर कुल 30 जगहो पर पानी टंकियां है कन्हैया सिंन्हा (स्थानीय व्यापारी)-इस भीषण गर्मी में यह व्यवस्था किसी वरदान से कम नहीं है। नगर पंचायत ने सही समय पर बेहतरीन पहल की है। रूपौवतीनबाई ध्रुव (राहगीर) दोपहर में सफर करना बहुत मुश्किल हो जाता है, लेकिन अब जगह-जगह पानी मिलने से बड़ी राहत मिल रही है। दुखहरण दीवान (रिक्शा चालक) हम जैसे मजदूरों के लिए यह बहुत बड़ा सहारा है। पहले पानी के लिए भटकना पड़ता था, अब सीधा प्याऊ से ठंडा पानी मिल जाता है।

### जनगणना के लिए सुपरवाइजर और प्रगणकों को दिया गया प्रशिक्षण

**कांकेर 21 अप्रैल ।** भारत की जनगणना 2027 के लिए सुपरवाइजर और प्रगणकों को दो चरणों में प्रशिक्षित किया जा रहा है। भारत में जनगणना 1872 से की जा रही है आगामी दशकीय जनगणना देश की 16वीं जनगणना और स्वतंत्रता के बाद यह 8वीं जनगणना होगी। यह जनगणना विशिष्ट और उल्लेखनीय है क्योंकि यह भारत की पहली ऐसी जनगणना होगी, जिसमें जनगणना आंकड़ों का संग्रहण डिजिटल उपकरणों के माध्यमों से किया जाएगा जिसकी मॉनिटरिंग सीएमएमएस पोर्टल के माध्यम से की जाएगी। प्रगणकों के द्वारा विशिष्ट मोबाइल एप्लीकेशन का प्रयोग करते हुए परिवारों से आंकड़ों का संग्रहण कर किया जाएगा।

# अग्निवीर भर्ती के लिए युवाओं को जिले में मिलेगी नि:शुल्क कोचिंग

**जगदलपुर, 21 अप्रैल ।** भारतीय थल सेना में अपनी सेवाएं देने का सपना देख रहे जिले के युवाओं के लिए जिला प्रशासन ने सहायता का हाथ बढ़ाया है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र जगदलपुर से मिली जानकारी के अनुसार जून 2026 में प्रस्तावित अग्निवीर सेना भर्ती की ऑनलाइन परीक्षा को ध्यान में रखते हुए जिले के पंजीकृत अभ्यर्थियों के लिए नि:शुल्क कोचिंग क्लास आयोजित की जा रही है। यह विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आगामी 4 मई से शुरू होकर 4 जून तक संचालित किया जाएगा, जिसका मुख्य उद्देश्य स्थानीय युवाओं को लिखित परीक्षा के लिए तकनीकी रूप से सक्षम बनाना है।

इस वर्ष बस्तर जिले से कुल 620 अभ्यर्थियों ने थल सेना की वेबसाइट पर अपना सफल पंजीकरण कराया है। इन युवाओं को परीक्षा की बारीकियां समझाने और उनकी तैयारी को पुख्ता करने की दिशा में नि:शुल्क कोचिंग प्रदान करने हेतु जिला प्रशासन द्वारा 30 अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।इच्छुक उम्मीदवार रोजगार विभाग की आधिकारिक वेबसाइट ww.eroj-gar.cg.gov.in पर जाकर या विभाग द्वारा जारी क्यूआर कोड को स्कैन करके अपना आवेदन ऑनलाइन माध्यम से जमा कर सकते हैं।

# समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने की योजनाओं की समीक्षा

**धमतरी, 21 अप्रैल ।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में जिले के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की गहन एवं बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन लक्ष्यानुरूप, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्धारित समय-सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को अधिकतम लाभ मिल सके।

कलेक्टर ने बताया कि आगामी 1 मई से 10 जून 2026 तक जिले में 'सुशासन तिहार 2026' (गुड गवर्नेंस फेस्टिवल) का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत ग्राम पंचायतों एवं शहरी वार्डों में जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किए जाएंगे।

उन्होंने निर्देश दिए कि 30 अप्रैल तक सभी लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण कर लिया जाए, ताकि शिविरों में प्राप्त शिकायतों का त्वरित समाधान मौके पर ही सुनिश्चित किया जा सके। इन शिविरों में विशेष रूप से भूमि विवाद, बिजली, पेयजल, पेंशन, राशन कार्ड एवं अन्य शासकीय योजनाओं से संबंधित समस्याओं का निराकरण किया जाएगा।

बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को फील्ड में सक्रिय रूप से भ्रमण कर जमीनी स्थिति का आकलन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी क्षेत्र में पेयजल की समस्या, हैंडपंप खराबी, विद्युत आपूर्ति या अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी शिकायतें हैं, तो उनका तत्काल निराकरण सुनिश्चित किया जाए। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को हैंडपंपों की नियमित मरम्मत एवं जल स्त्रोतों की सतत निगरानी के निर्देश दिए गए।

# युवा उत्सव के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए विशेष वाहन रवाना

**धमतरी, 21 अप्रैल ।** जिले के युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए एक सशक्त मंच उपलब्ध कराने हेतु 24 एवं 25 अप्रैल को युवा उत्सव 2026 - इंटर कॉलेज प्रतियोगिता का भव्य एवं आकर्षक आयोजन किया जाएगा। यह उत्सव युवाओं के सर्वांगीण विकास, रचनात्मकता और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा की उपस्थिति में आज कलेक्ट्रेट परिसर से युवा उत्सव के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए विशेष वाहन रथ रवाना हुआ । इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री गजेन्द्र ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती कल्पना, जिला




शिक्षा अधिकारी श्री अभय जायसवाल सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। यह प्रचार वाहन जिले के विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों एवं सार्वजनिक स्थलों तक पहुंचकर विद्यार्थियों को आयोजन की जानकारी देगा और उनकी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करेगा।

युवा उत्सव के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिनमें नृत्य, गायन, खेलकूद, वाद-विवाद, क्विज, चित्रकला एवं नाट्य प्रस्तुति शामिल हैं। इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम इस उत्सव का प्रमुख आकर्षण रहेंगे, जो युवाओं को अपनी कला और संस्कृति से जोड़ने का अवसर प्रदान करेंगे।24 अप्रैल को आयोजित छत्तीसगढ़ी संगीतमय संध्या में प्रसिद्ध कलाकार आरु साहू अपनी प्रस्तुति देंगे। साथ ही द गोल्डन स्टार नाइट ऑर्केस्ट्रा÷ (राजिम) एवं रायपुर का चर्चित आवाज क्रांति बैंड अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे। वहीं 25 अप्रैल को लोकप्रिय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'लल्लनटॉप' के वरिष्ठ पत्रकार सौरभ द्विवेदी का प्रेरणादायक सत्र आयोजित होगा, जिसमें वे युवाओं को करियर, मीडिया एवं समसामयिक विषयों पर मार्गदर्शन देंगे। इसके पश्चात बस्तर का लोकप्रिय ÷वायरा बैंड÷ अपनी ऊर्जावान प्रस्तुति से समापन को यादगार बनाएगा। जिला प्रशासन ने जिले के अधिक से अधिक विद्यार्थियों एवं युवाओं से इस महोत्सव में भाग लेकर अपनी प्रतिभा को मंच देने और आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

# अक्षय तृतीया के दिन खेतों में की जाती है बुवाई

**अंवरी, 21 अप्रैल।** सोमवार को अंवरी सहित अंचल में छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति का महापर्व अक्ति घर-घर में हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से पर्व के प्रति उत्साह अपने चरम पर था। छोटे-छोटे बच्चों ने घरों में मिट्टी के गुड़े गुड़िया (पुतरी पुतरा) की शादी पूर्ण रीति-रिवाज के साथ सम्पन्न किये मनमोहक मंडप सजाकर आकर्षक रूप में पुतरी पुतरा को सजाते हुए मनभावन वैवाहिक भव्यता से साजे अपनी संस्कृति के प्रति आस्था में लोग जुटे है।

अंवरी निवासी थानेश्वर साहू ने बताया की छत्तीसगढ़ में प्रतिवर्ष अक्ती महापर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। अक्षय का अर्थ है, कभी न मिटने वाला, कभी न खत्म होने वाला। इसलिए इस दिन जो भी कार्य किया जाता है वह फलदाई होता है। इस दिन को इतना पवित्र माना जाता है कि अक्षय तृतीया के दिन कोई भी मांगलिक कार्य किया जा सकता है। ग्रामीण अंचल में इस दिन विवाहों की धूम रहती है। गांव-गांव में मोहरी एवं दफड़ा बाजा की जुगलबंधी सुनाई दे जाती है, इसके साथ गुढ्ढ गुड़िया के विवाह कि धूम रहती है। अक्ती तिहार छत्तीसगढ़ का प्रमुख कृषक त्यौहार है। अंचल में अक्ती तिहार से खेती किसानी को प्रारंभ हो जाता है। अक्ति माने अक्षय तृतीया, यह बैशाख मास शुक्ल पक्ष की तृतीया को मनाया जाने वाला त्यौहार है। वैसे तो यह त्यौहार पुरे भारत में मनाया जाता है। इसके मनाने के पीछे कई प्राचीन मान्यताएं हैं। अक्षय तृतीया में क्षेत्र के किसान जी जान लगाकर खेती की तैयारी में व्यस्त हो जाते हैं। हर हाल में इस दिन बीज बोने कार्य किया जाता है। अक्षय तृतीया में मुहूर्त दिखाने की आवश्यकता नहीं होती। यह अपने आप में ही एक मुहूर्त है। यही कारण है कि इस दिन शादी-विवाह सहित अन्य शुभ कार्य किए जाते हैं। विशेषकर क्षेत्र के किसान इस दिन खेतों में बीज बोकर खेतों की शुरुआत करते हैं।कई किसान जुताई कर खेतों को तैयार कर चुके हैं। वहीं खेतों तक गोबर खाद ले जा चुके हैं। पर कुछ किसान को तैयारी नहीं कर पाए हैं। वे पूरी ताकत झोंक कर तैयारी में जुटे हैं। जिससे शुभ मुहूर्त में बुआई कर सकें। क्षेत्र के पुरोहित गांव में एकत्र हुए लोगों को ओड़िया पंचांग से मुहुर्त को बताते हैं। साथ ही किसानों की राशि के अनुरुप कब किस दिशा में बीज बोना शुभ होगा, यह भी बताते हैं। जिससे किसान अपने सुविधानुसार बोआई की शुरुआत करते हैं। अधिकतर किसान अक्षय तृतीया को ही बीज बोने की शुरूआत करते हैं। इसके लिए पूर्व रात्रि से ही सारी तैयारी कर ली जाती है। ब्रह्म मुहूर्त में स्नान कर एवं ईष्ट देव एवं पितरों की पूजा-अर्चना करते हैं। किसान सूर्योदय के पूर्व ही बीज बोकर घर वापस आ जाते हैं। वहीं इस दिन खीर पूरी सहित मिष्ठान बनाते हैं। जिसे स्वयं ग्रहण कर परिजनों को भी खिलाते हैं। किसानों ने बताया कि प्राचीन समय से चली आ रही मान्यता के अनुरूप हर वर्ष इस दिन बुआई शुरू करते हैं। यदि किसी कारण कोई किसान धान बीन नहीं वो पाता है, तो कुम्हड़, लौकी, खीरा बीज बोकर खेती की शुरुआत करते है।


# जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति कमार परिवारों का सर्वेक्षण

**कांकेर 21 अप्रैल ।** छत्तीसगढ़ शासन आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग रायपुर के निर्देशानुसार जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति कमार परिवारों का सर्वेक्षण कार्य किया जा रहा है। जिले के नरहरपुर विकासखण्ड के 13 ग्रामों में विशेष पिछड़ी जनजाति कमार जाति के लोग निवास करते हैं, जिनका सर्वेक्षण कार्य किया जा रहा है,जो 30 अप्रैल चलेगा।

आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि कमार परिवारों का सर्वेक्षण, उनके निवास स्थान में जाकर मोबाईल ऐप के माध्यम से ग्राम पंचायत स्तरीय सर्वेक्षण दल जिसमें छात्रावास अधीक्षक द्वारा संबंधित ग्राम पंचायत सचिव, पटवारी, बीटगार्ड, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा मितानीन के सहयोग से किया जा रहा है। उक्त सर्वेक्षण कार्य से ग्राम की आधारभूत जानकारी एवं पीवीटीजी परिवार की विस्तृत जानकारी ऐप के माध्यम से इंद्राज की जा रही है।

# जनसमस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें: कलेक्टर

**रायगढ़, 21 अप्रैल।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने आज कलेक्टोरेट में आयोजित समय-सीमा की बैठक में जनसमस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण पर विशेष जोर देते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनदर्शन, जनसमस्या निवारण शिविर, पीजीएन एवं पीजी पोर्टल में दर्ज सभी प्रकरणों का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए, अन्यथा लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



बैठक में मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार आगामी 1 मई से 10 जून तक आयोजित होने वाले प्रदेशव्यापी 'सुशासन तिहार' के अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविरों की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविरों के सुचारू संचालन के लिए 10 से 15 गांवों के क्लस्टर बनाए जाएं, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंच सके कलेक्टर ने राज्य शासन की प्राथमिकता वाली महतारी वंदन योजना की ईकेवाईसी की प्रगति की भी गहन समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि जिले में वर्तमान में 2 लाख 81 हजार 1×5 लाभार्थी पंजीकृत हैं, जिनमें से 1 लाख 24 हजार 449 हितग्राहियों के बैंक खातों का ई-केवाईसी पूर्ण किया जा चुका है। कलेक्टर ने शेष हितग्राहियों का ई-केवाईसी शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी पात्र हितग्राही योजना के लाभ से वंचित न रहे। जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा के दौरान यह तथ्य सामने आया कि कई हितग्राहियों के एक से अधिक बैंक खाते होने के कारण राशि प्राप्ति में भ्रम की स्थिति बन रही है। इस पर कलेक्टर ने निर्देश दिए कि हितग्राहियों को आधार-सीडेड खातों की जानकारी स्पष्ट रूप से दी जाए, ताकि उन्हें योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके।ग्रीष्मकालीन परिस्थितियों को देखते हुए कलेक्टर ने जिले में पेयजल संकट के स्थायी समाधान हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी जनपद सीईओ से ग्रामवार शासकीय जल स्त्रोतों, हैंडपंप एवं कुओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्रस्तुत करने को कहा। साथ ही पीएचई विभाग को निर्देशित किया कि हैंडपंप तकनीशियनों के संपर्क नंबर जनपद स्तर एवं स्वयं के पास उपलब्ध रखें, ताकि शिकायतों का त्वरित समाधान किया जा सके।कलेक्टर ने जिले में संचालित पेट्रोल पंपों पर पेयजल एवं शौचालय की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश जिला खाद्य विभाग को दिए। साथ ही अधिकारियों को फील्ड भ्रमण के दौरान इन व्यवस्थाओं का नियमित निरीक्षण करने को कहा। बैठक में विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिक लंबित मामलों वाले विभागों पर नाराजगी व्यक्त की और शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने अधोसंरचना विकास से जुड़े प्रस्तावों, विशेषकर सड़क निर्माण एवं मूलभूत सुविधाओं से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता देने पर बल दिया। कलेक्टर ने कहा कि प्रस्ताव तैयार करते समय क्षेत्र की वास्तविक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए व्यावहारिक एवं प्रभावी समाधान प्रस्तुत किए जाएं। निर्माण कार्यों में लगे श्रमिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ने सभी निर्माण विभागों को कार्यस्थलों पर पेयजल, ओआरएस पैकेट, छाया एवं बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जल संचय एवं जनभागीदारी पोर्टल, ईएसआईसी अस्पताल की सुविधाएं, औद्योगिक श्रमिकों की स्वास्थ्य जांच, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण एवं शहरी), बंदियों को विधिक सहायता, भू-अभिलेख अद्यतन, एफआरए नामांतरण, पीएम गतिशक्ति योजना, आयुष्मान कार्ड, आंगनबाड़ी पंजीयन, बालिका शौचालय निर्माण, जल जीवन मिशन, पीएम किसान सत्यापन, ट्रांसजेंडर पहचान प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना, ई-ऑफिस ऑनबोर्डिंग एवं मोबाइल टावर स्थापना सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री अभिजीत बबन पठारे, अपर कलेक्टर श्री अपूर्व प्रियेश टोप्पो, सहित सभी एसडीएम एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# परशुराम जन्मोत्सव पर निकाली बाइक रैली





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 21 अप्रैल।** अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज तिल्दा नेवरा द्वारा चली आ रही ब्राह्मण समाज ने अपने आराध्य देव की पूजा अर्चना के साथ शोभा यात्रा निकाली ओर विभिन्न स्थानों से आए समाज के अतिथि भाटापारा नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा पंडित ओम प्रकाश शर्मा खमरिया शैलेश नितिन त्रिवेदी पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। परशुराम भवन में आयोजित परशुराम राम महोत्सव पर अनेक कार्य सम्पन्न हुए। महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। समाज ने भाटापारा नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा का जोरदार स्वागत किया।

# शिविर में उपभोक्ता अधिकारों के प्रति किया जागरूक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 21 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता आयोग के निर्देशानुसार 17 अप्रैल को बलौदाबाजार विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पौंसरी के दुर्गा चौक में जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जागरूकता शिविर में ग्रामवासियों को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों तथा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों से अवगत कराया गया।

जिला उपभोक्ता आयोग की अध्यक्ष रंजना दत्ता, सदस्यगण हरजीत सिंह चावला एवं शारदा सोनी ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 की जानकारी देते हुए बताया कि उपभोक्ताओं को गुणवतापूर्ण वस्तु एवं सेवाएं प्राप्त करना उनका कानूनी अधिकार है। उपभोक्ताओं को किसी वस्तु की कीमत एवं गुणवत्ता की जांच, मात्रा की जांच सेवा संविदा रातें, बीमा,




मेडिकल क्लेम फाइनेंस कंपनियों एवं बैंक, यातायात वाहन, आनलाइन खरीददारी सोच समझकर करनी चाहिए। किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी, मिलावट, अधिक मूल्य वसूली वा सेवा में कमी की स्थिति में उपभोक्ता आयोग में शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

ग्रामीणों को ई-जागृति पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया तथा ई-हियरिंग प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी गई। ई-जागृति एवं ई हियरिंग से उपभोक्ता पर बैठे ही डिजिटल माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं तथा सुनवाई में भी ऑनलाइन शामिल हो सकते हैं, जिससे समय और संसाधनों की बचत होती है।उपभोक्ता शिविर में उपस्थित ग्राम वासियो के द्वारा उपभोक्ता कानूनों तथा ई-फाइलिंग व ई-हियरिंग से संबंधित पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।शिविर में रेस्क्यू पर्सन के रूप में अधिवक्ता अनिमेष त्रिवेदी ने उपभोक्ता आयोग द्वारा जागरूकता शिविर की सराहना करते हुए उपभोक्ता संरक्षरण कानून का लाभ लेने की अपील की तथा सम्बंधित प्रक्रिया को सरल शब्दों में समझाया।

जागरूकता शिविर में आयोग के कर्मचारीगण दिनेश शर्मा, राजेश्वर इंग्ले, धीरज दुबे, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष शारिक खान, सचिव गणेश शंकर साहू, छत्तीसगढ़ राज्य विधिज्ञ परिषद के उपाध्यक्ष भास्कर प्रसाद साहू, सरपंच मंजुला ध्रुव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## एक नजर

### संविदा पदों पर भर्ती के लिए आवेदन 4 मई तक

**बलौदाबाजार, 21 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत विकासखंड परियोजना प्रबंधक, क्षेत्रीय समन्वयक एवं लेखापाल के एक -एक संविदा रिक्त पदों पर भर्ती हेतु वांछित अर्हताधारी एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन 4 मई 2026 सायं 5.00 बजे तक आमंत्रित किया गया है।
आवेदन पत्र मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत बलौदाबाजार, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के नाम से स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड पोस्ट के माध्यम से भेज सकते है। यह पद जिला पंचायत सारंगढ़-बिलाईगढ़ के लिये है। संविदा रिक्त पद पर चयन हेतु विस्तृत विज्ञापन, पदों की संख्या, निर्धारित शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य जानकारी तथा आवेदन का प्रारूप जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के वेबसाईट http-sÑ//balodabazar.gov.in एवं कार्यालय, जिला पंचायत बलौदाबाजार-भाटापारा के सूचना पटल का अवलोकन किया जा सकता है।

### टंकराम वर्मा ने पश्चिम बंगाल के चुनावी रण में किया प्रचार



**तिल्दा-नेवरा, 21 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आज पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के बालागढ़ विधानसभा क्षेत्र में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के 23 अप्रेल को होने वाले जनसभा के स्थल एवं हेलिपैड का निरीक्षण कर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा - निर्देश दिए। मंत्री टंक राम। वर्मा ने बताया कि इस बार टीएमसी का आतंक का खत्म होगा मंत्री वर्मा ने बताया कि बंगाल में बीजेपी के विकास ओर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के लिय उनके रोड शो में उमड़ता जनसमर्थ से स्पष्ट तय है।

### कैबिनेट मत्री टंकराम ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पैतृक निवास को जाकर देखा



**तिल्दा-नेवरा, 21 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पश्चिमी बंगाल में विधान सभा। चुनावो में हुगली (पश्चिम बंगाल)। हिस्सा लेने ओर बीजेपी को अत्यधिक मतों से चुनाव जीतने टंक राम वर्मा मंत्री छत्तीसगढ़ शासन आज हुगली जिला स्थित भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं भारतीय जनता पार्टी के पितृ पुरुष श्यामा प्रसाद मुखर्जी के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने हेतु आज हुगली जिला के ग्राम जिराट में उनके पैतृक निवास का दर्शन किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा भी उपस्थित रहे। मंत्री वर्मा ने डॉ. मुखर्जी के पैतृक घर का अवलोकन किया तथा उनके जीवन, विचारों और राष्ट्र निर्माण में दिए गए अमूल्य योगदान के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी का जीवन देशभक्ति, त्याग और समर्पण का अद्वितीय उदाहरण है, जो आज भी युवाओं और समाज के लिए प्रेरणास्रोत बना हुआ है।

# सामाजिक बंधुओं का विप्र गौरव अलंकरण से किया गया सम्मान

## भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर विप्र भवन केदारबाड़ी में हुआ आयोजन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 21 अप्रैल।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव एवं अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर ब्राह्मण समाज डोंगरगढ़ के द्वारा केदार बाड़ी स्थित विप्र भवन में दो दिवसीय भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ, जहां आयोजन के पहले दिन 18 अप्रैल को भवन में समाज की मातृशक्ति एवम बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताए रखी गई थी जिसमें रंगोली प्रतियोगिता, विभिन्न प्रकार के दौड़, पेंटिंग प्रतियोगिता आदि शामिल रहे।

वही 19 अप्रैल की सुबह समाज के बटुकों का उपनयन संस्कार सम्पन्न हुआ, जिसमें इस बार डोंगरगढ़ के साथ साथ ही डोंगरगांव के सामाजिक बंधु के बटुक भी शामिल हुए। समाज की मातृशक्ति के द्वारा विप्र भवन में सुंदर कांड का पाठ किया गया तो वही शाम को भगवान परशुराम की भव्य शोभा यात्रा बाइक रैली निकाली गई जिसमें इस बार भगवान परशुराम बग्गी पर सवार हो कर अपने भक्तों को दर्शन देने शहर में निकले थे, रैली के दौरान जय जय परशुराम के नारों से पूरा शहर भक्तिमय हो उठा। नगर के धार्मिक व सामाजसेवी संगठनों माँ बम्लेश्वरी देवी ट्रस्ट समिति, हनुमान भक्ति समिति मारुति नंदन भक्त समिति आदि ने शोभा यात्रा बाईक रैली का अलग अलग स्थानों पर जलपान से स्वागत किया।

यह शोभायात्रा बाइक रैली केदार बाड़ी स्थित विप्र भवन से शुरू होकर गोल बाजार, बुधवारी पारा, रेलवे चौक, जय स्तम्भ चौक से फिर गोल बाजार पहुंची जहां से भगतसिंह चौक होते हुए पुनः विप्र भवन में समाप्त हुई। शोभा यात्रा की समाप्ति के बाद विप्र समाज के द्वारा भगवान परशुराम की पूजा अर्चना कर आरती की गई। जिसके बाद विप्र भवन में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर विप्र समाज सहित पूरे शहर को गौरवान्वित करने वाले सामाजिक बंधुओं का सम्मान किया गया जिसमें शशिकांत द्विवेदी को सहकारिता के क्षेत्र में लगातार उनके सराहनीय कार्य के लिए, चंद प्रकाश मिश्रा को धर्म के क्षेत्र में लगातार उत्कृष्ट कार्य करने के लिए, शहीद संजय शर्मा के परिवार को देश सेवा में बलिदान के लिए, कौशल पांडे को देश सेवा के लिए, लाल द्विवेदी को शिक्षा के क्षेत्र में, कालिंदी तिवारी को शिक्षा के क्षेत्र में, संजय तिवारी को उच्च शिक्षा में योगदान के लिए, शिव प्रसाद तिवारी को शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए तथा आस्था गिरधर को अंडर 14 रोप स्किपिंग राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त करने पर, अमीषा दुबे को सीबीएसई की 10वीं बोर्ड की परीक्षा में 94.8त्न अंकों के साथ स्कूल में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर विप्र गौरव अलंकरण से सम्मानित किया गया।

इस आयोजन में ब्राह्मण समाज से सचिव ललित शर्मा, राजेन्द्र गर्ग, राजेन्द्र मिश्रा, युवराज शर्मा, अमिताप पाण्डेय, शशांक उपाध्याय, राहुल मिश्रा, कुलदीप पाण्डेय, जनक तिवारी, सतेन्द्र उपाध्याय, रमाकांत तिवारी, दिनेश दुबे, संजय भूषण मिश्रा, राम खिलावन दुबे, पुरूषोत्तम दुबे, टेना पाण्डेय, योगेन्द्र शर्मा, दीपक झा, राजेश तिवारी, सतीष मिश्रा, देवनारायण शुक्ला, अभिषेक तिवारी, अक्षत गर्ग, श्याम तिवारी, हेमंत तिवारी, सुनील दुबे, सुशील उपाध्याय, सुरज द्विवेदी, सुजीत पाठक, वासुदेव पाण्डेय, द्वारिका प्रसाद दुबे, विष्णु उपाध्याय, निरंजन शर्मा, ओम प्रकाश पाण्डेय, प्रमोद शुक्ला, राजा शर्मा, अमित पाण्डेय, रवि दुबे, उमेश तिवारी, आरती मिश्रा, स्मिता बाजपेई, शशि तिवारी, रिता तिवारी, माधुरी पंडा, आयुषी तिवारी सहित सभी सामाजिक बंधु एवं माताएं शामिल रही।

# भाजपा की आक्रोश रैली में बड़ी संख्या में महिलाएं हुई शामिल



■ भाजपा महिला मोर्चा तिल्दा शहर मंडल अध्यक्ष रानी सौरभ जैन के नेतृत्व में पहुंची महिला शक्ति

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 21 अप्रैल।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर प्रदेश की राजधानी रायपुर में आज भाजपा महिला मोर्चा द्वारा विशाल आक्रोश रैली का आयोजन किया गया। रैली में प्रदेशभर से हजारों महिलाओं ने भाग लिया और अपने विचार व आक्रोश व्यक्त किया। कार्यक्रम का आयोजन शहर के प्रमुख स्थल बड़ा तालाब इंदौर स्टेडियम में किया गया। यहां विभिन्न क्षेत्रों से आई महिलाओं ने एकजुट होकर अधिनियम को लेकर आवाज बुलंद की। रैली के दौरान महिलाओं ने नारेबाजी करते हुए सरकार से महिलाओं के सम्मान और अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। तिल्दा अंचल की नारी शक्ति भी बड़ी संख्या में इस रैली में सम्मिलित हुई। तिल्दा शहर मंडल अध्यक्ष मनोज निषाद व महिला मोर्चा अध्यक्ष एवं पार्षद रानी सौरभ जैन के नेतृत्व में तिल्दा से सैकड़ों महिलाएं रायपुर पहुंचीं और रैली में हिस्सा लिया।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मनोज निषाद ने कहा, नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के हितों से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है। इस पर सभी को गंभीरता से विचार करना होगा। भाजपा हमेशा महिला सशक्तिकरण के साथ खड़ी है। कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं को केवल वोट बैंक समझा है, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं को असली ताकत दी है। तिल्दा महिला मोर्चा अध्यक्ष रानी सौरभ जैन ने संबोधित करते हुए कहा, महिलाओं की भागीदारी और सशक्तिकरण के बिना समाज का समुचित विकास संभव नहीं है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर आज पूरे प्रदेश की महिलाएं एकजुट हुई हैं। तिल्दा की बहनें भी अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाने यहां आई हैं। हम अपने सम्मान और हक की लड़ाई लगातार लड़ते रहेंगे। वक्ताओं ने कहा कि महिलाओं की एकता और जागरूकता ही समाज को नई दिशा देगी। रैली में शामिल महिलाओं ने एक स्वर में कहा कि वे अपने अधिकारों और सम्मान के लिए लगातार संघर्ष करती रहेंगी। कार्यक्रम में महिला मोर्चा की पदाधिकारियों सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। रैली शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई, जिसमें महिलाओं की एकता और जागरूकता का संदेश स्पष्ट रूप से देखने को मिला।

# ऑनलाइन सट्टा खेलाते दो आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 21 अप्रैल।** तिल्दा नेवरा में आईपीएल क्रिकेट मैच के दौरान ऑनलाइन सट्टा खेलने वाले दो आरोपियों को थाना तिल्दा नेवरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ऑनलाइन गेमिंग ऐप के माध्यम से हार-जीत पर दांव लगाकर सट्टा खेल रहे थे

पुलिस ने आरोपियों से दो नग मोबाइल फोन अनुमानित कीमत 25, 000/- स्कूटी क्रमांक सी 04 पी एस 2636 अनुमानित कीमत 35, 000/- नगदी रकम 40, 166.29/- कुल कीमती लगभग 1, 00, 166/- जब्त की है। पूरा विवरण इस प्रकार बताया गया कि 18.04. 2026 को थाना तिल्दा नेवरा पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि आईपीएल मैच के दौरान वार्ड क्रमांक 05,



सिंधी कैंप, तिल्दा निवासी सोनू उर्फ हरीश नासानी अपने घर में ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से सट्टा खेल रहा है। सूचना के आधार पर थाना प्रभारी निरीक्षक रमाकांत तिवारी के नेतृत्व में उप निरीक्षक बिकास देशमुख के हमराह विभिन्न टीम गठित कर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर आरोपी को रंगे हाथ ऑनलाइन सट्टा खेलते हुए पकड़ा। उसके कब्जे से एक मोबाइल फोन जप्त किया गया।

इसी क्रम में विशाल बाजार के पीछे गली, तिल्दा में एक अन्य युवक द्वारा स्कूटी में बैठकर मोबाइल के माध्यम से ऑनलाइन सट्टा खेलने की सूचना मिली। पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर आरोपी अनीश बजाज को पकड़ा। उसके पास से एक मोबाइल फोन एवं उक्त स्कूटी जप्त की गई।

दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध थाना तिल्दा नेवरा में छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम, 2022 की धारा 7 के तहत पृथक-पृथक प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई है। उपरोक्त प्रकरण में संलिप्त अन्य संदेही के बिरुद्ध तकनीकी साक्ष्य संकलन की जा रही ! गिरफ्तार दोनों आरोपियों को न्यायालय आदेश पर जेल दाखिला करवाया गया आरोपियों से जप्त मोबाइल फोन का तकनीकी विश्लेषण किया जा रहा है।

आरोपियों के नाम सोनू उर्फ हरीश नासानी पिता गोपीचंद नासानी उम्र 33 साल पता वार्ड 5 सिंधी केम्प तिल्दा, थाना तिल्दा नेवरा जिला रायपुर अनीश बजाज पिता मनोज बजाज उम्र 25 साल पता वार्ड क्र0 16 सिंधी केम्प तिल्दा, थाना तिल्दा नेवरा जिला रायपुर है।

# सुशासन तिहार के क्रियान्वयन के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 21 अप्रैल।** जिले में सुशासन तिहार 2026 के सफल एवं सुचारू क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर जिले के प्रत्येक पंचायत के लिये नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। एक नोडल अधिकारी को दो ग्राम पंचायतों क़ी जिम्मेदारी दी गई है। नियुक्त नोडल अधिकारी सुशासन तिहार 2026 के दौरान समस्त ग्राम पंचायतों में निरंतर भ्रमण करेगें एवं योजनाओं के संतृप्तीकरण कार्यक्रम में सहभागिता करेगें।शिविर के दौरान नोडल अधिकारी शिविर में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेगें।


## Notice
## U/s. 72 of Indian Partnership Act, 1932

*Be it known to all that partnership firm* ***M\s. STANDARD GARMENTS, at Shop no. 91 & 92m Opposite MM Collection, Surana Paradise, Behind City Center Mall, Pandri, Raipur, (Chhattisgarh)*** *Instead of* ***H-103, Behind L.I.C. Building, Indira Gandhi Vyavsayik Parisar, Pandri, (Chhattisgarh)****, has undergone changes by which* ***Shri Satish Kumar Bhagwani slo. Late Shri Sudhamchand Bhagwani retired and Shri Jaiprakash Bhagwani s\o. Late Shri Sudhamchand Bhagwani admitted as new Partner in above named Partnership Firm*** *by deed of Partnership executed on* ***1st day of April 2026.***

**Hardeep Bhagwani**
**PARTNER**



## Municipal Corporation Raipur
**e-Procurement Tender Notice**
**Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**

**NIT NO 04/PWD/Zone-1/2026** **RAIPUR DATED: 18/04/2026**

Online bids are invited for the following works of works upto 06/05/2026 at 17:30 hours.

| S.No | System Tender No. | Name of work/ Description of work | Probable Amount of contract (In Rupees) | Invite |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 189262 | बाल गंगाधर तिलक वार्ड क्रमांक 18 अंतर्गत शंकराचार्य स्कूल के पीछे गली में व जनता कालोनी राशन दुकान के पास पाई लाईन विस्तार कार्य | 1081000.00 | द्वितीय निविदा आमंत्रण |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in on **18/04/2026, 17.30 Hours.** (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

**NOTE:-**
1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. Help Desk at Toll Free No. 18004199140 or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in
3. For More Details please download NIT details.

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

**ZONE COMMISSIONER**
**ZONE NO-1**
**MUNICIPAL CORPORATION**
**RAIPUR (C.G.)**


## महापौर ने परिषद की बैठक में बढ़ हुए संपत्तिकर पर पुनर्विचार किया

# खुली भूमि व आवासीय पर 10, व्यवसायिक औद्योगिक संपत्ति पर 20% वृद्धि का निर्णय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 21 अप्रैल।** कलेक्टर गाईड लाईन अनुसार सम्पत्ति करो की दरो में संशोधन प्रति वर्ष किया जाना है। किन्तु पिछले 09 वर्षो में किसी भी प्रकार का संशोधन नही किया गया है। इस वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए सम्पत्तिकर निर्धारण हेतु शासन द्वारा निर्धारित मापदण्ड तथा प्रचलित कलेक्टर गाईड लाईन के अनुसार ए.आर.व्ही. (वार्षिक भाडा मूल्य) दर का निर्धारण किया गया था, जिसे नियमानुसार सामान्य सभा से उक्त दरो की स्वीकृति पश्चात अप्रैल माह से 2026-27 के सम्पत्तिकर लिया जा रहा है।

प्रचलित कलेक्टर गाईड लाईन अनुसार दरो में संशोधन से सम्पत्तिकर की दरो में वृद्धि हुई साथ ही पूर्व वर्षो में सम्पत्ति कर की गणना प्रक्रिया तथा शासन द्वारा निर्धारित मापदण्ड अनुसार सम्पत्तिकर की गणना प्रक्रिया के कारण वर्तमान वर्ष के सम्पत्तिकर में अप्रत्याशित वृद्धि हुई। चुकि वर्षो से सम्पत्तिकर में वृद्धि नही की गयी थी और इस वर्ष नियमो के तहत तथा कलेक्टर गाईड लाईन अनुसार दर निर्धारित करने पर सम्पत्तिकर में



लगभग सभी वार्डो में अप्रत्यासित वृद्धि हुई। जिससे जनसामान्य पर सम्पत्तिकर वृद्धि का आर्थिक बोझ पड़ा। जिसका परिणाम यह हुआ कि कुछ क्षेत्रों में सम्पत्तिकर दुगुना तथा कही कही दुगुना से ज्यादा वृद्धि हो गयी। जिसका जनसामान्य पर आर्थिक बोझ बढ़ गया।

महापौर मधुसूदन यादव से बढ़ी दर के आधार पर इस वर्ष जिन लोगो के सम्पत्तिकर में डबल से ज्यादा वृद्धि हुई उन लोगो जानकारी दी। संज्ञान में उक्त विषय आने पर महापौर यादव ने आज महापौर परिषद की बैठक आहुत कर जनसामान्य को अतिरिक्त आर्थिक बोझ से मुक्त करने एवं निकाय की आार्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने को ध्यान में रखते हुऐ, पुर्नविचार कर सम्पत्तिकर के दर में संशोधन किया।

पूर्व वित्तीय वर्ष 2025-26 के दरो में निम्नानुसार संशोधन कर वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु लिये जाने वाले सम्पत्तिकर का सुधार करने का निर्देशित किया है। जिसके आधार पर वित्तीय वर्ष 2026-27 में खुली भूमि एवं आवासीय सम्पत्ति पर दर 10 प्रतिशत की वृद्धि किये जाने का निर्णय लिया गया। इसी प्रकार पर व्यवसायिक/औद्योगिक सम्पत्ति पर सम्पत्तिकर 20 प्रतिशत की वृद्धि किये जाने का निर्णय लिया गया। अर्थात यदि किसी आवासीय सम्पत्ति पर वित्तीय वर्ष 2025-26 में सम्पत्तिकर 2 हजार रूपये लग रहा है जो नई बढ़ी दर से कई क्षेत्रों में 4 हजार से 5 हजार हो रहा था उसे कम कर 10 प्रतिशत के आधार पर इस वित्तीय वर्ष 2026-27 में सम्पत्तिकर 2 हजार में 2 सौ रूपये वृद्धि कर 2 हजार 2 सौ रूपये लिया जावेगा। इस प्रकार 3 हजार रूपये कम करने का प्रयास किया गया।

इसी प्रकार खुली भूमि में वित्तीय वर्ष 2025-26 में सम्पत्तिकर 1 हजार रूपये लग रहा है तो उसे इस वित्तीय वर्ष 2026-27 में सम्पत्तिकर 1 हजार 1 सौ रूपये लगेगा एवं व्यवसायिक/औधोगिक सम्पत्ति वित्तीय वर्ष 2025-26 में सम्पत्तिकर 30 हजार रूपये लग रहा है तो उसे इस वित्तीय वर्ष 2026-27 में सम्पत्तिकर 30 हजार 6 सौ रूपये लगेगा। इस प्रकार महापौर ने पुर्नविचार कर इस वित्तीय वर्ष 2026-27 के सम्पत्तिकर में 10 प्रतिशत एवं 20 प्रतिशत दर में वृद्धि कर भार को कम करने का प्रयास किया है।

# अतिक्रमण पर रोक लगाने सरकार के निर्देश



**रायपुर, 21 अप्रैल।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने आज नगर पंचायतों के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने शहरों में बेतरतीब निर्माण, अवैध प्लाटिंग और अतिक्रमण पर सख्ती से रोक लगाने सभी सीएमओ को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नई सोच और नई कार्यपद्धति से शहर तथा शहरवासियों के कल्याण के लिए काम करें। साव ने नगर पंचायतों के कार्यों और व्यवस्थाओं में कसावट लाने के निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा कि काम में लापरवाही और कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा जवाबदेही तय कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सुव्यवस्थित व सुनियोजित कार्यों से शहर और सरकार की प्रतिष्ठा बढ़ाएं। शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के साथ शहरवासियों के लिए पर्याप्त जन सुविधाएं विकसित करें। नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस. और संचालक आर. एक्का भी समीक्षा बैठक में मौजूद थे।

# कांग्रेस महिला आरक्षण के खिलाफ नहीं है, आपत्ति परिसीमन बिल को लेकर है. जिस पर मोदी सरकार की नीयत साफ नहीं : रंजीत रंजन



**रायपुर, 21 अप्रैल।** महिला आरक्षण बिल को लेकर देश में राजनीतिक सरगर्मी एक बार फिर बढ़ गई है। कांग्रेस की राज्यसभा सांसद रंजीत रंजन ने रायपुर स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि महिला आरक्षण के मुद्दे पर केंद्र सरकार की मंशा साफ नहीं है।

**परिसीमन पर आपत्ति:** रंजीत रंजन ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस महिला आरक्षण के खिलाफनहीं है, बल्कि उनकी मुख्य आपत्ति परिसीमन की शर्त को लेकर है। सांसद ने मांग की कि 2023 में पारित महिला आरक्षण को लोकसभा की सभी 543 सीटों पर बिना किसी देरी के तत्काल प्रभाव से लागू किया जाना चाहिए।

### बीजेपी का रवैया महिला विरोधी

रायपुर में सोमवार को बीजेपी द्वारा निकाली गई 'जनाक्रोश रैली' (जिसमें मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शामिल हुए थे) को रंजीत रंजन ने 'छलावा' करार दिया। उन्होंने कहा कि बीजेपी महिलाओं को गुमराह कर रही है और उसका रवैया महिला विरोधी है। कांग्रेस सांसद रंजीत रंजन का कहना है कि सरकार को आरक्षण लागू करने के लिए जनगणना और परिसीमन जैसे तकनीकी पेंचों में इसे उलझाने के बजाय सीधे तौर पर लागू करना चाहिए। फिलहाल, इस मुद्दे पर छत्तीसगढ़ सहित देशभर में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जुबानी जंग जारी है।

उन्होंने केंद्र सरकार को घेरते हुए पूछा कि बिना जनगणना के परिसीमन कैसे संभव है? उन्होंने तर्क दिया कि पहले जनगणना होनी चाहिए और उसके बाद ही परिसीमन विधेयक लाया जाना चाहिए।

### टंकी तो बन गई पर पानी नहीं

**रायपुर, 21 अप्रैल।** जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आशीष वर्मा ने छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार और क्षेत्रीय विधायक अनुज शर्मा पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि धरसीवा जनपद पंचायत के भुरकुनी गांव में जल जीवन मिशन के तहत बनाई गई पानी की टंकी वर्ष 2021-22 से कांग्रेस सरकार में तैयार हो चुकी है, लेकिन आज 2026 तक उसे चालू नहीं किया गया है। उन्होंने कहा, जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइपलाइन बिछाने, घरेलू कनेक्शन देने और उच्च स्तरीय 50 हजार लीटर क्षमता वाले जलाशय (टंकी) के निर्माण का कार्य चंद्रकिरण इंफ्रास्ट्रक्चर को मात्र 6 माह में पूरा करना था। लेकिन डबल इंजन की भाजपा सरकार ने आज तक इसे पूरा नहीं किया। ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल की मूलभूत सुविधा से वंचित रखा जा रहा है। श्री बंजारे ने आगे कहा कि भाजपा सरकार ने सभी विकास योजनाओं का पैसा महतारी वंदन योजना में लगा दिया है, जिससे गांवों में पानी, सड़क, बिजली जैसी जरूरी सुविधाएं ठप पड़ी हैं।

### सरकार का रवैया तानाशाही वाला : कांग्रेस

**रायपुर, 21 अप्रैल।** सरकार आयुष्मान योजना के तहत अस्पतालों का भुगतान नहीं कर रही है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि 1585 करोड़ रू. का भुगतान अभी निजी अस्पतालों का लंबित है। अस्पतालों के खर्चे है दवाई का खर्चा है, स्टाफका खर्चा है, मेंटेनेंस का खर्चा है, बिजली का खर्चा है। उसके बाद इन्होंने मुफ्त इलाज किया अब उनका पैसा नहीं देंगे, तो स्वाभाविक है कि अस्पताल वाले सरकार से भुगतान के लिए मांग करने पत्राचार करेंगे विरोध करेंगे, इलाज का पैसा मांगने पर आयुष्मान योजना से बाहर कर दिया गया कि आप पैसा मांग रहे है यह तो अत्याचार है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि सिर्फआयुष्मान योजना में नहीं सरकार ने निजी स्कूलों को धमकाया है कि आरटीई में एडमिशन नहीं देंगे और मान्यता रद्द कर देंगे, उनका पैसा तो बढ़ाए 2011-2014 में जो रेट फिक्स किया था 2026 में उसी फीस में पढ़वाना चाहते है। यह सरकार धमकी देने में उतर आयी है इनका अपना प्रबंधन और वित्तीय प्रबंधन फेल हो चुका है और प्रशासनिक प्रबंधन फेल हो चुका है।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री से आईओसीएल सीजीएम की मुलाकात



**रायपुर, 21 अप्रैल।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में इंडियन आयल कार्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) छत्तीसगढ़ एवं मध्य प्रदेश के मुख्य महाप्रबंधक (सीजीएम) अजय कुमार श्रीवास्तव ने सौजन्य मुलाकात की। मुलाकात के दौरान राज्य में पेट्रोलियम क्षेत्र के विस्तार, ईंधन आपूर्ति की सुदृढ़ व्यवस्था तथा जनसुविधाओं को और अधिक सुलभ बनाने जैसे विषयों पर चर्चा हुई।इस अवसर पर आईओसीएल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

### रमन सिंह से प्रो हरिंद्र मोहन शुक्ला ने की सौजन्य मुलाकात



**रायपुर, 21 अप्रैल।** प्रो हरिंद्र मोहन शुक्ला ने शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष एवं सम्मानित सदस्यों के साथ आज छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह से सौजन्य मुलाकात की। प्रो हरिंद्र मोहन शुक्ला ने एक जानकारी में बताया कि डॉ रमन सिंह से महाविद्यालय के विभिन्न विषयों पर सार्थक विचार विमर्श हुआ। प्रो शुक्ला ने विधानसभा अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया।

### कमोडोर अजय बिसेन ने राज्यपाल से मुलाकात की



**रायपुर, 21 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के माटी पुत्र कमोडोर अजय सिंह बिसेन (रिटायर्ड) ने छत्तीसगढ़ के राज्य सैनिक बोर्ड के डायरेक्टर का पदभार ग्रहण उपरांत कमोडोर अजय बिसेन ने राज्यपाल रमेन डेका से मुलाकात की। इससे पहले कमोडोर अजय सिंह बिसेन ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह से मुलाक़ात कर राज्य सैनिक कल्याण बोर्ड के विभिन्न योजनाओं से अवगत कराया था। राजधानी निवासी कमोडोर अजय बिसेन ने इंडियन नेवी में विभिन्न पदों पर 35 साल सेवाएं दी है।अजय बिसेन ने नेवल डॉकयार्ड, मुंबई में जनरल मैनेजर, नेवल प्रोजेक्ट्स मुंबई में डिप्टी डायरेक्टर जनरल, नेवल क्वालिटी एश्योरेंस, नई दिल्ली में डिप्टी डायरेक्टर जनरल, अंडरवाटर रेंजेस के डायरेक्टर के अलावा कमांड और नेवल हेडक्वार्टर में सीनियर स्टाफके रूप में अपनी सेवाएं दीं है।

### निधन

#### उदित सिंह ठाकुर



**रायपुर, 21 अप्रैल।** रायपुर झांकी वाले उदित सिंह ठाकुर (सोनू ) का आकिस्मक निधन हो गया है। अंतिम संस्कार महादेव घाट मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. कन्हैया सिंह के ज्येष्ठ पुत्र, सिद्धान्त सिंह, समृद्ध सिंह के पिता व युवराज सिंह( बाबूल) के बडे भ्राता थे।

# बॉयफ्रेंड के घर संदिग्ध अवस्था में मिली गर्लफ्रेंड की लाश

## लड़की के परिजनों ने प्रेमी पर लगाया हत्या का आरोप

**रायपुर, 21 अप्रैल।** राजधानी में 19 साल की एक युवती ने अपने प्रेमी के घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। उसकी लाश कमरे में दुपट्टे के सहारे फांसी पर लटकी हुई मिली। परिजनों और आसपास के लोगों ने दरवाजा खोलकर युवती को नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। वहीं, युवती के परिजनों का आरोपी है कि महफूज खान कविता पर शादी का दबाव बनाता था और मारपीट करता था। उन्होंने बॉयफ्रेंड पर हत्या का आरोप लगाया है और जांच की मांग की है। घटना की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस ने युवती के प्रेमी के खिलाफ दुष्प्रेरण का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पूरा मामला राजधानी के टिकरापारा थाना क्षेत्र का है। मृतिका की पहचान गुढ़ियारी क्षेत्र की कविता दास के रूप में हुई है। वह संतोषी नगर गार्डन के पास प्रेमी के मकान में रह रही थी। 19 अप्रैल की रात करीब 2:30 बजे वह अपने कमरे में सोने गई थी। सुबह करीब 10:30 बजे जब वह कमरे से बाहर नहीं आई तो घर के लोगों ने दरवाजा खटखटाया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद खिड़की से झांककर देखने पर युवती दुपट्टे के सहारे फांसी पर लटकी हुई नजर आई। परिजनों और आसपास के लोगों ने दरवाजा खोलकर युवती को नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद मर्ग कायम कर जांच शुरू की गई।

### परिजनों का आरोप शादी के लिए बना रहा था दबाव

युवती के परिजनों का कहना है कि महफूज खान कविता पर शादी के लिए दबाव बना रहा था और आए दिन उसके साथ मारपीट करता था। उनका यह भी दावा है कि आरोपी कई बार इंस्टाग्राम पर लाइव आकर युवती के साथ मारपीट करता था, जिससे वह मानसिक रूप से काफी परेशान थी। उन्होंने इसे आत्महत्या नहीं, बल्कि हत्या करार देते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है। मामले में आरोपी महफूज खान के खिलाफभारतीय न्याय संहिता की धारा 108 के तहत दुष्प्रेरण का अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच जारी है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है। आरोपी के खिलाफसाक्ष्यों के आधार पर कानूनी प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर की आरती



**रायपुर, 21 अप्रैल।** वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन एवं सर्व युवा ब्राह्मण परिषद द्वारा भगवान विष्णु नारायण के षष्ठम अवतार भगवान परशुराम के अवतरण दिवस पर प्रोफेसर कॉलोनी स्थित प्रदेश कार्यालय में संगठन के पदाधिकारियों ने विधि-विधान से उनकी पूजा-अर्चना, आरती कर समाज के कल्याण की कामना सहित पुण्य लाभ आर्जित किया. कार्यक्रम में राष्ट्रीय महासचिव सुरेश मिश्रा, प्रदेश अध्यक्ष अरविंद ओझा, प्रदेश महासचिव डॉ. सुनील कुमार ओझा, संभागीय अध्यक्ष नितिन कुमार झा, युवा अध्यक्ष अविनय दुबे, महिला अध्यक्ष नमिता शर्मा, महासचिव सुमन मिश्रा, बिन्दु ओझा, विद्या भट्ट, वीणा मिश्रा, कल्पना मिश्रा, छाया दुबे, रवि शर्मा, उमेश शर्मा, विष्णु ओझा, राकेश पाण्डेय, ऋषभ पाण्डेय एवं पुरोहित महेन्द्र शुक्ला आदि संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे. संध्या आजाद चौक में वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन द्वारा युवा विंग अध्यक्ष अविनय दुबे के नेतृत्व में सेव-बूंदी का वितरण किया गया जिसमें पूर्व महापौर प्रमोद दुबे एवं संगठन के पदाधिकारी सहित काफी संख्या में विप्रजनों ने अपनी सेवायें दीं.

# प्राचीन सोमनाथ ज्योतिर्लिंग दर्शन कार्यक्रम

**रायपुर, 21 अप्रैल।** आर्ट ऑफ लिविंग छत्तीसगढ़ के द्वारा 20 अप्रैल से 30 अप्रैल तक प्राचीन सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के सामूहिक जनदर्शन हेतु विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन राज्य के विभिन्न शहरों जिनमें मुख्य रूप से बस्तर, रायपुर, अंबिकापुर, दुर्ग, बलौदाबाजार, जांजगीर-चांपा, बिलासपुर, कोरबा, भिलाई एवं राजनांदगांव में संपन्न होगा।

यह आयोजन आर्ट ऑफलिविंग द्वारा किया जा रहा है। ज्ञात हो कि विगत वर्ष पूज्य गुरुदेव श्री रविशंकर ने सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के खंडों की पुनर्स्थापना का दायित्व ग्रहण किया था। इसके पश्चात देशभर में सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के सामूहिक दर्शन कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। इस आयोजन के माध्यम से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त करने तथा प्राचीन भारतीय परंपराओं से जुड़ने का



विशेष अवसर मिलेगा।यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ वासियों के लिए पूर्णतः निःशुल्क रखा गया है, जिससे अधिक से अधिक श्रद्धालु इस पावन अवसर का लाभ उठा सकें।

### नि:शुल्क सामूहिक कन्या विवाह समारोह

**रायपुर, 21 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन द्वारा आयोजित नि:शुल्क सामूहिक कन्या विवाह समारोह इस वर्ष पुनः भव्य रूप में आयोजित किया जा रहा है। संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल एवं प्रांतीय महामंत्री संजय अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत वर्ष की अभूतपूर्व सफलता के बाद इस वर्ष भी 51 जोड़ों का विवाह धूमधाम से संपन्न कराया जाएगा। यह आयोजन मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के मुख्य आतिथ्य में संपन्न होगा। निमंत्रण दें गए प्रतिनिधि मंडल को आप दोनों ने अपनी आने की सहर्ष सहमति प्रदान की है। इस अवसर पर सियाराम अग्रवाल, गौरीशंकर अग्रवाल पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, राजेश अग्रवाल मंत्री छत्तीसगढ़ शासन, संपत अग्रवाल विधायक, सत्यनारायण शर्मा पूर्व मंत्री, मोतीलाल साहू विधायक, जयदेव सिंघल महेंद्र सेक्सरिया, राजीव अग्रवाल सीएसआईडीसी के अध्यक्ष, बृजलाल गोयल सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। संस्था को इन सब की कार्यक्रम में आने की सहमति प्राप्त हो चुकी है।

# नेशनल कोआर्डीनेटर के रूप में मधु अरोरा का सम्मान



**रायपुर, 21 अप्रैल।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) महिला विंग के प्रदेश अध्यक्ष मधु अरोरा, महिला प्रदेश महामंत्री पिंकी अग्रवाल एवं महिला प्रदेश कोषाध्यक्ष प्रेरणा भट्ट प्रदेश उपाध्यक्ष पल्लवी मनोदेव गौडा ने बताया कि कैट के राष्ट्रीय टीम ने कैट के महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष मधु अरोरा को नेशनल को-ऑर्डिनेटर के रूप में सम्मानित किया गया। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) महिला विंग के प्रदेश अध्यक्ष मधु अरोरा ने बताया कि दिनांक 17 एवं 18 अप्रैल 2026 को नई दिल्ली स्थित हिंदी भवन में राष्ट्रीय महिला विंग का दो दिवसीय कार्यक्रम कैट ने राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.सी. भारतिया एवं कैट के राष्ट्रीय महासचिव एवं चांदनी चौक नई दिल्ली के सांसद प्रवीण खंडेलवाल के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। दिल्ली की मुख्यमंत्री माननीया रेखा गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष ऊर्जा प्रदान की। उन्होंने महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर भी महत्वपूर्ण विचार साझा किए। देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए वक्ताओं ने महिलाओं के उत्साह, सहभागिता एवं सशक्तिकरण पर अपने प्रेरणादायक विचार प्रस्तुत किए।

# हजारों की संख्या में महिलाएं आक्रोश रैली में हुई शामिल

**रायपुर, 21 अप्रैल।** राजधानी रायपुर में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन एवं महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से आयोजित भव्य महिला आक्रोश रैली में अभूतपूर्व जनसैलाब उमड़ पड़ा इस रैली में मा मुख्यमंत्री बिषणुदेव शांय केंद्रीय मंत्री तोखन साहू उपमुख्यमंत्री अरुण सांव भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह सहित प्रदेश के मंत्री सांसद विधायक सहित भारी संख्या में महिलायें शामिल हुईं।

इस कार्यक्रम में बेमेतरा जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने बताया कि बेमेतरा जिले से हजारों की संख्या में महिलाओं को साथ लेकर सहभागिता की। पंचायत स्तर से लेकर जिला स्तर तक महिलाओं की बड़ी उपस्थिति ने इस रैली को एक जनआंदोलन का रूप दे दिया प्रदेश के विभिन्न जिलों से आई हजारों-हजार महिलाओं ने एकजुट होकर नारी




सम्मान, अधिकार, समान भागीदारी और सशक्त नेतृत्व के समर्थन में अपनी आवाज बुलंद की। रैली का वातावरण उत्साह, ऊर्जा और आत्मविश्वास से भरा हुआ था। महिलाओं ने हाथों में तख्तियां, बैनर एवं नारों के माध्यम से यह संदेश दिया कि अब नारी शक्ति अपने अधिकारों के प्रति पूर्ण रूप से जागरूक है और देश की निर्णय प्रक्रिया में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी एवं भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी रैली में शामिल हुए।

# भगवान परशुराम की मूर्ति का अनावरण

**रायपुर, 21 अप्रैल।** नगर बेरला में ब्राह्मण समाज के आराध्य देव भगवान परशुराम के जन्मोत्सव एवं नवीन मूर्ति की भव्य महाआरती आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर भाजपा किसान नेता एवं सर्व हिंदू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी शामिल हुए और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान परशुराम का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान धार्मिक वातावरण में मूर्ति अनावरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु, समाजजन एवं नगरवासी उपस्थित रहे। भजन-कीर्तन, पूजा-अर्चना एवं आरती से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। योगेश तिवारी ने भी श्रद्धापूर्वक आरती में भाग लेकर भगवान परशुराम के चरणों में नमन किया। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए योगेश तिवारी ने कहा कि भगवान परशुराम त्याग, तपस्या, धर्म रक्षा और न्याय के प्रतीक हैं। उनका जीवन हमें अन्याय के विरुद्ध खड़े होने, सत्य के मार्ग पर चलने और समाज की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम केवल एक देवता ही नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति के महान प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने आगे कहा कि भगवान परशुराम भगवान विष्णु के छठे अवतार माने जाते हैं, जिन्होंने अधर्म और अन्याय के खिलाफ संघर्ष कर धर्म की स्थापना का कार्य किया।

**बयानबाजी** — महिला आरक्षण बिल तो 2023 में पास हो चुका है, भाजपा ने महिला आरक्षण के नाम पर कर रही है राजनीति

# मोदी सरकार ने अपनी विफलता से ध्यान हटाने महिला आरक्षण का मुद्दा उठाया : बघेल

**रायपुर, 21 अप्रैल।** पूर्व मुख्यमंत्री, राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि जनहित के मुद्दों तथा सरकार की विफलता से ध्यान हटाने भाजपा ने महिला आरक्षण के नाम पर राजनीति कर रही है। सिलेंडर की कमी, पेट्रोल, डीजल, खाद-बीज की कमी, खाद्य पदार्थों के दाम, बढ़ती महंगाई, एपस्टीन फाईल जैसे मुद्दों के कारण मोदी सरकार की साख गिर चुकी है। इसीलिए ये जनता का मूल समस्याओं से ध्यान हटाना चाह रहे।

पूर्व मुख्यमंत्री, राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल ने कहा कि महिला आरक्षण बिल (नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023) 128 वां संविधान संशोधन सितंबर 2023 में संसद के दोनों सदनों में पारित हो चुका है तथा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इस पर हस्ताक्षर कर चुकी है तथा यह कानून भी बन चुकी है। भाजपा 2023 के आरक्षण बिल को क्यों लागू नहीं कर रही है? इस बिल के आधार पर तुरंत आरक्षण प्रभावी हो सकता है। भाजपा ने 16 अप्रैल 2026 को जो विधेयक संसद में प्रस्तुत किया 131 वां संविधान संशोधन अधिनियम इसमें महिला आरक्षण के संदर्भ में नहीं भाजपा महिला आरक्षण को मुखौटा बनाकर परिसीमन संशोधन बिल तथा केंद्र शासित प्रदेश कानून संशोधन बिल को पास करवाना चाहती थी।



पूर्व मुख्यमंत्री, राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल ने कहा कि महिला आरक्षण बिल को यदि तुरंत लागू करना है तो परिसीमन का इंतजार किए बिना वर्तमान सदस्य संख्या में ही 33 प्रतिशत का आरक्षण क्यों नहीं देना चाहती सरकार? कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दल इसके लिए तैयार है।

पूर्व मुख्यमंत्री, राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल ने कहा कि भाजपा जो परिसीमन चाहती है उसमें छत्तीसगढ़ सहित छोटे राज्य जिनकी वर्तमान सदस्य संख्या कम है उनको नुकसान उठाना पड़ेगा। भाजपा अपनी राजनीतिक फायदे के हिसाब से परिसीमन चाह रही है।

पूर्व मुख्यमंत्री, राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल ने कहा कि सरकार 2023 के महिला आरक्षण बिल नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन कर महिला आरक्षण को तुरंत लागू कर सकती थी उसने ऐसा क्यों नहीं किया? जबकि नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 जो कानून बन चुका है 2034 से मूर्त रूप लेगा संशोधन से तुरंत लागू हो जाता। भाजपा की मंशा महिला आरक्षण की नहीं अपने मनमुताबिक सीटों के परिसीमन की थी जो विपक्षी दलों की एकजुटता से पूरा नहीं हो चुका।

पूर्व मुख्यमंत्री, राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल ने कहा कि पंचायतों एवं स्थानीय निकायों में महिलाओं को आरक्षण मिल रहा तो यह भी कांग्रेस की नीतियों से संभव हो पाया। सबसे पहले राजीव गांधी ने 1989 के मई महीने में पंचायतों और नगरपालिकाओं में महिलाओं के एक तिहाई आरक्षण के लिए संविधान संशोधन विधेयक पेश किया। वह विधेयक लोकसभा में पारित हो गया था लेकिन सितंबर 1989 में राज्यसभा में पास नहीं हो सका। अप्रैल 1993 में तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव ने पंचायतों और नगरपालिकाओं में महिलाओं के एक तिहाई आरक्षण के लिए संविधान संशोधन विधेयक को फिर से पेश किया। दोनों विधेयक पारित हुए और कानून बन गए। महिलाओं के लिए संसद और राज्यों की विधानसभाओं में एक तिहाई आरक्षण के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह संविधान संशोधन विधेयक लाए। विधेयक 9 मार्च 2010 को राज्यसभा में पारित हुआ। कांग्रेस की सरकारों के प्रयास से ही आज देशभर में पंचायतों और नगरपालिकाओं में 15 लाख से अधिक निर्वाचित महिला प्रतिनिधि हैं। सीटों के परिसीमन का भाजपा का षड़यंत्र विफल हो गया है, अतः वह महिला आरक्षण के नाम पर पूरे देश में भ्रम फैला रही है।

### आपातकाल योद्धा विजय स्तंभ बनाए जाने पर कार्रवाई शुरू की

**रायपुर, 21 अप्रैल।** लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर मांग की थी कि आपातकाल के तानाशाही शासन के कालखंड को कभी विस्मृत न होने दिया जाए। उस कालखंड में एक वैचारिक आंदोलन के तहत इक्कीस माह तक जेल की यातनाएं सहने वाले योद्धाओं के कारण ही लोकतंत्र बहाल हो सका। साथ ही, उपासने ने कहा कि 21 मार्च 1977 की तारीख को इतिहास के पन्नों में 'लोकतंत्र विजय दिवस' के रूप में हमेशा याद किया जाए। इस दिन देश के मतदाताओं ने भय और आतंक के साए में हुए लोकसभा चुनावों में अपने एक वोट की ताकत से तानाशाही राज समाप्त कर लोकतंत्र को पुनः स्थापित किया था। इस हेतु उपासने ने प्रदेश सरकार को सुझाव दिया है कि जिला केंद्रों पर आपातकाल योद्धाओं की स्मृति में तथा 21 मार्च की स्मृति में 'विजय स्तंभ' बनाए जाएं। इन स्तंभों पर संबंधित जिले के आपातकाल योद्धाओं के नाम, फोटो एवं परिचय सहित अंकित किया जाए।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26